kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-73 ❐ सोमवार, 14 अप्रैल 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



महाराजा विक्रमादित्य ने अपने शासन काल में कला संस्कृति, साहित्य और विज्ञान के विकास को संरक्षण और संवर्धन के साथ जो मूल्य स्थापित किए, कालान्तर में वे ही भारत की सांस्कृतिक आदर्श एवं पहचान बने। हमारी संस्कृति एक मिसाल है कि भारतीय जीवन मूल्यों के साथ जीवन कितना सहज और सरल हो सकता है। जगदीप धनखड़

अपने वोटों को साधने के लिए ममता सरकार ने बंगाल को जलने के लिए छोड़ाः शेखावत 11

बाजवा के 'पंजाब में 50 बम' बयान पर मान की चुनौती 12

# वक्फ के नाम पर भड़काई जा रही हिंसा : योगी

## मुर्शिदाबाद में तीन हिंदुओं की घर से खींचकर की गई हत्या

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश व राज्य में वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीन कब्जा की गई है। उनके पास कागज या राजस्व रिकॉर्ड नहीं है, इसलिए संसद में संशोधन विधेयक पारित हुआ। अब कार्रवाई हो रही है तो हिंसा भड़काई जा रही है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में कल तीन हिंदुओं की घर से खींचकर हत्या की गई। यह सभी दलित, गरीब व वंचित हिंदू हैं, जिन्हें इस जमीन का सर्वाधिक लाभ मिलने वाला है। यह लैंड राजस्व के रिकॉर्ड में फिर से आएगी तो गरीब भी मल्टीस्टोरी बिल्डिंग का लाभ उठा पाएगा। वहां सरकार अच्छे फ्लैट बनाकर उसे उपलब्ध कराएगी। इन्हें (विपक्षी दलों) भय है कि ऐसा हुआ तो इनका वोटबैंक और गुमराह करने की राजनीति हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत रविवार को भागीदारी भवन में आयोजित कार्यशाला में अपने विचार रखे। बांग्लादेश की घटना को लेकर राज्यसभा सांसद, एससी-एसटी आयोग के पूर्व अध्यक्ष व यूपी के पूर्व डीजीपी ब्रजलाल की तीन वर्ष पहले लिखी पुस्तक का जिक्र करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि उनकी पुस्तक को अवश्य पढ़ें। यह पुस्तक आजादी के समय के दो दलित महायोद्धाओं की चर्चा करते हुए उनके तुलनात्मक अध्ययन पर आधारित है। एक तरफ बाबा साहेब ने कहा था कि मेरा आदि और अंत भी भारतीय के रूप में रहेगा। मैं अपनी पहचान इसी रूप में बनाए रखना चाहता हूं। ● शेष पेज 11 पर



❐ मुख्यमंत्री ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान समारोह के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में की शिरकत

❐ महापुरुषों का अपमान उसी श्रृंखला का हिस्सा है, जो कांग्रेस व सपा का डीएनए अब तक करता रहा हैः योगी

❐ बांग्लादेश में जिन हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, वह दलित हैं, मंडल के कृत्यों की सजा आज भी बांग्लादेश में भुगत रहा हिंदूः सीएम

❐ तीन वर्ष पहले हम सरदार पटेल के जन्मदिन पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम से जुड़े थे तो सपा मुखिया भारत के तोड़क जिन्ना का महिमामंडन कर रहे थे

### लोकसभा चुनाव में जनता के सामने फैलाया मायाजाल

सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रकरण को याद किया और कहा कि चुनाव के समय यह लोग भारत का संविधान लगी फर्जी पुस्तिका प्रिंट कराते हैं और जगह-जगह जाकर जनता के सामने मायाजाल फैलाते हैं। किसी से छिपा नहीं है कि उस समय इन लोगों ने कैसी-कैसी बातें कहीं।

### बाबा साहेब का अपमान करने वाले लोग कौन थे

सीएम ने कहाकि बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करने वाले लोग कौन थे। 1952 में बाबा साहेब को चुनाव हरवाया गया। 1954 उपचुनाव में बाबा साहेब के निजी सहायक को उनके खिलाफ लड़ाया। उस समय पीएम नेहरू ने बाबा साहेब के खिलाफ प्रचार किया और उन्हें परास्त करवाया। अंततः हिंदू महासभा के एक सदस्य ने पुणे की सीट छोड़ी, तब डॉ. आंबेडकर संसद में जा पाए।

### देश तोड़क तत्वों के साथ खड़ी है कांग्रेस व सपा

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस व सपा देश तोड़क तत्वों के साथ खड़ी रही है। हम लोगों ने पिछले सत्र में विधानसभा व विधान परिषद के प्रत्येक सदस्य को संविधान की मूल प्रति भेंट की थी। कांग्रेस ने दिल्ली में बाबा साहेब का अंतिम संस्कार तक नहीं होने दिया। उनका स्मारक तक नहीं बनने दिया। 1976 में देश के संविधान की प्रस्तावना में संशोधन करके ऐसे शब्द डाल दिए गए, जिसके खिलाफ स्वयं बाबा साहेब ने तर्क दिए थे। पीएम मोदी ने बाबा साहेब के पंचतीर्थ को विकसित कर उन्हें सम्मान दिया। कांग्रेस हो या सपा, टीएमसी हो या वामपंथी दल, यह सभी लगातार बाबा साहेब व सामाजिक न्याय के पुरोधाओं के खिलाफ षडयंत्र रचते रहे।

## संक्षेप

### जगदलपुर में आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के दन्तेवाड़ा जिले में चलाये जा रहे 'लोन वर्राटू' (घर वापस आईये) अभियान से प्रभावित होकर दो ईनामी सहित आठ माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। इन नक्सलियों ने सुरक्षा बल के जवानों के सामने शनिवार को आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पित माओवादियों में एक टेकलगुड़ा पंचायत सीएनएम सदस्य, एक रेवाली पंचायत सीएनएम सदस्य, एक ककाड़ी पंचायत डीएकेएमएस सदस्य, एक तिमेनार जीआरडी सदस्य, एक भैरमगढ़ एरिया छात्र संगठन सदस्य, एक मदपाल केएएमएस सदस्य, दो पोमरा पंचायत भूमकाल मिलिशिया सदस्य के पद पर थे। इनमें से सक्रिय आत्मसमर्पित माओवादी मंगडू मड़काम टेकलगुड़ा पंचायत सीएनएम सदस्य के पद पर राज्य शासन द्वारा 50 हजार रुपये ईनाम घोषित किया था। आत्मसमर्पित माओवादी देवा राम कुंजाम रेवाली पंचायत सीएनएम सदस्य के पद पर था। उसपर भी 50 हजार रुपये ईनाम घोषित है।

### यूक्रेन-रूस युद्ध समाप्ति को बातचीत सही दिशा की ओरः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध समाप्ति के लिए बातचीत शायद सही दिशा की ओर जा रही है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक एयर फोर्स वन में ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत का सिलसिला शुरू हो चुका है, जो कि ठीक दिशा की ओर जा रहा है। लेकिन ऐसा समय भी आता है जब आपको कुछ कर दिखाना होता है। या फिर चुप हो जाना होता है। डोनाल्ट ट्रम्प का बयान ऐसे समय आया है, जब बीते दिनों अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने सलाह दी थी कि यदि अमेरिका यूक्रेन बंटवारे वाली रूस की शर्त मान लेता है तो युद्ध विराम संभव है। इस बयान को लेकर खलबली देखी गई थी।लेकिन अब डोनाल्ड ट्रम्प के हाल के बयान के बाद इसे अमेरिका की ओर से एक तरह के यूक्रेन-रूस युद्ध के मुद्दे पर उनका पक्ष माना जा रहा है।रायटर्स के मुताबिक रूस ने 2022 में यूक्रेन के पूर्वी हिस्से के चार क्षेत्रों पर नियंत्रण के लिए विलय की कोशिश की थी।

### दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को चालू करना उपलब्धि : एनसीआरटीसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने रविवार को कहा कि उसने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के पूरे दिल्ली सेक्शन को चालू करने की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। निगम ने कहा है कि दिल्ली क्षेत्र में न्यू अशोक नगर और सराय काले खां स्टेशनों के बीच ओवर हेड इक्विपमेंट (ओएचई) को अब 25 केवी पर सफलतापूर्वक चार्ज कर दिया गया है। इस तरह इस सेक्शन का विद्युतीकरण हो चुका है और यह ट्रेन संचालन के लिए तैयार है।

## जयपुर सड़क हादसे में लखनऊ के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ खाटू श्याम दर्शन के लिए जा रहा था लखनऊ का परिवार, मरने वालों में दंपति, उनका बेटा-बहू और पोती शामिल

लखनऊ। राजस्थान के सीकर जिले के खाटू गांव में स्थित प्रतिष्ठित मंदिरमें खाटू श्याम के दर्शन को जा रहे लखनऊ के एक परिवार का वाहन जयपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में दंपति, उनका बेट-बहू और पोती हैं। जानकारी के अनुसार रविवार को दर्शन के लिए खाटू श्याम जा रहे इस परिवार की कार सुबह ?आठ बजे जयपुर के जमवारामगढ़ में मनोहरपुर-दौसा राजमार्ग पर नेकावाला टोल के पास सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि टक्कर के बाद ट्रेलर पलटकर 20 फीट गहरी खाई में जा गिरा और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार सभी लोग उसमें फंस गए और उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को बाहर निकाला और इनकी पहचान के बाद घटना की जानकारी परिवार को दी। रायसर थाना के प्रभारी निरीक्षक रघुवीर सिंह ने बताया कि शवों की शिनाख्त लखनऊ में थाना ठाकुरगंज क्षेत्र गऊघाट चौकी के रहने वाले सत्य प्रकाश (60), उनकी पत्नी रामा देवी (55), बेटा अभिषेक ● शेष पेज 11 पर

## आकाश आनंद की बसपा में हुई वापसी

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने पार्टी से निष्कासित किए गए अपने भतीजे आकाश आनंद को माफ कर दिया है। दरअसल, आकाश ने बुआ मायावती से माफी मांगते हुए ड्ड पर चार पोस्ट की थी, इस पर मायावती का रिएक्शन भी सामने आ गया है।उन्होंने बड़ा दिल दिखाते हुए उन्हें माफ कर दिया है। मायावती ने कहा कि आकाश आनंद द्वारा सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को मानने और सीनियर लोगों को पूरा आदर-सम्मान देने के साथ ही अपने ससुर की बातों में आगे नहीं आकर बसपा और मूवमेन्ट के लिए जीवन समर्पित करने के मद्देनजर उन्हें (आकाश आनंद) एक और मौका दिए जाने का निर्णय लिया है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि पार्टी से निष्कासन के बाद आकाश अपनी तमाम गलतियों के लिए माफी मांगने, आगे ऐसी गलती नहीं करने को लेकर लगातार लोगों से संपर्क करता रहा है और आज उन्होंने सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को मानते हुए ● शेष पेज 11 पर

# दलितों के लिए नई उम्मीदों का दौर बना योगी का कार्यकाल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांत को प्रेरणापुंज मानकर कार्य कर रही योगी सरकार ने पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश में न केवल 6 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है, वरन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के उत्थान के लिए कई उल्लेखनीय कदम भी उठाए हैं। शिक्षा, रोजगार, आवास और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में किए गए प्रयासों ने इन समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। दलितों, पिछड़ों और वंचितों के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारकर न केवल इन वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और आर्थिक स्वावलंबन को भी बढ़ावा दिया है। सरकार की योजना है कि दलित, शोषित और वंचित परिवारों को ऐसी आर्थिक गतिविधियों के साथ जोड़ा जाए, जिससे प्रतिवर्ष कम से कम 1.25 लाख की आमदनी सतत तरीके से हो सके।

बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को 'शेरनी का दूध' बताया था। उनके कथन की महत्ता को समझते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शिक्षा से वंचित ऐसे छात्र-छात्राओं की स्कॉलरशिप राशि में वृद्धि को सरकार की बड़ी पहल के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश के गरीब और प्रतिभावान बच्चों को मुफ्त शिक्षा, किताबें, यूनिफॉर्म से लेकर थारू, कोल और मुसहर जैसी जनजातियों के बच्चों के लिए भी विशेष ध्यान दिया गया, जिससे उनकी पढ़ाई बिना रुकावट जारी रह सके। इसके साथ ही श्रमिकों के बच्चों के व्यवस्थित पठन पाठन के ● शेष पेज 11 पर



❐ बाबा साहब के सपनों को पूरा करते हुए यूपी में सामाजिक न्याय का पर्याय बनी योगी आदित्यनाथ की सरकार

❐ अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता

❐ रोजगार के क्षेत्र में योगी सरकार ने एससी, एसटी समुदायों के लिए शुरू हुईं कई योजनाएं




# सिखों ने अपने शौर्य-पराक्रम से हमेशा की है देश और धर्म की रक्षा : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ खालसा पंथ के स्थापना दिवस 'बैसाखी' पर मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को बधाई

❒ स्वयं के लिए नहीं, देश और धर्म के लिए था गुरुओं, साहिबजादों और सिख योद्धाओं का बलिदान : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खालसा पंथ के स्थापना दिवस और बैसाखी पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। याहियागंज स्थित गुरुद्वारे में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुरू गोविंद सिंह जी ने 1699 में खालसा पंथ की स्थापना कर देश और धर्म की रक्षा का संदेश दिया था। सीएम योगी ने कहा कि गुरू गोविंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना करने का उद्देश्य था कि ''सकल जगत में खालसा पंथ जागे, जगे धर्म हिन्दू, सकल भंड भाजे।'' गुरू गोविंद सिंह जी ने औरंगजेब के क्रूर शासन के खिलाफ पंज प्यारों के साथ खालसा पंथ की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने गुरू गोविंद सिंह जी महाराज द्वारा स्थापित खालसा पंथ के 325 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि सिख समुदाय ने हर विपरीत परिस्थिति में अपने शौर्य और पराक्रम से देश-धर्म की रक्षा की। उन्होंने गुरू नानक देव जी से शुरू हुई सिख परंपरा को विश्व में अनुपम बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब एक तरफ क्रूर औरंगजेब का शासन था, अत्याचार की पराकाष्ठा थी, जजियाकर के जरिए हिन्दुओं को पूरी तरह से इस्लाम में बदलने की क्रूर चाल थी, मंदिरों को तोड़ा जा रहा था और बहन बेटियों की इज्जत पर सरेआम हाथ डाला जा रहा था, उस समय अपने एक लाख शिष्यों के साथ देश और धर्म पर मंडरा रही इस ज्वलंत समस्या के खिलाफ प्रभावी शंखनाथ करने का कार्य दशमेश गुरू गोविंद सिंह जी महाराज ने किया। उन्होंने इसका नाम खालसा रखा। खालसा का मतलब, 'परमात्मा के विशेष जन, जो पूर्ण निर्मल मन से कार्य कर सकें।' उनके उपदेश आज भी हमारे लिए प्रेरणा हैं। केवल सिखों के लिए नहीं बल्कि हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। सीएम योगी ने कहा कि सिख कहीं भी होगा वह बिना झुके बिना डिगे अपने पथ पर आगे बढ़ता है इसीलिए सरदार कहलाता है।

सीएम योगी ने तराई और पंजाब में हो रहे धर्मांतरण की घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गुरू गोविंद सिंह जी ने बिना भेदभाव के पंज प्यारे चुने थे। गुरुद्वारों में आज भी हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के लंगर मिलता है, फिर भी धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। इसे रोकने और इसके कारणों का निवारण करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने पंज प्यारों का जिक्र करते हुए बताया कि लाहौर के दयाराम, दिल्ली के धर्मदास, द्वारका के मोहकम चंद, जगन्नाथ पुरी के हिम्मत राय और बीदर के साहेब चंद के रूप में बिना किसी भेद-भाव के खालसा पंथ की स्थापना की गई थी। उन्होंने गुरू गोविंद सिंह को शहीद पिता का पुत्र और शहीद पुत्रों का पिता बताते हुए उनके बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के बंदे जहां कहीं भी गये हैं, उन्होंने अपने जज्बे, संघर्ष, शौर्य और पराक्रम से अपना लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री ने तराई क्षेत्र के सिख युवाओं के विदेश पलायन पर भी चिंता जताई और कहा कि सिख समुदाय ने मलेरिया प्रभावित इस क्षेत्र को उपजाऊ बनाया, लेकिन अब इसे और मजबूती देने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं से गुरू परंपरा के उपदेशों का पालन कर पुरुषार्थ के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस पराक्रम और पुरुषार्थ के लिए गुरू गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी हमें उससे भागना नहीं है। जो भी कौम अपने पुरुषार्थ से डिगेगी उसके सामने संकट आएगा। हमें गुरू परंपरा के साथ उनके उपदेशों का अक्षरशः पालन करना चाहिए।

# सपनों का आशियाना बना सज़ा का ठिकाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




❒ पति को घर से निकाला, पीटा, धमकाया

❒ इश्क़ में अंधी बीवी ने पति को दिखाया बाहर का रास्ता प्रेमी संग रची साज़िश

लखनऊ। जिसके लिए सपनों का घर बसाया उसी ने मुझे उस घर से बेघर कर दिया। ये दर्दभरे शब्द हैं यातायात पुलिस में कार्यरत सिपाही फ़ज़ले अहमद के, जिनकी ज़िन्दगी एक अचानक मोड़ पर आकर बिखर गई है। उन्होंने जो घर मोहब्बत की बुनियाद समझकर बनाया था, वही अब उनके लिए एक सज़ा का ठिकाना बन गया है।

फ़ज़ले अहमद, निवासी बाईसी की मस्जिद, मनकागेटी फाटक, थाना कैसरबाग, ने अपनी पत्नी ज़ेबा के नाम 16 लाख रुपए का घर खरीदा था। उन्होंने यह संपत्ति अपनी खून-पसीने की कमाई और सर्विस लोन लेकर तैयार की। मगर, घर की रजिस्ट्री के कुछ महीनों बाद ही ज़ेबा का व्यवहार बदलने लगा। फ़ज़ले का आरोप है कि उनकी पत्नी अब अपने प्रेमी इकराम के साथ रह रही है और उन्हें घर से निकाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल की सुबह जब वह अपने घर कुछ सामान लेने पहुँचे। तो ज़ेबा ने इकराम और दो किरायेदारों आसिफ अली और राहिल के साथ मिलकर उन पर हमला करवा दिया। उन्होंने मुझे बेरहमी से पीटा और धमकाया कि अगर फिर यहां आया, तो जान से मार देंगे। फ़ज़ले ने बताया। घटना के बाद उन्होंने थाना कैसरबाग में लिखित शिकायत दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इतना ही नहीं, ज़ेबा ने फ़ज़ले से तलाक के साथ-साथ 50 लाख रुपए की मांग भी की है। फ़ज़ले का कहना है कि ज़ेबा के पिता उन्हें झूठे केस में फंसाने और नौकरी से हटवाने की धमकी दे रहे हैं। आज यह सिपाही, जो आम लोगों को न्याय दिलाने के लिए खड़ा होता था, खुद न्याय की आस में भटक रहा है। उसकी आंखों में अब भी उम्मीद है। काश मेरी कहानी किसी की आंखें खोल दे और मुझे इंसाफ मिल जाए।

# न्यू नालंदा एकेडमी, फरीदीपुर में भव्य वार्षिक समारोह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, मिला सम्मान**






लखनऊ। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के फरीदीपुर स्थित न्यू नालंदा एकेडमी में रविवार को वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे कार्यक्रमों और बच्चों की अद्भुत प्रस्तुतियों से गूंज उठा।

इस खास मौके पर नीतू यादव (ब्लॉक प्रमुख, काकोरी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक मुकेश कटियार, मुख्य सलाहकार बीनू कटियार, संदीप श्रीवास्तव,कुंवर आदित्यनाथ सिंह, सिद्धार्थ पटेल,विशाल यादव,और महिला शिक्षिकाएं नीलम, हिमांशी रानी, रीता, कामिनी सहित समस्त शिक्षकगणों ने सहयोग प्रदान किया।

बीनू कटियार ने मंच संचालन की जिम्मेदारी बखूबी निभाई और आए हुए अभिभावकों व विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य, गायन, अभिनय, कविता-पाठ जैसी विविध प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों ने तालियों की गूंज से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की ओर से बच्चों को उनकी प्रस्तुति और वार्षिक उपलब्धियों के आधार पर मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिससे बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी की झलक साफ नजर आई। संस्थापक मुकेश कटिहार ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की छिपी प्रतिभा उभरकर सामने आती है और उनके व्यक्तित्व विकास को नई दिशा मिलती है।

# महेश पांडेय अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव बने क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के महासचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




❒ जिलाध्यक्ष की अगुवाई में संपन्न हुई बैठक में पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन

कोरांव। रविवार को कोरांव में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की एक बैठक जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद त्रिपाठी वह जिला प्रभारी रिवेंद्र सिंह, जिला संगठन मंत्री राजदेव द्विवेदी की अगुवाई में संपन्न हुई बैठक में पत्रकार हितों को लेकर जहां चर्चा परिचर्चा हुई वहीं तहसील इकाई का गठन किया गया। कोरांव तहसील कार्यकारिणी के गठन में पत्रकार महेश पांडेय को अध्यक्ष तो अरविंद श्रीवास्तव को महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह तहसील संरक्षक सुखलाल विश्वकर्मा, तहसील प्रभारी दुर्गा प्रसाद मिश्र, तहसील उपाध्यक्ष अजय मिश्र, सचिव अजय प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, कोषाध्यक्ष शारदा प्रताप सिंह, संगठन मंत्री खुर्शीद आलम, विधिक सलाहकार गोविंद मिश्र, सह मीडिया प्रभारी राम मूर्ति शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिमलेश पांडेय, प्रचार प्रमुख संजय द्विवेदी व क्रांतिकारी पत्रकार परिषद का प्रवक्ता मनीष वर्मा को मनोनीत किया गया है। बैठक में उपस्थित रहे संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। साथ ही यह बताया गया कि पत्रकारों की समस्याओं का समाधान करने के लिए यह संगठन अनवरत कार्य कर रहा है। तहसील कार्यकारिणी के गठन के दौरान कई अन्य पत्रकार भी मौजूद रहे।

## 1.61 करोड़ रुपए से चार सड़कों का होगा जीर्णोद्धार

**चौरीचौरा, गोरखपुर (कैनविज टाइम्स संवाददाता)।** चौरी चौरा विधानसभा में 1.61 करोड़ रुपए से चार सड़को का जीर्णोद्धार होगा विधायक ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करके बताया कि ब्रह्मपुर ब्लॉक सिंहपुर में दुबे टोला में नई बाजार रोड से बोहाबार तक, पंचदेवरी के गोरख शर्मा के घर राम निवास में घर तक, सिंहपुर में नई बाजार से रोड से प्राथमिक विद्यालय तक, सिंहपुर के नई बाजार से बोहाबार मेन रोड से हरैया तक सीसी रोड के माध्यम से सड़कों का कायाकल्प होगा। विधायक ने सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया और कहा कि उत्तर प्रदेश में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं चौरी चौरा में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है जिससे कि आम जनमानस को यात्रा सुलभ होसके। चौरी चौरा विधानसभा को उत्तर प्रदेश में मॉडल विधानसभा बनाना ही लक्ष्य है सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का जो नारा है उसको साकार किया जा रहा है सभी वर्गों का विकास हो रहा है। पिछली सरकारों में योजनाओं में भेदभाव किया जाता था इस सरकार में सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है गांव, गरीब, नौजवान सभी वर्गों का समूचा विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश में कानून का राज है।

## करंट की चपेट में आई विवाहिता, हालत गंभीर

**बछरावां,रायबरेली(कैनविज टाइम्स संवाददाता)।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जोहवा शर्की में निधि सिंह पत्नी यशवंत सिंह उम्र लगभग 25 वर्ष कमरे में अपना कुछ कार्य कर रही थी। इसी बीच टेबल फैन के पास अचानक उसमें हाथ पडते ही पंखे में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। जिससे उनका हाथ बुरी तरह झुलस गया और बेहोश होकर नीचे फर्श पर गिर गई। कमरे के अंदर में कुछ गिरने की आवाज सुनकर घर में दूसरे स्थान पर मौजूद लोग कमरे के अंदर पहुंचे और महिला को नीचे गिरा हुआ पाया। जिसे एंबुलेंस की सहायता से पति यशवंत के द्वारा बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जिसका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## खेत में रखे गेहूं के ढेर में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग, चार बीघे गेहूं का डांठ जला

**कैनविज टाइम्स संवाददाता कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के बेलहट गांव में शनिवार को देर रात्रि 11:30 बजे के करीब खेत में ही थ्रेसिंग कराने के लिए चार बीघे का डांठ एकत्र कर रखा गया था। अचानक किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसमें आग लगा दी गई। जिससे चार बीघे गेहूं का डांठ जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक कृष्ण प्रसाद यादव पुत्र मणि शंकर यादव अपने चार बीघे खेत का गेहूं की फसल थ्रेंसिंग कराने के लिए खेत में ही एक जगह एकत्र करवा दिए थे। थ्रेसिंग नहीं हो पाई थी। शनिवार को रात्रि 11:30 बजे के करीब किसी अज्ञात व्यक्ति ने गेहूं की फसल में आग लगा दी। जिससे चार बीघे का गेहूं जलकर राख हो गया। जब तक ग्रामीण आग की लपटे देख पहुंचते तब तक पूरे गेहूं के ढेर में आग फैल चुकी थी, और देखते ही देखते जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी किसान के द्वारा पुलिस को अज्ञात में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## भारत रत्न डा भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती से पूर्व जनपद में स्थापित सभी आंबेडकर पार्क

**रायबरेली(कैनविज टाइम्स संवाददाता)।** भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज उनकी जयंती से पूर्व जनपद के सभी नगरीय निकायों, विभिन्न वार्डों, ग्राम पंचायतों आदि में स्थापित आंबेडकर पार्कों तथा आंबेडकर जी की प्रतिमाओं की विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई। इसी क्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उप्र सरकार दिनेश प्रताप सिंह ने हाथी पार्क चौराहा में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के पास विशेष स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग कर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीपक जलाया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती पर जनपद में 14 से 28 अप्रैल 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है, जनपद में धूमधाम से उत्सव के रूप में भारत रत्न, बाबा साहब डॉ.भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती पर प्रार्थना सभा, क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रभात फ़ेरी, महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता आदि पर सेमिनार के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर निकाली गई भीम शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व संध्या पर रविवार को दोपहर बाद 2 बजे से सायं 6 बजे तक विधानसभा कोरांव में भीम शोभायात्रा बड़े ही भव्य आकर्षक तरीके से निकाली गई। यात्रा की शुरुआत बौद्ध विहार पियरी गांव से की गई। जिसके बाद देवघाट, महुली, खजुरी पथरताल आदि गांवो से होते हुए कोरांव बाजार पहुंची। इस दौरान उत्साही कार्यकर्ताओं के द्वारा जय भीम के नारे लगाए जा रहे थे। यात्रा में विभिन्न वाहनों पर देश के महापुरुषों की तस्वीरें लगी थी। हाथ में झंडा और शक्तियां लेकर लोग नारे लगा रहे थे। भीम शोभा यात्रा का मकसद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान को सुरक्षित रहने और संविधान वादी कार्यकर्ताओं में एक नई अलग जगाने के साथ-साथ संविधान की विचारधारा का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। भीम शोभा यात्रा का शुभारंभ पूर्व ब्लाक प्रमुख राम अवध कुशवाहा व आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। शोभा यात्रा में जहां भारी संख्या में क्षेत्रीय युवा शामिल थे, वहीं बाइक सवार चार पहिया वाहन से भी लोग यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान यात्रा कार्यक्रम को प्रमुख रूप से कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ कमलेश गौतम, प्रकाश चंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत पटेल उर्फ ददुआ भाई, अमरेंद्र वर्मा नरेश वर्मा अखिलेश कुशवाहा समेत कई संविधान वादी वक्ताओं ने संबोधित किया। भीम शोभा यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन को लेकर हुई बैठक

## विश्वनाथ जूनियर हाई स्कूल बैदवार में संपन्न हुई बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर आयोजन समिति की एक बैठक विश्वनाथ पब्लिक जूनियर हाईस्कूल बैदवार में रविवार को सायं 5 आयोजित की गई। 30 अप्रैल को इस वर्ष भी भगवान परशुराम मंदिर प्राचीन सोमनाथ मंदिर बढ़वारी कला के प्रांगण में मनाया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखे और किस तरह से कार्यक्रम को भव्यता दी जाय इस पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समाज ब्राह्मण समाज के लोग सम्मिलित हुए और सब एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल तरीके से मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनिल पांडेय व संचालन अपर शासकीय अधिवक्ता अनिल मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के संयोजक पिंटू चौबे ने कहा कि जिस तरह से सभी के सहयोग से भगवान परशुराम का भव्य मंदिर बनवाया गया है। उसी तरह लोगों के सहयोग और साथ से भगवान परशुराम का शुभ जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा।

जिसमें सभी लोग अपनी अपनी जिम्मेदारी समझकर आज से ही लोगों को आमंत्रण देना शुरू करें। कार्यक्रम में वक्ता के तौर पर उपस्थित प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा कि कोरांव समाज के लोग इकठ्ठा होंगे और भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें क्षेत्रीय लोगों को आमन्त्रित करते हुए बढ़ चढ़कर भागीदारी लेने का आग्रह किया है। बैठक में प्रमुख रूप से शशि द्विवेदी, अनिल मिश्रा, गणेश मिश्रा, एडवोकेट अनूप मिश्रा, डॉक्टर विमलेश मिश्रा, आशीष मिश्रा, राजेश पांडेय, सुरेश तिवारी, शंकर दयाल तिवारी, अनूप मिश्रा, बृजेश तिवारी, कलेक्टर गौतम, जितेन्द्र शुक्ला, अनूप तिवारी, अंकित पांडेय, विकास पांडेय, यमुना मिश्रा, राजेश मिश्रा, गोविंद मिश्रा, बबलू शुक्ला, प्रकाश त्रिपाठी, उत्तम दुबे, सदानंद दुबे, महेश पांडेय, राजन तिवारी, अमित तिवारी, प्रिंस तिवारी, विनय उपाध्याय, आदि लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावी छात्रों का भव्य सम्मान समारोह सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जनपद स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को गोमतीनगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 30 मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र, अंगवस्त्र व साहित्य भेंटकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 5 से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शांतिकुंज प्रतिनिधि देशबंधु तिवारी तथा अयोध्या ज़ोन समन्वयक भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि का स्वागत राधे श्याम त्रिपाठी और एस. पी. अवस्थी ने अंगवस्त्र और पूज्य गुरुदेव का साहित्य भेंट कर किया।

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि ल्लभारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जैसे आयोजन छात्रों में न केवल भारतीय परंपराओं के प्रति समझ और श्रद्धा उत्पन्न करते हैं, बल्कि उनके अंदर नैतिक मूल्यों का विकास भी करते हैं। यह प्रयास भावी पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में नवजीवन इंटर कॉलेज के छात्र मानस ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और जिले में रिकॉर्ड बनाया। उनके साथ अन्य वरीयता प्राप्त छात्रों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सुरेंद्र सिंह, दिनेश यादव, जिला समन्वयक अतुल सिंह, गोपाल ओझा, सुरेश यादव, अनिल तिवारी, प्रताप नारायण, जय करन पाल, अशोक पाल, माधुरी पांडेय, माया अवस्थी, रेखा मुकुल, नितिन पांडेय, धीरज मिश्रा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर कर्मचारी जल्द सड़कों पर उतरेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। अमित होटल, जनपद गोरखपुर में उत्तर प्रदेश फ़ेडरेशन ऑफ़ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएशंस, राज्य कर्मचारी महासंघ एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की संयुक्त अति महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई । बैठक की अध्यक्षता कनौजिया विनोद बुद्धिराम प्रांतीय महामंत्री उत्तर प्रदेश फ़ेडरेशन एवं संचालन श्री राजेश मिश्रा, उपाध्यक्ष महासंघ गोरखपुर द्वारा किया गया । बैठक में श्री रुपेश कुमार श्रीवास्तव जनपद अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद गोरखपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पुरानी पेंशन बहाली, कोरोना काल में रोके गए 18 माह के वह्न/वक्ट तथा सेवानिवृत कर्मचारियों को आठवे पे कमीशन का लाभ न दिए जाने संबंधी विषयों को लेकर कर्मचारी परिवार आहत है तथा जल्द यदि सरकार द्वारा उक्त मांगों पर विचार नहीं किया गया तो अपने अधिकारों के लिए समस्त कर्मचारी संगठन एक जुट होकर एक आवाहन पर संयुक्त रूप से आंदोलन करने के लिए सड़कों पर उतरेंगे इसी विषय पर चर्चा करने हेतु विशेष रूप से बैठक आहूत की गई है। फ़ेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री द्वारा आस्वस्त किया गया कि कर्मचारी हितों के दृष्टिगत समस्त आवश्यक मांगों को लेकर फ़ेडरेशन का प्रयास होगा कि समस्त संघों, परिसंघों, महासंघों को एकजुट कर उक्त मांगों के साथ-साथ आठवें पे कमीशन का गठन कर सेवारत तथा सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को समस्त लाभ दिए जाएं, मिनिस्ट्रियल संवर्ग को न्यूनतम 2800 ग्रेड पे अनुमन्य ने कराया जाए, पूर्व के तर्ज पर समस्त वरिष्ठ नागरिकों को रेल एवं राजकीय बसों में किराया में छूट प्रदान की जाए, समस्त संवर्गों की वेतन विसंगति तत्काल दूर की जाए, रिक्त पदों पर तत्काल भरतीयां कर जगहों को भर जाए, लेखा संवर्ग के तर्ज पर मिनिस्ट्रियल संवर्ग में भी निदेशालय का गठन किया जाए, कोरोना काल में रोके गए विशेष भत्तों को सचिवालय के तर्ज पर बहाल किया जाए, नलकूप चालकों के आवश्यक स्थानांतरण किए जाएं, जिलेदारों का प्रमोशन किया जाए, विथ मटेरियल कार्यादेश व अनुबंध तत्काल बंद किए जाएं, आदि मांग को लेकर सरकार को मांग पत्र प्रस्तुत करते हुए तत्काल निराकरण कराए जाने हेतु अनुरोध किया जाएगा । समस्या का निदान न होने पर कर्मचारियों के हक और अधिकार के लिए एक बड़े आंदोलन की घोषणा जल्द की जाएगी । इस अवसर पर श्री दीनानाथ त्रिपाठी जनपद अध्यक्ष एवं श्री धीरेंद्र प्रताप भारती जनपद सचिव भंडार कर्मचारी संघ सिंचाई विभाग, श्री पंडित श्याम नारायण शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री मदन मुरारी शुक्ला जनपद मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, श्री इमरान अली, श्री अश्विनी शर्मा, श्री पंडित अशोक पांडे, श्री इजहार अली, श्री बंटी श्रीवास्तव, श्री वरुण बैरागी आदिगण मौजूद रहे।

# बाबा साहब की जयंती पर स्वाभिमान-सम्मान समारोह समाजवादी नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रविवार को मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भव्य स्वाभिमान-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलने वाली जयंती श्रृंखला का हिस्सा था। गोसाईगंज ब्लाक क्षेत्र के दो स्थलों ग्राम पंचायत निजामपुर और ग्राम सभा कासिमपुर बीरूहा में आयोजित हुआ। ग्राम निजामपुर में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव धर्मवीर पासवान और कासिमपुर बीरूहा में बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष राज किशोर रावत 'राजू' के संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत हुआ। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर विश्व रत्न बाबासाहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती श्रंखला (8 से 14 अप्रैल) के अंतर्गत आयोजित स्वाभिमान-सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में दलितों पिछड़ों और वंचितों को उनका अधिकार और स्वाभिमान एवं सम्मान दिलाने के लिए बाबा साहब ने संविधान में व्यवस्था दी है इसे प्राप्त करने के लिए सभी को एकजुट होना पड़ेगा तभी हमारे अधिकार सुरक्षित रह सकते हैं, उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश और प्रदेश की भाजपा सरकारें संविधान को नहीं मानती। पूर्व सपा विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और पिछड़े वर्ग, दलितों, वंचितों, युवाओं, किसान-मजदूर और अल्पसंख्यकों से 14अप्रैल सोमवार को बाबा साहब की जयंती के अवसर पर निकाली जा रही भीम-यात्रा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आने की अपील भी की। समारोह में समाजवादी पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब की विचारधारा को आत्मसात करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की बात कही। समारोह में सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का समापन देश और समाज में समरसता की भावना को मजबूत करने के संकल्प के साथ हुआ।



# फैजुल्लागंज अधिवक्ता संघ द्वारा होली एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।फैजुल्लागंजः फैजुल्लागंज अधिवक्ता संघ लखनऊ के तत्वावधान में एस.आर. लान, फैजुल्लागंज में होली एवं ईद मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक हरि श्याम दीक्षित, राम लखन यादव, अंशुमान अवस्थी, बृजेश कुमार त्रिपाठी,रघुनाथ सिंह , संस्थापक जीवन लाल यादव एवं समीर कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रोहित सिंह पवार ने की तथा संचालन महामंत्री श्रीकांत जयसवाल ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद अवस्थी, उपाध्यक्ष दिवाकर गोपाल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के.के. शुक्ला, संयुक्त मंत्री श्रीकांत गुप्ता, संतोष गिरी, अतीक अहमद, कोषाध्यक्ष उमाकर पांडे, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य विनय मिश्रा, धनंजय अवस्थी, श्यामेन्द्र यादव, आनंद शंकर सिंह, अजय सिंह,तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सूरज जायसवाल, अतुल यादव, रवि पांडे, शत्रुघ्न यादव ,आदिल सिराज, विशाल सिंह ने सक्रिय सहभागिता की। इसके साथ ही सेंट्रल बार एसोसिएशन लखनऊ चुनाव के सभी पदों के प्रत्याशी भी समारोह में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। यह मिलन समारोह भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बनकर सभी उपस्थितजनों के लिए एक यादगार अवसर रहा।

# महापुरुषों का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए होता है : प्रांत प्रचारक

कैनविज टाइम्स संवाददाता


**महावीर स्वामी के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक ले जाने की जरूरतः कौशल**

लखनऊ । भगवान महावीर स्वामी के 2624 वें जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर रविवार को भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के कला मंडपम सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक कौशल ने मुख्यवक्ता के रूप में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि महावीर स्वामी के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक ले जाने की जरूरत है। प्रांत प्रचारक ने कहा कि महापुरुष संपूर्ण समाज के होते हैं। महापुरुषों का संदेश संपूर्ण मानवता के लिए होता है। समाज के सभी लोगों को सभी महापुरुषों की जयंती माननी चाहिए। युवा संस्कारों से विमुख न हो इसलिए युवाओं को दिशा दर्शन कराना ही पड़ेगा। युवाओं को सही दिशा देंगे उन्हें संगठन से जोड़ेंगे तो संस्कार ठीक रहेगे। उन्होंने बताया कि भारत में राष्ट्रीय संस्कृत संगठन 32147 साप्ताहिक मिलन चलते हैं। प्रांत प्रचारक ने कहा कि महावीर स्वामी ने मानवता को अहिंसा, तपस्या और सत्य का रास्ता दिखया। उनकी शिक्षाएं विश्व को शांति के रास्ते पर चलने और अहिंसा का संदेश देती हैं। पूरी दुनिया को सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अत्सेय व क्षमा का सिद्धांत देने वाले स्वामी महावीर ने मानव मात्र ही नहीं अपितु प्रकृति संरक्षण की भी बात कही थी। आज जल,जंगल जमीन में प्रदूषण फैल रहा है। मुख्य अतिथि समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने कहा कि महावीर स्वामी ने कहा कि अपने आप को बदलो। अचार विचार व्यवहार आहार को बदलो।

# जानकीपुरम व अलीगंज की गलियों में बनने लगी सड़कें, विधायक डा. नीरज बोरा ने किया भूमिपूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विधायक डा. नीरज बोरा ने रविवार को अलीगंज एवं जानकीपुरम के विभिन्न क्षेत्रों में भूमिपूजन कर विकास कार्यों का शुभारम्भ कराया। विधानमण्डल क्षेत्र विकास निधि से होने वाले विकास कार्यों की श्रृंखला में सड़क, नाली व श्मशान स्थल पर नागरिक सुविधाओं की स्थापना का कार्य शामिल है। भूमिपूजन का शुभारम्भ अलीगंज वार्ड स्थित एमएलसी अशोक अग्रवाल के आवास के सामने वाली सड़क से हुआ, जहां स्थानीय लोगों ने विधायक डा. बोरा का स्वागत किया। मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष रमन निगम,



पार्षद प्रतिनिधि सुदर्शन कटियार आदि मौजूद रहे। वहीं जानकीपुरम प्रथम वार्ड स्थित जानकी विहार कॉलोनी में प्रो. एके सिंह के घर से संजीव त्रिपाठी के घर होते हुए मानस भवन तक डामरीकरण कार्य के भूमिपूजन के अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सौरभ तिवारी, मण्डल अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रो. एके सिंह, जानकीशरण शुक्ला व सीकेवर्मा मौजूद रहे। जानकीपुरम द्वितीय वार्ड की प्रेमपुरम कॉलोनी में अखिलेश व्यास व रवि श्रीवास्तव के घर के सामने होते हुए कुलदीप कौर के घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य भूमिपूजन समारोह में विधायक डा. नीरज बोरा ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने लखनऊ उत्तर क्षेत्र के विकास को गति दी है। इंजीनियरिंग कालेज पर उपरिगामी सेतु तथा अण्डरपास से जानकीपुरम निवासियों को जाम के झाम से मुक्ति मिलेगी और राहें सुगम होंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अधिकांश सड़कों का निर्माण हो गया है और जो शेष बची हैं उनका कायाकल्प कराने को वे संकल्पित हैं। इस अवसर पर सर्वश्री अखिलेश व्यास, रवि श्रीवास्तव, एस.एस.ओझा, राकेश सिंह, दीपू रावत, मयंक मिश्रा, केके पाठक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। साथ ही जानकीपुरम द्वितीय वार्ड अंतर्गत सुशील मिश्रा के मकान से सुमन सिंह के मकान होते हुए राहुल तिवारी के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण, सिकंदरपुर गांव के श्मशान स्थल पर टीन शेड व बेंच स्थापना, पहाड़पुर गांव में कैलाश यादव के घर से ललित यादव, संतोष यादव के घर होते हुए दिलीप रावत के घर तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी अलग अलग स्थानों पर हुआ जहां बृजेश तिवारी, रंजना दुबे, किसान नेता राजू गुप्ता, पूर्व पार्षद कैलाश यादव, सनी दीक्षित, अरविन्द राजपूत, आयुष यादव, दिव्यांशी शुक्ला, मोनू यादव व चन्द्रशेखर यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चित्रगुप्त महासंघ एवं अखिल भारतीय चित्रांश महासभा ने आयोजित किया भव्य होली मिलन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भगवान श्री चित्रगुप्त पूजा एवं होली मिलन समारोह का आयोजन चित्रगुप्त महासंघ अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता अरुण कुमार निगम एवं उनकी चित्रगुप्त महासंघ के द्वारा किया गया। विधायक डा. नीरज बोरा ने श्री चित्रगुप्त महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होने विभिन्न उपवर्गो में बंटे चित्रगुप्त समाज को एकजुट करने का उल्लेख किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय चित्रांश महासभा संजीव निगम ने कहा कि श्री चित्रगुप्त महाराज ही हमारे समाज मे पूजनीय है। होली मिलन समारोह मे कीर्तन भोग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुये।



अंत में प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम मे ओम प्रकाश श्रीवास्तव, अंजनी श्रीवास्तव, सतीश निगम, दीपक रंजन, राहुल राज रस्तोगी, डा. हरीश निगम व अमिताभ बिहारी वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# अब भी बेहाल शाहपुर, फरीदीपुर और मुर्दापुर जनता की गुहार फिर भी प्रशासन खामोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी की बदहाल बस्तियों की आवाज़ बनने वाली पिछली रिपोर्ट के बाद भी दुबग्गा क्षेत्र के शाहपुर भमरौली, मुर्दापुर और फरीदीपुर की हालत जस की तस बनी हुई है। नालियों से बहता गंदा पानी, गड्ढों में पलटते ई-रिक्शा और बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी—इन सब पर अब तक न प्रशासन ने कोई कार्रवाई की न जनप्रतिनिधियों ने कोई पहल दिखाई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मीडिया में खबर चलने और अधिकारियों को बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद अब तक सिर्फ जांच कराएंगे और बजट आने पर काम होगाङ्क जैसे पुराने जुमले ही सुनने को मिल रहे हैं।



मौके पर न तो कोई सफाई कर्मी आया न ही जल निकासी या सड़क सुधार का कोई प्रयास शुरू हुआ।

अब भरोसा नहीं बस उम्मीद की चिंगारी बची है

स्थानीय निवासी सुरेंद्र सोनू ने कहा अब तो ऐसा लगता है जैसे हम राजधानी में नहीं किसी उपेक्षित गांव में रह रहे हैं। पिछले महीने की दुर्घटनाओं के बाद भी कोई अधिकारी देखने तक नहीं आया। किसान यूनियन के सदस्यों ने भी निराशा जताते हुए कहा कि शिकायतों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ लीपापोती हो रही है।

जनता फिर देगी दस्तक

इलाके के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि अब भी नहीं जागे, तो वे आने वाले दिनों में नगर निगम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे। ्रहम चुप नहीं बैठेंगे, अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए सड़क पर उतरना पड़े तो उतरेंगे स्थानीय महिला समूह की सदस्य सुनीता देवी ने कहा।

सवाल वही जवाब अब भी अधूरे

क्या स्मार्ट सिटी का मतलब सिर्फ चकाचक इलाकों की सजावट है?

क्या राजनेताओं की जिम्मेदारी सिर्फ चुनाव तक सीमित है?

क्या प्रशासन अगली दुर्घटना के बाद ही नींद से जागेगा?

जब राजधानी का हाशिया इस कदर उपेक्षित हो तो मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं जैसी टैगलाइन खुद एक तंज बन जाती है।

# राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल के नव निर्वाचित पदाधिकारियों शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। रविवार को राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल के नव निर्वाचित पदाधिकारियों शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्षता अमरनाथ मिश्र ने की। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि नगर अध्यक्ष भाजपा आनन्द द्विवेदी एवं अतिथि के रूप में अंजनी श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम में अमरनाथ मिश्र को अंग वस्त्र मोमेन्टो एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया, इसी क्रम में आनन्द द्विवेदी, मुकेश शर्मा, रामचन्द्र प्रधान, डा. राघवेन्द्र शुक्ला को माला एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर अमरनाथ मिश्र के द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। वहीं मुख्य अतिथि ने



नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि व्यापारी समाज सदैव अपने संसाधनों से कार्य कर सरकार को टैक्स एकत्र कर देता है। राजाजीपुरम व्यापार मण्डल के सभी पदाधिकारी व्यापारियों की समस्या को हल कराने का प्रयास करेंगे। लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि लखनऊ व्यापार मण्डल में सदैव निर्धारित अवधि में चुनाव होते रहते है जिससे किसी एक का अधिपत्य नहीं होता है जिस तरह नदी का पानी बहता रहता है जिससे वह स्वच्छ रहता है उसी प्रकार हमारे संगठनों के समय समय पर चुनाव होने से कमेटी में बदलाव आते है सभी को मौका मिलता है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में चेयरमैन आरीफ उल हसन, अध्यक्ष उमेश शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष सचिन रस्तोगी, वरिष्ठ महामंत्री सुशील तिवारी, कोषाध्यक्ष शिवस्वरूप गुप्ता, महामंत्री विशाल कोहली, सौरभ शर्मा, मनीष मिश्रा, दीपू यादव, डा. दिनेश माथुर, सोनू घई, दीपक सहगल, मीडिया महामंत्री सुखपाल सिंह, सन्तोष, के.के. मोदनवाल, विधिक सलाहकार धर्मेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष- दीपक गुप्ता, अरूण निगोतिया, संजय कुमार सिंह, पुष्कर पांडे, कौशल त्रिपाठी, रामप्रकाश गुप्ता, गौतम कुमार, गौरव वर्मा, कमल कुमार, धीरेन्द्र कुमार गुप्ता, जसवीर सिंह, सरवन,सन्तोष कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सतीश वर्मा, प्रतीक राय, मो. सईद, संजय सिंह, संजीव चांदनी, प्रमोद वर्मा, आलोक पाण्डेय, इरशाद गुड्डे नवाब, निशू अरोड़ा, सर्वेश कुमार यादव, महेन्द्र पाल सिंह, बलदेव सिंह, राजू उपाध्याय, योगेश कुमार बबलू, उपाध्यक्ष सुधीर अवस्थी, अमित मिश्रा, राजू खुराना, अनूप श्रीवास्तव, अजय गुप्ता, अरूण गुप्ता, वैभव गुप्ता मिनहाज, अशोक रूकेजा, रमन दीक्षित, रमाकान्त गुप्ता, मयंक बाजपेई, रामनरेश यादव, अंशू भटनागर, अनुराग सिंह, राजुल मेहता, निर्देश यादव, आलोक मिश्रा, अभिषेक गुप्ता, फिरोजाबाद, परीक्षित गुप्ता, सुशील चन्द्र खरे, वाईफाई सिंह, पिन्टू गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, अन्नू गुप्ता, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, मनोज खेतान, रमाकान्त गुप्ता, रवि भारती, अंशू भटनागर, भारत भूषण गुप्ता, ऋषि जैन,मंत्री आदित्य बाजपेयी, मंत्री-राजेश अग्रवाल, चन्द्रभान यादव, दीपक तलवार, इरशाद अहमद, अर्जुन गुप्ता, अंकुर मेहता, रशीद अहमद, फहीम, सुभाष यादव, पवन मौर्य, एम.के. अग्रवाल, गौरव कनौजिया, चित्र रस्तोगी, दीपक केवल रामानी, राजेश कुमार सिंह संगठन मंत्री अखिलेश अवस्थी सुरेन्द्र शुक्ला एवं संरक्षक राजकुमार बत्रा, रचित राम यादव, वसीम अहमद उर्फ गुड्डू, आरिफुल हसन, आरिफ सलीम, शिवपाल सांवरिया, राजीव त्रिपाठी, अजय दीक्षित, सोनू कनौजिया, गुलशन सचदेवा, एच.पी. सिंह, अनूप कमल सक्सेना, नागेन्द्र सिंह, राजेश मालवीय, गोपाल गुप्ता राधे-राधे, विधि सलाहकार धर्मेन्द्र शर्मा एवं राजेन्द्र श्रीवास्तव को बनाया गया।

## यूपी के सभी जिलों में डॉ. आम्बेडकर समेत अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं की हुई साफ सफाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रविवार को उत्तर प्रदेश में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर समेत सभी महापुरुषों व राष्ट्रनायकों की प्रतिमा की साफ-सफाई हुई। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में चले अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सर्वसमाज की भागीदारी रही। वाराणसी के 694ग्राम पंचायत में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पर्यवेक्षण में वाराणसी के लगभग सभी 100 वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया। कचहरी चौराहा, ढेलवरिया, दुर्गाकुंड और रामनगर स्थित अम्बेडकर पार्क और प्रतिमा की सफाई की गई। चंदौली में जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे के निर्देश पर सभी विकास खंडों में डॉ. भीमराव अंबेडकर के मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। गाज़ीपुर की जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने सफाई अभियान चलाया। लंका स्थित अम्बेडकर पार्क और प्रतिमा की सफाई की गई। इसके अलावा गाज़ीपुर के 1238 ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चला और डॉ. आम्बेडकर की मूर्ति व आसपास के स्थलों की सफाई हुई।

# नंदौली में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के नंदौली गांव स्थित खेल मैदान में बाबा नूर शहीद क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ.शोएब मुस्तफ़ा जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी वार्ड नं. 25 एवं विशिष्ट अतिथि बल्दीराय प्रधान संघ अध्यक्ष व पासी समाज जिला अध्यक्ष श्रीपाल पासी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि डॉ.शोएब मुस्तफा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल भावना को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की।उद्घाटन मुकाबला सोनबरसा 11 और रामनगर 11 टीमों के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सोनबरसा 11 ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आठ ओवर के इस रोमांचक मुकाबले में सोनबरसा की टीम मात्र 56 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में रामनगर की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य को मात्र 5 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया और 7 विकेट से जीत दर्ज की।मैदान पर भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे और हर चौके-छक्के पर तालियों की गूंज सुनाई दी। प्रतियोगिता में ग्रामीणों का जोश और उत्साह देखते ही बनता था।इस मौके पर डॉ. जहीर खान, मास्टर शमीम खान, मास्टर क़दीर खान, प्रधान अकील अहमद, अकरम कोटेदार, एहरार खान, डॉ. शादाब मुस्तफ़ा, समाजवादी पार्टी के अयोध्या प्रवक्ता कट्टू पांडेय, असगर रज़ा, जसीम खान, डॉ. नोमान और बब्बू (ब्रेटली) सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# महोली विधानसभा में राजेश शुक्ला का हुआ भव्य सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रदेश लहर, ब्यूरो सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के पुनः जिला अध्यक्ष बनने के बाद राजेश शुक्ला का महोली विधानसभा में प्रथम आगमन होने पर महोली के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विशाल स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान धौरहरा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा वर्मा उपस्थित रही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने राजेश शुक्ला की ऊर्जा का आकलन करके उन्हें पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है निश्चित तौर से आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी सीतापुर उनके दिशा निर्देश में विशेष कार्य करके दिखाएगी और आगामी पंचायत चुनाव व विधानसभा चुनाव में पार्टी विजय ध्वज फहराएगी उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार भी जताया और जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला को संपूर्ण साथ देने का वचन भी दिया अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी मेरी मां है और प्रत्येक कार्यकर्ता मेरे लिए पूज्य है मैं संपूर्ण जिले में भारतीय जनता पार्टी का ध्वज देखना चाहता हूं और नेतृत्व के निर्देशानुसार पार्टी का परचम फहराने के लिए अपनी संपूर्ण ऊर्जा लगाना चाहता हूं मुझे मेरे सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद चाहिए और मतदाताओं का विशेष सहयोग चाहिए । जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा की संगठनात्मक नीति की जमकर सराहना की गई उन्होंने कहा कि हमारे जिले से पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा है उनके नेतृत्व में हम सब कार्य करके पार्टी को उच्चतम स्तर पर पहुंचाएंगे जिससे पार्टी अपने लक्ष्यो को प्राप्त कर सके। इस अवसर पर नैमिष रतन तिवारी रोहित सिंह समस्त मंडल अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मिश्रा कल्याण सिंह हरीश पटेल रितेश सिंह गौड़ सहित पदाधिकारी व समर्थक उपस्थित रहे।

# जिले के 07 सिद्ध मन्दिरों एवं पर्यटन स्थलों का होगा कायाकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शासन द्वारा स्वीकृत किये गये 07 करोड़ 25 लाख**

बहराइच । प्रदेश सरकार द्वारा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित किये जाने के उद्देश्य से उन्हें पर्यटक सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में परियोजनायें स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर प्रदेश में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं में विकास के साथ-साथ पर्यटकों के आवागमन में बढ़ोत्तरी होगी। जिसके तहत पर्यटन विभाग की तरफ से जिले के 07 सिद्ध मन्दिरों एवं पर्यटन स्थलों के कायाकल्प के लिए करीब रू. 725 लाख धनराशि को शासन द्वारा मंजूरी मिली है। इसको लेकर शासनादेश भी जारी हो गया है। जल्द ही टेण्डर कराते हुए कार्य भी शुरू करा दिये जाएगें।

यह जानकारी देते हुए जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि मा. जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के प्रयास से वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत रू. 700 लाख से अधिक के कार्य स्वीकृत किये गए हैं। इस धनराशि से स्वीकृत मन्दिरों एवं पर्यटन स्थलों का सुन्दरीकरण एवं मूलभूत सुविधाओं का विकास कराया जाएगा। जिला पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि राज्य सेक्टर के अन्तर्गत सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रस्ताव पर शहर में स्थित चित्रगुप्त मान्दिर के पर्यटन विकास कार्य हेतु रू. 92.77 लाख स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार विधायक महसी सुरेश्वर सिंह के प्रस्ताव पर विधानसमा क्षेत्र महसी में स्थित परसननाथन मन्दिर, शंकरपुर के पर्यटन विकास हेतु रू. 58.35 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है। जबकि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रस्ताव पर विकास खण्ड पयागपुर स्थित बघेल झील के ईको पर्यटन विकास हेतु रू. 285.42 लाख स्वीकृत किया गया है। जिला पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि जिला योजना द्वितीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विकास खण्ड पयागपुर के ग्राम सचौली स्थित बागेश्वर नाथ शिव मन्दिर के पर्यटन विकास हेतु रू. 58.83 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज अन्तर्गत विकास खण्ड कैसरगंज के ग्राम पंचायत जगतापुरघाट पर हनुमान मन्दिर के पर्यटन विकास हेतु रू. 123.07 लाख की की धनराशि स्वीकृत की गयी। सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रस्ताव पर विकास खण्ड पयागपुर अन्तर्गत ग्राम इमलियागंज में गायबपीर बाबा सिद्ध बाबा स्थल के पर्यटन विकास हेतु रू. 75 लाख की धनराशि स्वीकृति स्वीकृत की गयी है। जिला पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि जनपद लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुरखीरी, अयोध्या, गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, बॉदा, शाहजहांपुर, संतकबीरनगर, महोबा के साथ-साथ जनपद बहराइच में ईको पर्यटन साइनेज के कार्य हेतु समेकित रूप से रू. 487.61 लाख की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि सभी कार्यो के लिए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को शासन द्वारा कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

# क़स्बा कचनार स्थित विपिन शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया नि:शुल्क स्वस्थ शिविर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। निःशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन सनसाइन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड* *ट्रामासेंटर के प्रमुख डॉ0 कौशल वर्मा द्वारा किया गया। जिसमें विकास खंड एलिया क्षेत्र के* *तमाम बच्चे/ बुजुर्ग एवं महिलाएं पहुंचकर निःशुल्क स्वस्थ शिविर का लाभ प्राप्त किया। रविवार को कचनार में आयोजित शिविर में करीब सौ लोगों को निःशुल्क परामर्श एवं दवाईयां वितरित की गई। शिविर डॉ0 कौशल वर्मा समेत हॉस्पिटल का स्टॉफ , जे पी वर्मा, ललित अर्कवंशी और कैलाश चंद्र यादव मौजूद रहे।

## जमीन नामांतरण के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप, अपर जिलाधिकारी से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला कायस्थान की रहने वाली निशा देओल पत्नी स्वर्गीय सत्य प्रकाश देओल ने पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव गैरतपुर जप्ती और ग्राम आँखे में स्थित जमीन पर 10 फरवरी 2016 को 395000 रुपए का लोन लिया था। महिला के पति सत्य प्रकाश देवल की 2019 में मृत्यु हो गई थी। जमीन अभी भी बैंक में बन्धक है। पति की मृत्यु के बाद निशा देवल व उनके पुत्र अतरिक्ष देवल के नाम विरासत दर्ज हो गई थी। दोनों का जमीन पर कब्जा हो गया। महिला व इकलौते पुत्र को देखकर जेठ महेश चन्द्र देवल व उनके पुत्र विकास देवल व विवेक देवल के मन में लालच आ गया। आरोप है तहसीलदार पूरनपुर के यहां फर्जी वसीयत पेश कर जमीन अपने नाम करानी चाही।वह खारिज कर दी गई। जबकि इस दौरान मुकदमा नंबर 88/2022 न्यायालय जिला जज पीलीभीत द्वारा विवादित सम्पत्ति पर यथास्थिति बनाये रखने का आदेश पारित किया गया था। आरोप है। इसके बावजूद धोखाधड़ी व जालसाजी कर एसडीएम से सांठ गांठ कर 60 लाख रुपए देकर पूरी जमीन बिक्री करने का प्रयास करने लगे। 8 जनवरी 2024 को उपनिबंधक कार्यालय में निशा व 18 जनवरी 2024 को उनके पुत्र व वेद प्रकाश देवल ने आपत्ति प्रार्थना पत्र दिया था। 22 मई 2024 को धैर्य शाह,मोहम्मद जीशान के नाम विवेक, विकास देवल द्वारा विवादित जमीन पूर्ण अंश का बैनामा करा दिया गया। इसमें स्टे ऑर्डर का उल्लघंन किया गया है। महिला ने बताया डिप्टी रजिस्ट्रार,तहसीलदार, एसडीएम ने गैर कानूनी तरीके से न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन किया है। कड़ी कार्यवाही कर जमीन की रजिस्ट्री व तहसीलदार द्वारा नामांतरण खारिज करवा कर पुनः उसके नाम दर्ज करने की मांग की है।

## भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन हुआ आयोजित

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ बरेली महानगर अध्यक्ष डॉ के एम अरोड़ा के कुशल नेतृत्व में सम्मेलन का आयोजन भव्य एवं संगठित रूप से किया गया इस दौरान तीन प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया सकारात्मक परिवर्तन,चुनावी रणनीति एवं संगठन का विस्तार,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियाँ उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा है और कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है।कि वे इन योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाएं। उन्होंने 2027 में प्रदेश में पुनः भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाने का लक्ष्य रखते हुए अभी से तैयारी शुरू करने की बात कही। साथ ही कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को जन-जन तक पहुँचाने का आग्रह किया डॉ के. एम. अरोरा नि.महानगर अध्यक्ष बरेली, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,अध्यक्ष गन्ना समिति नितिन दीक्षित नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता,भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,भाजपा जिलामंत्री एवं कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक अनुराग अग्निहोत्री,नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान,मण्डल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, मण्डल अध्यक्ष भगवती सिंह सहित कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## महिला की भूमि पर अवैध रूप से किया कब्जा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहनपुर जप्ती की रहने वाली राजकुमारी पत्नी लालजीत ने रविवार को बताया कि उस्के पति के हिस्से की जमीन पर वह काबिज है और फसल कर अपने बच्चों का गुजर बसर करती हैं। आरोप है देवर अपने सुसराल के लोगों की मदद से उसके हिस्से की कृषि भूमि पर भी अवैध रूप से कब्जा करना चाहता है। इसी के चलते वह इस से पहले भी गन्ने की फसल को नष्ट कर चुका है। अब वह गेहूँ की फसल भी नहीं काटने देता है। अक्सर पुलिस बुलाकर फसल काटने से रोक देता है। जबकि इस समय तेज हवाओं के साथ कई जगह गेहूं की फसल आग में जलने व आंधी पानी में कई किसानों की फसल बर्बाद हो चुकी है। देवर की झूठी शिकायत पर पहुंच कर पुलिस पीड़ित दंपति को गेहूं की फसल काटने से रोक देती है। जबकि पीड़ित दंपति के पास इस फसल के अतिरिक्त बच्चों के पालन पोषण हेतू कौई दुसरा साधन भी नहीं है और जमीन का मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। पीड़ित दंपति ने कोतवाली पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

# धूमधाम से मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । अंबेडकर जयंती के अवसर पर शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट, विकास भवन, नगर पालिका आदि सभी कार्यालयों के साथ-साथ जनपद के समस्त विकास खंड, नगर पंचायत व ग्राम पंचायत इत्यादि स्थानों पर उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती पर सरकार की मंशा के अनुरूप इस वर्ष दिनांक 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक पूरे जनपद में ष्हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमानष की टैगलाइन के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संविधान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, प्रभात फ़ेरी, चर्चा-परिचर्चा, व्याख्यान आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और छात्र-छात्राओं व आम जनमानस को बाबा साहब की जीवनी से अवगत कराते हुए बाबा साहब द्वारा कृत उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्त अवधि में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम स्थलों पर मूलभूत आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु व्यापक प्रबंध समय से पूर्ण कर लिए जाएं जिससे कार्यक्रम में सहभागिता करने वालों तथा आम जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के सभी विकास खंड, नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अंबेडकर पार्कों, प्रमुख चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, साज-सज्जा व रौशनी का कार्य व्यापक स्तर पर किया जा रहा है।

## संविधान के रचयिता को समर्पित किया गोमती मित्रों ने अपना श्रमदान

सुल्तानपुर। हमारे देश की संवैधानिक व्यवस्था जिस संविधान से चलती है उस संविधान की रचना में बाबा साहब का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है और संयोग था की उनकी जयंती के एक दिन पूर्व गोमती मित्र मंडल का सीता कुंड धाम पर साप्ताहिक श्रमदान का दिन था। जिन्होंने हमेशा स्वच्छता का महत्व बताया उन्हें स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने उपस्थित गोमती मित्रों व श्रद्धालुओं से कहा कि देश उन्हें संविधान निर्माता के नाम से तो जानता ही है लेकिन इसके साथ वे एक महान चिंतक, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, आर्थिक विशेषज्ञ, बहुभाषी वक्ता, संपादक, पत्रकार भी थे। प्रबंधक राजेंद्र शर्मा ने कहा की भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहब वास्तविकता में भारत माता के अनमोल रत्न थे। श्रमदान के बाद सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया, भारत माता की जय व बाबा साहब अमर रहें के नारों से पूरा धाम गुंजायमान हो गया।

# नाला न बनने से ग्रामीण परेशान, डीएम से लेकर सीएम तक शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**जिम्मेदारों पर लापरवाही बरतने का लगा आरोप**

**स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहा ब्लॉक पिसावां**

सीतापुर। जनपद के तहसील महोली के ब्लॉक पिसावां में विभिन्न गांवों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिम्मेदार केवल सरकारी रकम का दुरुप्रयोग कर कागजो पर स्वच्छ भारत मिशन का सपना साकार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार तहसील महोली के ग्राम पकरिया के रहने वाले बालकराम पुत्र स्व कंचन लाल द्वारा मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी सीतापुर को शिकायत पत्र देते हुए बताया गया की वह सामाजिक कार्यकर्ता हैं।शिकायतकर्ता के मूल निवास ग्राम पकरिया में घर के सामने गन्दा नाला निकला हुआ है जिसमे की गांव का दूषित जल निकलता हैं।गन्दे पानी का नाला पूर्ण रूप से छतिग्रस्त हो गया हैं। जिससे पानी प्रार्थी के घर व सड़क पर भर जाता है । जिससे कि संक्रामक बीमारियों के फैलने की प्रबल आसंका हैं। प्रार्थी के परिवार में छोटे छोटे बच्चे हैं जो कि नाले में कई बार गिरते गिरते बचे हैं। प्रार्थी के मकान से महज 7 मीटर की दूरी पर गन्दा नाला हैं।बालकराम ने बताया कि मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का सपना हैं कि स्वस्छ व सुंदर गांव हो लेकिन टूटे नाले में खुला बह रही गन्दगी आमजनमानस के लिए दूभर हो गयी हैं। जिलाधिकारी सीतापुर को दिया शिकायत पत्र की जांच राकेश कुमार मौर्या सचिव ग्राम पकरिया ब्लॉक पिसावां के द्वारा की गई जिनके द्वारा फर्जी आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया व बताया गया कि नाला निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि नही हैं।जिसके बाद बालकराम ने पुनः सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते मांग की नाला निर्माण की धनराशि स्वीकृत कर नाला बनवाने का आदेश पारित करे जिससे विभिन्न संक्रमण से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके । साथ मे आरोप लगाया कि सचिव राकेश मौर्या व एडीओ पंचायत ग्राम सभा पकरिया के द्वारा बिना जांच के ही फर्जी निस्तारण शिकायत का किया जा रहा है एवं मौके पर न जाकर कोई भी कार्रवाई अमल में नही लाई जा रही हैं। देश के मुखिया व प्रदेश के मुखिया का सपना है कि स्वस्छ भारत व सुंदर भारत हो लेकिन गंदे नाला के टूट जाने से आमजनमानस का जीना दूभर हो गया है। सचिव व एडीओ पंचायत की मिली भगत के चलते कोई भी कार्य ग्राम सभा मे नही हो रहा है। मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित व आवश्यक कार्रवाई कर नाले को जल्द से जल्द बनवाने की बालकराम द्वारा मांग की गई हैं। अब देखना यह हैं कि क्या कोई ग्राम विकास के नाम पर कार्य होता हैं या ठंडे बस्ते में मामले को डाल कर झूठी रिपोर्ट शासन को प्रेषित कर दी जाएगी।

# खनन माफियाओं की गुण्डई, सहायक अभियंता को पीटा

## 24 घंटे बाद भी पुलिसिया कार्रवाई सिफर, दोबारा नजर न आने की दी धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। योगी सरकार मे जहां गुण्डा-माफिया और तस्कर सलाखों के पीछे अथवा जहन्नुम की यात्रा कर रहे है वही बालू तस्कर बेखौफ व बेलगाम है। इन तस्करो के हौसले इतने बुलंद है कि वह सरकारी मुलाजिमों पर हमला करने से भी खौफ नही खा रहे है। बीते दिनों बाढ खण्ड के सहायक अभियंता पर बालू तस्करों ने उस समय हमला कर दिया जब वह बंधे का निरीक्षण के दौरान सफ़ेद बालू से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर मेन रोड से जाने की सलाह दी। नतीजतन चालक के फोन पर आठ दस की संख्या मे पहुचे बालू माफियाओं के गुर्गो सहायक अभियंता पर टूट पडे और जमकर पिटाई की। मजे की बात यह है कि सहायक अभियंता द्वारा तहरीर देने के चौबीस घंटे बीतने के बाद भी जटहां पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया। ऐसे मे पुलिस की कार्यशैली और सरकारी मुलाजिमों की सुरक्षा पर सवाल उठना मुनासिब है।



जनपद के जटहां बाजार थाने को दिये गये तहरीर मे बाढ खण्ड के सहायक अभियंता विवेक त्रिपाठी ने कहा है कि 11 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर 12 बजे के बाद अपने कर्मचारी विंध्याचल के साथ कटाई भरपुरवा तटबंध का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान सफ़ेद बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पहुंची तो उन्होंने ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर चालक से मेन रोड से जाने को कहा। उन्होने बताया कि ग्रामीणों द्वारा बार-बार शिकायत की जा रही है कि ओवरलोड बालू लदी गाड़ियों के गुजरने से चार माह पूर्व बंधे पर बनी पिच टूट गई है। इसको देखते हुए चालक से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली को मेन रोड से ले जाने की सलाह दी। इसके बाद ट्रैक्टर चालक ने फ़ोन कर बालू माफियाओं से बात की। कुछ ही देर में दस से ज्यादा लोग बंधे पर पहुंच गए और उन पर हमला बोल दिए।

सहायक अभियंता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि बालू माफियाओं ने धमकी दी कि वह यहां नजर आए तो बहुत पीटेंगे। हालांकि इस घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। लोगों का कहना है कि काफी दिनों से कटाई भरपुरवा के दियारा क्षेत्र में रात में बालू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई होगी। सीओ अभिषेक प्रताप अजेय का कहना है कि सूचना मिली है। जटहा एसओ से अभियोग दर्ज करने को कहा गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बेशक! बालू माफियाओं के आगे जिले की पचलिस नतमस्तक है। यही वजह है कि बाढ खण्ड के सहायक अभियंता द्वारा अधिकारी तहरीर देने के एक दिन बाद भी जटहा बाजार पुलिस ने बालू माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया है। पुलिस की इस कार्य शैली को लेकर स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों में रोष व्याप्त है। सवाल यह हैं कि क्या खनन माफियाओं के प्रभाव के आगे जटहां बाजार पुलिस लाचार और विवश है? जनपद में बेखौफ अवैध बालू खनन हो रहा है यह अवैध कारोबार लंबे समय से गंभीर समस्या बना हुआ है। जिले के खड्डा तहसील क्षेत्र के मदनपुर, भेड़िहारी, भैंसहा, पनियहवा, कटाई भरपुरवा सहित दर्जनों घाटों पर अवैध खनन जोरों पर है। कप्तानगंज, हाटा, कसया और तमकुहीराज तहसील क्षेत्रों में भी माफिया बेखौफ होकर नदियों और तटबंधों से बालू निकाल रहे हैं। ओवरलोड वाहनों के जरिए बालू की ढुलाई न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि तटबंधों की संरचना को भी कमजोर कर रही है। स्थानीय लोगो का कहना हैं कि माफियाओं का दबदबा इतना बढ़ गया है कि वे सरकारी अधिकारियों को मारने-पीटने और भी धमकाने से नहीं डरते है। कटाई भरपुरवा, एपी तटबंधों पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से तटबंध पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है, जिससे इसके क्षतिग्रस्त होने का खतरा बढ़ गया है। बाढ़ खंड के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक नहीं लगाई गई, तो तटबंध की सुरक्षा खतरे मे आ सकती है। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है, लोगो का कहना है कि जब सरकारी अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी है ? लोगों का आरोप है कि खनन माफियाओं को स्थानीय स्तर पर प्रभावशाली लोगों और सफ़ेदपोशों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके वजह से बेरोकटोक खनन का अवैध कारोबार चल रहा है।

# 6 करोड़ की लागत से गोरखपुर नरकटिया रेल खण्ड पर होगा अण्डरपास निर्माण : सांसद

## अण्डर पास निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में दौड़ी खुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। स्थानीय ग्राम देवकली उर्फ चकिया एक तरफ रेल लाइन और दो तरफ बड़ी नहर तथा एक तरफ जलमग्न एरिया से घिरा हुआ है । इस गांव के लोग अरसे से समपार ढाला अथवा अंडरपास बनवाने के लिए मांग कर रहे थे लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई मजबूरन गांव के ग्रामीण जान जोखिम में डालकर रेललाइन पार कर प्रतिदिन बोदरवार सहित अन्य स्थानों पर आते जाते थे। दर्जनों लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से अब तक मौत भी हो चुकी है ।

ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से गोरखपुर नरकटिया रेल खण्ड पर चकिया गांव के सामने रेल अंडर पास बनाने के लिए प्रतिनिधियों से लेकर उच्चाधिकारियों तक अपनी गुहार लगाकर थक गए थे । ग्रामीण कई बार विधानसभा तथा लोकसभा में चुनाव का बहिष्कार भी किए थे लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जनवरी माह में चकिया के ग्रामीण व भाजपा बोदरवार मण्डल के शिष्ठमंडल के नेतृत्व में स्थानीय सांसद विजय कुमार दूबे से मिलकर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराकर रेल अंडर पास बनाने की मांग किया था । स्थानीय सांसद माननीय दूबे ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था बहुत जल्द रेल मंत्री से मिलकर अंडरपास बनाने की मांग करूंगा। सांसद विजय कुमार दूबे की पहल पर रेल मंत्रालय ने रेलखण्ड पर चकिया गांव के सामने 6 करोड़ की लागत से अंडरपास बनाने की स्वीकृति प्रदान की है । जिसका आज सांसद विजय कुमार दूबे ने भूमि पूजनकर आधारशिला रखी गई है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा देश में मोदी और प्रदेश में योगी की डबल इंजन की सरकार में पडरौना संसदीय क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है ।

# नीमा के स्थापना दिवस पर फ्री मेडिकल कैम्प एवं क्षय रोगियों में वितरित हुआ पोषण पोटली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नेशनल इंट्रीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन(नीमा) के स्थापना दिवस पर आयोजित फ्री हेल्थ कैम्प एवं 25 क्षय रोगियों के पुष्टाहार वितरण कार्यक्रम जो स्थानीय नगर पंचायत के शिव मंदिर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि उ प्र पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष फुलबदन कुशवाहा ने कहा कि जन जन तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है। ऐसे आयोजनों के द्वारा गरीबों का उपचार किया जा रहा है जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नीमा द्वारा क्षय रोगियों को पोषण देना अत्यंत ही सराहनीय उन्होंने नीमा से अपील किया कि ऐसे आयोजन प्रत्येक तीन माह होने चाहिये। विशिष्ट अतिथि के रूप में नवागत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भाष्कर ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रमों में क्षय उन्मूलन है इसे हम सभी के भगीदारी से निश्चित ही कामयाबी मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे विभाग द्वारा क्षय रोगियों को सभी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। समाज के जिन व्यक्तियों द्वारा क्षय रोगियों के पोषण की व्यवस्था करायी जा रहा है वे सभी प्रसंशा के पात्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आयुवेर्दिक अधिकारी डॉ दयाशंकर वर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत नीमा के अध्यक्ष डॉ रविरंजन श्रीवास्तव ने किया तथा आभार सचिव डॉ विनोद गुप्ता ने व्यक्त किया। कैम्प में लगभग 200 मरीजों का फ्री उपचार किया गया जिसमें उनके बीपी,सुगर की जांच तथा क्षयरोग एवं फाइलेरिया की स्क्रीनिंग भी किया गया एवं 25 क्षय रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली भी वितरित किया गया। इस दौरान जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी,नीमा संरक्षक डॉ एनबी राय,नगर पंचायत अध्यक्ष जेपी गुप्ता,अधीक्षक डॉ अमित राय,डॉ जितेंद्र,डॉ एस. के.दुबे,डॉ विनोद पांडेय,डॉ रेहान,डॉ भाष्मती,डॉ नीलू,डॉ स्वाति,निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र,संजय दुबे, प्रवीण कुमार,वाहिद आदि उपस्थित रहे।

## अंबेडकर की जयंती के पुर्व संध्या पर दिपोत्सव



पडरौना (कुशीनगर) (एनडीएस संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के आवाहन पर निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को भारतीय संविधान निर्माता,भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती के पूर्व संध्या पर नगरपालिका परिषद पडरौना के चेयरमैन विनय जायसवाल एवं पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र के नेतृत्व में नगर के कठकुयां मोड़ स्थित अंबेडकर के प्रतिमा के पास दीपोत्सव किया गया। उक्त अवसर पर बंका सिह, देवेंद्र मिश्रा ,किशोर यादव , नगर मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी ,अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल , महामंत्री विष्णु जयसवाल ,देवेश मिश्रा नगर मंत्री ,मनोज शर्मा, विनोद गुप्ता ,प्रमोद श्रीवास्तव ,अजय मिश्रा , विकास चौरसिया ,ब्रजेश शर्मा ,सुरेंद्र सिंह ,सर्वेश जयसवाल ,अमित त्रिपाठी, धर्मेंद्र मद्धेशिया ,सर्वेश जयसवाल ,अंकित अग्रवाल , पप्पू यादव , कुंदन सिंह सहित सभी उपस्थित रहे।

## बाइक में दुपट्टा फंसने से महिला की मौत।

**कुशीनगर(एनडीएस संवाददाता)।** खड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत मठिया मोड़ पर रविवार दोपहर 12 बजे एक हृदयविदारक हादसे में नेपाल निवासी महिला की मौत हो गई। महिला अपने पति के साथ दवा कराने कसया जा रही थी, तभी यह घटना हुई।मृतका की पहचान रीना गुप्ता (उम्र 40 वर्ष) पत्नी राजकुमार गुप्ता निवासी परासी चौराहा, जनपद परासी, नेपाल के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक रीना गुप्ता बाइक पर अपने पति के पीछे बैठी थीं और उनके गले में दुपट्टा लिपटा हुआ था। बाइक चलते समय दुपट्टा पिछले चक्के में फंस गया, जिससे गला कस गया और महिला बेहोश होकर गिर पड़ी।घटना के तुरंत बाद महिला को तुर्कहा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर सुशील कुमार की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रीना गुप्ता अपने पति के साथ इलाज कराने नेपाल से भारत के कुशीनगर जनपद स्थित कसया जा रही थीं। इस दर्दनाक हादसे में महिला की मौके पर ही जान चली गई। मृतका महिला के दो बच्चे हैं। जिनकी उम्र 20 और 16 वर्ष है।घटना दोपहिया वाहन पर यात्रा करते समय सतर्कता और सावधानी बरतने की सख्त आवश्यकता की याद दिलाती है।

## तेज आंधी-तूफान और बारिश से भारी तबाही, फसलें बर्बाद, बिजली ठप

**कुशीनगर(एनडीएस संवाददाता)।** जनपद में 13 अप्रैल रविवार को अचानक मौसम का मिजाज बदला और कुशीनगर जिले में तेज आंधी और बारिश ने तबाही मचा दी।नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक के पशरमापुर गांव में तेज हवाओं से एक झोपड़ी उड़ गई और बिजली का खंभा गिर गया। पास में खड़े फ़ेरीवाले की जान बाल-बाल बची।खड्डा थाना क्षेत्र के गांधी नगर (वार्ड-2) में टीनशेड गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका इलाज तुर्कहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।जनपद में कई घरों के टीनशेड उड़ गए और खेतों में पड़ी गेहूं की फसलें भीग गईं।कप्तानगंज और खड्डा क्षेत्र में भी आंधी और बारिश से फसल कटाई रुक गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। सुबह तापमान 40 डिग्री सेल्सियस था, जो बारिश के बाद गिरकर 27 डिग्री तक पहुँच गया।बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है।प्रभावित क्षेत्रों में लोगों ने प्रशासन से राहत की मांग की है।

## नशे के गुलामी को छोड़ें, खूबसूरत जिंदगी को चुने

**कुशीनगर(एनडीएस संवाददाता)।** ब्रह्माकुमारी द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति भारत अभियान के तीसरे दिन सिधुवा बाजार, गोड़रिया बाजार, बांसगांव की सरगटिया टोला, बांसगांव खास, सिकटिया, थाड़ीभार, रेलवे स्टेशन और दुदही के नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आजीम आलम जी के दरवाजे पर जागरूकता वाहन द्वारा कुंभकरण के बहुत ही सुंदर, आकर्षणीय, मनमोहक झांकी दिखाते हुए एवं नशे के खिलाफ एल.ई.डी के द्वारा मोटिवेशनल वीडियो दिखाते हुए ब्रह्माकुमारी बहनें कुशीनगर की संचालिका मीरा दीदी एवं स्मिता दीदी, अमृता दीदी ने सभी लोगों को नशे के खिलाफ जागृत करते हुए कहा की अज्ञान रूपी निद्रा से जागे, नशे के गुलामी को त्यागे, और खूबसूरत जिंदगी को चुने। नशे से होने वाले नुकसान एवं उससे बचने का उपाय बताकर लोगों को नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा भी कराया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आजीम आलम जी एवं बांसगांव खास के प्रधान जी उपस्थित रहे, एवं अभियान में विजेंद्र भाई प्रमिला बहन, अवधेश भाई, हरिगोविंद भाई, अनिता बहन, निर्मला बहन, छांगुर भाई एवं अन्य भाई बहनें शामिल रहें।

## 44 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**ठूठीबारी/महराजगंज (एनडीएस संवाददाता)।** थानाध्यक्ष ठूठीबारी राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक अनुराग प्रकाश पांडेय मय हमराह, हेडकांस्टेबल मानिक चंद , कांस्टेबल मनोहर यादव द्वारा त्वरित पुलिसिंग करते हुए मुखबिर की खास सूचना पर अवैध तस्करी की रोकथाम में एसएसबी कैम्प ठूठीबारी के पास एक व्यक्ति लीलाचन्द पुत्र कोदई ग्राम ठूठीबारी टोला सड़कहवा थाना ठूठीबारी जनपद महराजगंज उम्र 26 वर्ष के पास तस्करी के लिए नेपाल से भारत ले जा रहे दो झोले में 44 शीशी अवैध नेपाली शराब को पुलिस टीम द्वारा अन्तर्गत धारा 60/63 आबकारी अधिनियम में अभियुक्त उपरोक्त के पास से बरामद कर अभियुक्त उपरोक्त को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाना स्थानीय पर मु.अ. संख्या 47/25 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय देउरवा में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम




**मिठौरा/महराजगंज(एनडीएस संवाददाता)।** विकास खण्ड मिठौरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत देउरवा में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय देउरवा कंपोजिट में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसके माध्यम से मेधावी छात्र व छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान देउरवा ऊषा देवी ने किया तथा संचालन विनोद कुमार ने किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल रहे तथा विशिष्ट अतिथि प्रथमिक शिक्षक संघ के मिठौरा ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप विश्वकर्मा एवं जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विद्यासागर पटेल रहे इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल ने कहा कि ऐसे आयोजन से मेधावियों के हौंसले बुलंद हो जाते हैं । उन्होंने विद्यालय के मेधावी छात्र विपुल गौड़ तथा छात्रा बेबी गौड़ का चयन नवोदय विद्यालय में होने पर खुशी जाहिर किया और दोनों को स्मृति चिह्न व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया इसी क्रम में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दिलीप विश्वकर्मा तथा विद्यासागर पटेल ने संयुक्त रूप से कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्र - छात्राओं की प्रतिभा में निखार आता है । उन्होंने विद्यालय की मेधावी छात्रा अंजली एवं वर्षा का चयन अटल आवासीय विद्यालय में होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए दोनों को स्मृति चिह्न व पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

## ईसाइयों ने मनाया पाम सन्डे



**पादरी बाजार , गोरखपुर(एनडीएस संवाददाता)।** पाम संडे अर्थात खजूरी इतवार को सेंट मार्क्स चर्च में कलीसिया के द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। पामसंडे का पर्व हम मसीहियों के जीवन मे शांति और मन फिराव और बुराई को छोड़कर भलाई का संदेश लेकर आता है।प्रभु यीशु मसीह का स्वागत और अभिनंदन करने के लिए रास्ते में आने वाले सभी लोगों ने खजूर की डालियां लेकर और रास्ते में कपड़े बिछाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया और होसन्ना होसन्ना के नारे लगाए और कहा शांति का राजा शांति स्थापित करने के लिए आता है हमारा उद्धार कर। इसी क्रम में कलीसिया के लोगों ने एक खजूर की डालियां लेकर प्रभु के गीत गाते हुए चर्च में प्रवेश किया और आराधना और स्तुति की और इवलिन जूलियस,अंशिका मसीह,अश्रिता मसीह और ब द्ध द प की महिलाओं ने सुंदर गीत प्रस्तुत किये।संडे स्कूल के बच्चों ने भी एक्शन सॉन्ग के द्वारा प्रभु को महिमा दिया। सभी लोगों ने मिलकर एक दूसरे को शांति का संदेश दिया।मुख्य वक्ता के रूप में विनोद जोशुआ और कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित रॉबर्ट सचिव, अंकित जॉन, रवि एडवर्ड,ग्रिजेश दयाल,अरुणा सोलेस,अलवीना दयाल, एलन दयाल,संजीत पॉल,विनोद मसीह,स्मिथ प्रकाश,इमानुएल जॉर्ज,रेमी अलेक्जेंडर, कैटरीना,अमरीशा दयाल, सुधा कुजूर,अन्वित कुजूर,अभिषेक याकूब,अमित मैसी,रमेश जॉन,सैमी जूलियस,संगीता,रोहन अनिल पॉल,निशा,ईशा,बिन्नीआदि उपस्थित रहे।

# महिला श्रद्धालुओं के साथ मारपीट, चार घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। बृजमनगंज थाना क्षेत्र स्थित लेहड़ा दुर्गा मंदिर में एक घटना सामने आई है। लेहड़ा मंदिर के दुकानदारों का आतंक ,महिला को मारपीट कर किए घायल शनिवार की रात साढ़े सात बजे धर्मशाला में ठहरने को लेकर श्रद्धालुओं और दुकानदारों के बीच विवाद हो गया।

गोरखपुर के इस्माईलपुर की रहने वाली ऊषा देवी अपने परिवार के साथ दुर्गा मंदिर में कढ़ाई चढ़ाने आई थीं। रात होने के कारण वह धर्मशाला में ठहरना चाहती थीं। एक प्रसाद विक्रेता ने उन्हें अपनी दुकान से प्रसाद खरीदने के बदले मुफ्त ठहरने का प्रस्ताव दिया। कुछ देर बाद कुछ लोगों ने श्रद्धालुओं परिवार से विवाद शुरू कर दिया। उन्होंने ऊषा देवी, उनकी चार पुत्रियों और 4 वर्षीय नाती कृष्णा समेत आधा दर्जन लोगों को पीट दिया। सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी बृजमनगंज ले जाया गया। लेहड़ा मंदिर में आए श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ लेहड़ा पुलिस नहीं लेती कोई एक्सन ।



पीड़ित परिवार ने लेहड़ा चौकी में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह का कहना है कि मामला सुलझा दिया गया है और कोई तहरीर नहीं मिली है। जब की ऊषा देवी ने पुलिस पर स्थानीय लोगों का पक्ष लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर स्थानीय पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो वह मुख्यमंत्री के दर्शन दरबार में जाकर शिकायत करेंगी । लेहड़ा मंदिर पर आए श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई नहीं करेगी तो महिला मुख्यमंत्री दरबार में शिकायत लेकर पहुंचने की बात कही है ।

# अंबेडकर की प्रतिमा की साफ सफाई व माल्यार्पण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। प्रांत अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जीवन एक प्रेरणादायक गाथा है, जिसमें एक व्यक्ति ने सामाजिक अन्याय, भेदभाव और छुआछूत जैसी विशेष बुराइयों के विरुद्ध लड़ते हुए इतिहास रच दिया। अंबेडकर जी ने छुआछूत को न केवल सामाजिक बुराई माना, बल्कि इसे मानवता के लिए कलंक कहा। वे मानते थे कि जब तक समाज में छुआछूत रहेगी, तब तक सच्चा लोकतंत्र नहीं आ सकता। उन्होंने कहा कि सफ़ाई केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी होनी चाहिए। उन्होंने दलितों को यह सिखाया कि वे अपने आत्म-सम्मान को पहचानें और सामाजिक गंदगी को चुनौती दें।वे मानते थे कि दलितों को सिर्फ सफाई कर्मचारी के रूप में देखना अन्याय है। हर किसी को समान अवसर और गरिमा से जीने का अधिकार होना चाहिए। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल छुआछूत और जातिवाद के ही नहीं, बल्कि समाज में फैली अनेक अन्य सामाजिक कुरीतियों के भी प्रखर आलोचक थे। उनका विचार था कि जब तक समाज में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना नहीं आएगी, तब तक सच्चा लोकतंत्र स्थापित नहीं हो सकता। कृपाशंकर पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ ने कहा कि उनका प्रसिद्ध कथन है मैं ऐसा धर्म मानता हूँ जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सिखाता उन्होंने शिक्षा को परिवर्तन का सबसे प्रभावशाली हथियार माना और कहा शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जीवनभर सामाजिक न्याय, मानव गरिमा और समानता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने समाज में व्याप्त हर उस कुरीति का विरोध किया जो इंसान को इंसान से छोटा बनाती है। एडवोकेट एम पी यादव अध्यक्ष विधानसभा निजामाबाद ने कहा कि अंबेडकर जी ने मनुस्मृति की कड़ी आलोचना की, क्योंकि उसमें वर्ण व्यवस्था को स्थायी और जन्म आधारित बताया गया था। उन्होंने जाति व्यवस्था को मानव स्वतंत्रता के विरुद्ध एक षड्यंत्र कहा।उन्होंने कहाः जाति एक कृत्रिम निर्माण है, न कि ईश्वर द्वारा दी गई व्यवस्था।वे मानते थे कि धर्म का उद्देश्य मानव कल्याण होना चाहिए, न कि गुलामी या भेदभाव। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश यादव,अन्नू राय,अभिषेक राजभर रमेश मौर्य,अनिल यादव,रूपेश विश्वकर्मा,जीवन ज्योति,संजय यादव,अरुण मौर्य,सुधीर यादव,राजन सिंह,दीनबंधु गुप्ता,हरेंद्र यादव,शिवम् यादव आदि साथी उपस्थित रहे।

# युवाओं के काम से भारत को मिलेगी नई पहचान : प्रो. रेड्डी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रो. कुंदुरु रामचंद्र रेड्डी ने कहा कि वर्ष 2047 तक हम सभी ने भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस राष्ट्रीय संकल्प की सिद्धि और लक्ष्य की प्राप्ति में वर्तमान युवा पीढ़ी के द्वारा किए गए कार्य निर्णायक भूमिका निभाएंगे। आज के युवाओं द्वारा देखे गए नए सपने, नई सोच और उनके द्वारा किए गए काम भारत को दुनिया में एक नई पहचान दिलाने का काम करेंगे।

प्रो. रेड्डी रविवार को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के 18वें समावर्तन संस्कार समारोह (दीक्षांत समारोह) को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समावर्तन संस्कार विद्यार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता हैं। यह ऐसा पड़ाव है जब आप अपनी शिक्षा हासिल करके, अपनी डिग्री प्राप्त करके, अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने निकल पड़ते हैं। इस यात्रा के लिए आपको तैयार करने मे आप के गुरुजनों, माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसलिए आज का यह दिन उनके सामने अपनी कृतज्ञता और आभार व्यक्त करना, आपकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होना चाहिए।



प्रो. रेड्डी ने कहा कि ज्ञान-विज्ञान के बढ़ते आयामों के साथ आज यह आवश्यक है कि विद्यार्थी अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को संजोकर रखें। समावर्तन संस्कार का मूल ही हमें अपनी संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़े रखता है। आज के बदलते हुए परिवेश में विद्यार्थियों का यह कर्तव्य है कि वो इस बदलते हुए सामाजिक परिवेश के साथ अपने ज्ञान आधारित सामंजस्य को बेहतर तरीके से स्थापित करें। विद्यार्थी जीवन की सफलता इस तथ्य में निहित है कि वो अपने अर्जित ज्ञान के आधार पर समाज के उन्नयन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक हमारे देश के युवा वर्ग को अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाना पड़ता था, पर आज हमारे पास अपने सभी सपनों को पूरा करने के साधन और संसाधन दोनों हैं, जरूरत हैं तो सिर्फ संकल्प शक्ति की। आज समय बदल गया हैं, यह भारत का समय हैं। आज आप अपने इस देश में अपने भारत में रहकर कोई भी सपने देख सकते हैं और उन्हें अपने संकल्प और साधना से पूरा भी कर सकते हैं। शिक्षा हमें जीवन की आगामी चुनौतियों के लिए तैयार करती है। प्रो. रेड्डी ने कहा कि जीवन में सर्वश्रेष्ठ की प्राप्ति तभी संभव है, जब आन्तरिक तथा वाह्य के मध्य संतुलन स्थापित किया जाए। अतः हमारी प्रकृति में सहजता एवं संतुलन का अनन्य समन्वय होना चाहिए। आज का यह सामवर्तन संस्कार हमें उसी परम्परा से जोड़ता है। समावर्तन हमे इस रूप में दीक्षित करता है कि हमें अपने समस्त ज्ञानेनद्रियों एवं कर्मेन्दियों को अनुशासित कर सद्आचरण कर सकें। समावर्तन समारोह की अध्यक्षता करते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, सोनबरसा, आरोग्यधाम बालापार, गोरखपुर के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी देश में बड़ा बदलाव ला सकती है। युवाओं में हर चुनौतियों से लड़ने और उसका समाधान निकालने की क्षमता होती है। हम सब को अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को किनारे रख कर राष्ट्र धर्म सर्वोपरि की भावना रखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में या तो आप परिवर्तन को प्रेरित करते हैं अथवा परिवर्तन आपको प्रेरित करता है। इसलिए विद्यार्थी अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करें और एकाग्र होकर उन लक्ष्यों को हासिल करने के लिये प्राण-पण से जुट जाएँ। इस दिशा में युगपुरूष ब्रहमलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की भूमिका अविस्मरणीय है। नाथपंथ का समग्र दर्शन वास्तव में शिक्षा एवं ज्ञान के आधार पर समाज का कल्याण करने वाला श्रेष्ठ दर्शन है। प्रो. सिंह ने कहा कि आज के शिक्षण संस्थानों का यह परम कर्तव्य है कि वो न सिर्फ किताबी ज्ञान से युक्त अपितु संस्कार आधारित शिक्षा, श्रेष्ठ जीवन मूल्य एवं आदर्शों से ओत-प्रोत जीवनोपयोगी गुणों से परिपूर्ण ऐसे विद्यार्थियों का निर्माण करें, जो समाज को सही दिशा दे सकें। इस दृष्टि से महाराणा प्रताप महाविद्यालय अत्यन्त सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए एक आदर्श शिक्षा केन्द्र के रूप में विकसित होने की दिशा में अग्रसर हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भावी जीवन में निरंतर सीखने की भावना जागृत रखें।

# बनकटी सूर्यबली सिंह,रयगाँव,बछईपुर ग्राम पंचायत में मनरेगा में लूट की मिली खुली छूट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । श्रमिकों को गांव में ही रोजगार की गारंटी देने वाली केन्द्र की मनरेगा योजना जिम्मेदारों के लिए दुधारू गाय साबित हो रही हैं।योजना में भ्रष्टाचार चरम पर है,साथ ही रोज़गार गारंटी योजना के नियमों की जमकर धज्जियां उ ड़ाई जा रही हैं।मस्टर रोल में मजदूरों की फर्जी हाज़िरी लगा कर प्रधान व रोजगार सेवक अपने खास लोगो के खाते में पैसा भेज रहे हैं।ताज्जुब की बात यह है कि कई मामले सामने आने के बावजूद उच्च अधिकारियो द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।योजना में भ्रष्टाचार को रोकने हेतु एमएमएस सिस्टम लागू किया गया हैं जिसमें साइड पर जो मनरेगा मजदूर काम करते हैं उनकी मस्टर रोल में आनलाइन हाजिरी रोजगार सेवक या मेठ के द्वारा लगानें का नियम है।इसके अनुसार मजदूरों का काम करते हुए फोटोग्राफ्स भी अपलोड किया जाता है जो फोटो सा फ सुथरी और ऊंचे स्थान से खड़े होकर खींचा गया हो जि समें मजदूरों का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे कि जिन म जदूरों की हाजिरी मस्टर रोल में लगी

**आंधी पानी और तूफान में जब लोग अपने घरों में दुबके थे तब विकासखंड मुजेहना के ग्राम पंचायत रयगाँव बनकटी सूर्यबली सिंह और बच्छईपुर में कागज में मनरेगा मज दूर कार्य कर रहे थे**

हो वही मजदूर फोटो में प्रर्दशित हो,लेकिन ग्राम प्रधान, सचिव,एपीओ,व मनरेगा स्टाफ की मिलीभगत से केंद्र सरकार के नियमों की खूब धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।हम बात कर रहे हैं गोण्डा जन पद के मुजेहना विकास खंड की।जहाँ 16 ग्राम पंचायतो में मनरेगा योजना के तहत चकरोड,भूमि समतलीकरण, बंधा निर्माण,तालाब सौंदर्याकरण आदि 26 कार्य वर्तमान में संचालित है।मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार इन 26 कार्यों में कुल 863 मजदूरों की प्रतिदिन हाज़िरी लग रही है।प्रति श्रमिक 252 रुपये के हिसाब से प्रतिदिन 217, 476 /- रुपए रोजगार के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन सरकार की मंशा के विपरीत मनरेगा



मजदूरी में रोजगार सेवक,प्रधान व एपीओ मनरेगा से जुड़े अन्य कर्मचारियों द्वारा मजदूरों की हाजिरी के नाम पर बड़ा खेल किया जा रहा है।वही भी उस दिन जिस दिन तेज मेघ गर्जना आंधी--पानी बारिश हो रही थी लोग अपने घरों में दुबके हुए थे उस दिन केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के संसदीय क्षेत्र में मनरेगा मजदूर कागज में काम कर रहे थे।

केस नम्बर एक -- मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायत बन कटी सूर्यबली सिंह में ऑनलाइन मस्टर रोल नम्बर 81से 85 में 45 मजदूरों की हाजिरी दर्शायी जा रही है।जबकि कैनविज टाइम्स की टीम ने जब मौके का निरीक्षण किया तो दस अप्रैल को मौके पर एक भी मजदूर कर नहीं करते पाए गए।

केस नम्बर दो----मुजेहना ब्लॉक की ही ग्राम पंचायत बछई पुर में इंटरलॉकिंग से अंत्येष्टि स्थल तक सड़क पर मिट्टी पटाई और खड़ंजा



निर्माण कार्य में ऑनलाइन मस्टर रोल संख्या 25 से 27 में 32 मजदूरों की हाजिरी और अंचल पुर में ककराहवा तालाब सौंदर्याकरण कार्य के ऑनलाइन मस्टर रोल संख्या 161 से 168 में 62 मजदूरों की हाजि री दर्शायी जा रही है।लेकिन बारिश में जब लोग अपने घरों में दूबके हुए थे तब बछईपुर में फोटो खींचकर मनरेगा के ऑनलाइन सिस्टम पर फर्जी फोटो अपलोड किया जा रहा है।

केस नम्बर तीन--- मुजेहना ब्लॉक की ही ग्राम पंचायत रा यगाँव में लल्लन के खेत से जान मोहम्मद के खेत तक मि ट्टी पटाई कार्य के नाम पर ऑनलाइन मस्टर रोल संख्या 105 से 114 में 95 श्रमिको की हाजिरी दर्शायी जा रही हैं।यहाँ पर दो कार्यों के लिए 95 श्रमिकों की हाजिरी 10 अप्रैल को कागज में लगाई गई है,जिस दिन आंधी पानी और तूफान लोग अपने घरों में थे उसे दिन रायगांव में कागज पर मनरेगा मजदूर कार्य कर रहे थे।सबसे विचित्र बात यह है कि चल रहे कार्य पर कहीं डिस्पले बोर्ड नहीं लगा दिखाई दे रहा,जबकि शासन का आदेश हैं कि हो रहे कार्यों पर डिस्पले बोर्ड पहले लगाए जाएं।इस पूरे मामले पर खंण्ड विकास अधिकारी से जब दूरभाष पर बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर बताया और उनसे बात नहीं हो पाई है।

**टीम गठित कर कराई जाएगी जांचः मंडलायुक्त**

मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। इस संबंध में जब देवीपाटन मंडलयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचा र की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# जलियांवाला बाग शहीद दिवस पर नीलगिरी फाउंडेशन के द्वारा संजीवनी रक्तदान अभियान का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । नीलगिरी फाउंडेशन द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउ ट्स और गाइड्स जिला संघ गोंडा एवं जनपद स्वास्थ्य वि भाग के सहयोग से ''संजीवनी के सहयोग से जलियांवाला बाग नरसंहार के शहीदों की याद में रविवार को रक्तदान अभियान'' का आयोजन रेलवे कॉलोनी,गोंडा स्थित सेफ्टी कैंप में किया गया।यह आयोजन जलियांवाला बाग नरसं हार के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए,मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.एस.के.मिश्रा,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,पूर्वो त्तर रेलवे अस्पताल उपस्थित रहे।साथ ही डॉ.रवि वर्ना के नेतृत्व में ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान प्रक्रिया को कुश लता से सम्पन्न कराया।नीलगिरी फाउंडेशन के संस्थापक गिरीश कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने आयोजन को सफल



बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।बड़ी संख्या में युवाओं, रेलवे कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने इस पुनीत कार्य में भाग लिया और रक्तदान किया।यह आयोजन स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने,सामुदायिक सेवा की भावना को बढ़ावा देने और देशभक्ति को नई ऊर्जा देने का एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया।

# बिना फिटनेस व अग्निशमन यंत्र के दौड़ रहे स्कूली वाहन, खतरे में नौनिहाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । स्कूलों में नए सत्र की शुरुआत हो गई है ज्यादातर स्कूली छोटे-बड़े वाहनों में अग्निशमन यंत्र के कोई इंतजाम नहीं हैं।और इनकी फिटनेस भी सही नहीं है।जबकि यह वाहन नौनिहालों को स्कूल लाने व ले जाने का काम कर रहे हैं।ऐसे में बच्चों के जीवन को खतरे डाला जा रहा है। जबकि परिवहन विभाग की ओर से वाहनों में अग्निशमन यंत्र लगाकर ही संचालित कराने के स्पष्ट निर्देश है,लेकिन इसके बाद भी स्कूल प्रशासन इस पर अमल नहीं कर रहे हैं।जिले में संचालित करीब सैकड़ो से अधिक विद्यालयों के 760 छोटे-बड़े स्कूली वाहन एआरटीओ कार्यालय में पंजीकृत हैं।वहीं सौ से अधिक ई-रिक्शा,टैंपो व वैन भी विभिन्न स्कूल से बच्चों को लाने व भेजने का काम कर रहें हैं।इनमें से करीब 30 फीसदी छोटे-



बड़े वाहनों में अग्नि शमन यंत्र नहीं लगे हुए हैं।करीब 100 से अधिक स्कूली वाहनों का फिटनेस फ़ेल है,रोड़बेज बसे निजी वाहनों की तर्ज पर स्कूल के भी वाहनों में अग्निशमन के साथ वाहनों का फिटनेस अनिवार्य है।हालात यह है कि वाहन स्कूली बच्चों को बिना खौफ जिले के विभिन्न इलाकों की सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं।निजी वाहन संचालक भी अधिक रुपये कमाने के चक्कर में नौनिहालों की जिंदगी के साथ लगातार खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

**प्रत्येक शैक्षिक सत्र में जारी होता नोटिस**

एआरटीओ की मानें,तो प्रत्येक शैक्षिक सत्र शुरू होने से पूर्व स्कूली वाहनों को फिटनेस कराने को लेकर नोटिस जाता है।वर्ष 2024 में 100,से अधिक वाहनों को नोटिस जारी किया गया था।इनमें से अधिक--से अधिक लोगों ने स्कूल वाहनों ने अपना फिटनेस कराया था जबकि मौजूदा शैक्षिक सत्र के आरंभ में करीब 100 स्कूली वाहनों को नोटिस दिया गया है,लेकिन ज्यादातर स्कूल प्रशासन की ओर से वाहनों को फिटनेस कराने में कोई दिलचस्पी नहीं ली गई।

**अनफिट स्कूली वाहनों पर होगा सख्ती के साथ कार्रवाई**

100,अनफिट स्कूली वाहनों का अभी तक फिटनेस नहीं हुआ है।ऐसे वाहनों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है।अग्निशमन यंत्र के बिना भी वाहन अनफिट माने जाते है।जांच के दौरान यदि ऐसे वाहन सड़क पर संचालित होते पाए गए,तो तत्काल सीज कर दिया जाएगा।आरटीओ (परिवर्तन दल)शैलेंद्र त्रिपाठी।

# योगी सरकार का तबादला नीति का नहीं हो रहा है पालन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । जानकारी के अनुसार तबादला नीति में 20% सर कारी कर्मचारियों और अधिकारियों को एक जगह से दूस री जगह भेजा जाना होता है,जिसमें पिछले तीन वर्षों से जमे कर्मचारी और अधिकारियों का स्थानांतरण होना तय माना जा रहा है।गोण्डा जनपद में तबादला नीति का पाल न नहीं हो रहा है।जिले के हर विभाग में तैनात है कई सा लों से मठाधीश अपने जोर-जुगाड़ व व साहब की खिदमत में माहिर हैं लोग आम जनता को करते हैं परेशान है,जिले में तबादला नीति का पालन इमानदारी से किए जाने की जरूरत है।इसकी कवायद कब शुरू होगी यह देखने वाली बात है।इस संदर्भ में जिलाधिकारी नेहा शर्मा को सभी वि भागों में लंबे समय से एक ही पटल व एक ही कार्यालय में तैनात लोगों पर नजर रखनी चाहिए और इन लोगों के बना ए गए रैकेट को तोड़ना चाहिए।कहा जा रहा है कि इस सा ल भी जिले के कई अधिकारियों और कर्मचारियों के स्था नांतरण होने हैं और कुछ लोगों को एक जगह से दूसरी ज




गह भेजा जाना है।हालांकि अभी तक इसके लिए कोई शासनादेश नहीं आया है।शासनादेश आने के बाद उसके मुताबिक सभी लोगों का स्थानांतरण और समायोजन कि या जाएगा।ऐसा भी कहा जाता है कि जिला पूर्ति अधिका री के कार्यालय और विकास भवन के समस्त विभागों के लिपिक,मनरेगा के तकनीकी सहायक, आंगनबाड़ी की सुपरवाइजर,राजस्व विभाग के लेखपाल और कानूनगो, कलेक्ट्रेट के तैनात कर्मचारी और अधिकारियों छांटना और उनको नियमानुसार वहां से हटा पाना किसी चुनौती से कम नहीं है।ये सभी लोग अपने गुणा गणित और राज नीतिक व प्रशासनिक जोर के दम पर अपने लिए कोई न कोई रास्ता बना लेते हैं और एक ही स्थान पर कई सालों से जमे रहते हैं।ऐसा भी होता है कि इनके गठजोड़ से ही विभागीय अधिकारी अपनी वसूली और अतिरिक्त कमाई पर विशेष ध्यान रख पाते हैं।क्योंकि वे कई सालों से जमे होने के कारण हर अतिरिक्त आय के ठौर ठिकाने से वाकि फ होते हैं और जुबान से फरमाइश निकलते ही पूरी करवा देने में माहिर होते हैं।इसीलिए इन मठाधीशों को अधिकारी भी इन्हे पाल-पोसकर रखते हैं।जानकारी के अनुसार जन पद के 16 विकास खंडों में तैनात अधिकारियों और कर्म चारियों में 40% कर्मचारी ऐसे हैं जो चार साल से लेकर आठ वर्षों से एक ही पटल या एक ही जगह पर तैनात हैं। ब्लॉक से लेकर ही नहीं विकास भवन तक कर्मचारियों में इमानदारी से खोजा जाय तो पता चलेगा कि कई लोग जि ले और मंडल में रहने की समय सीमा पूरी कर चुके हैं,ले किन उसके बाद भी यहीं जमे हैं।ऐसा कहा जाता है कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़े लोग,समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी,पशुपालन विभाग के कर्मी, सहकारि ता और बाल विकास से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी, कृषि विभाग के कर्मचारी,जिला पंचायती राज विभाग के कर्मचारी,जिला पूर्ति कार्यालय और परिवहन विभाग के कर्मचारी,आबकारी विभाग के कर्मचारी,स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के कई बाबुओं की काफी लंबे समय से एक ही जगह पर तैनाती हैं।लेकिन इनका तबादला कभी नहीं होता है।वे अपना जुगाड़ लगाकर एक ही कुर्सी पर जमे नजर आते हैं।कई कार्यालयो में कहीं पर तैनाती व कहीं पर अटैचमेंट का खेल भी वर्षों से खेला जा रहा है।वहीं जिला पूर्ति कार्यालय और जिला पंचायत कार्यालय में तैनात लिपिकों व निरीक्षकों को कोई कभी नहीं हटा पा रहा है।यही हाल स्वास्थ्य वि भाग व जिला अस्पताल समे त अन्य जगहों पर तैनात चिकित्सकों के अलावा अन्य क र्मचारी का है,जो मनमाने तरीके से काम करने के बाद ही एक ही पटल व एक ही जगह पर जमे हुए हैं।अब देखना है कि जिले में इसके लिए जिलाधिकारी व विभागीय आ ला अधिकारी कब अपनी नजर फ़ेरते हैं और कब मठाधी शों का तबादला होता है।

# जिला सर्राफा व्यापार मण्डल की बैठक में पदाधिकारियों का मनोनयन

**रजनीश रस्तोगी चुने गए जिलामहामंत्री /मीडिया प्रभारी,आनंद रस्तोगी को प्रभारी नियुक्त किया गया**

**जिलाअध्यक्ष बनने के बाद पहली बार नानपारा आगमन पर पुष्प गुच्छ देकर व फूलमालाओं से किया गया स्वागत**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा (बहराइच) । सर्राफ़ा व्यापार कमेटी की एक बैठक आनंद रस्तोगी जी के आवास पर आहूत की गई जिसकी अध्यक्षता जिला महामंत्री राजेश रस्तोगी ने की इस बैठक मे जिले से आये सभी लोगों का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया साथ ही सभी को प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित भी किया गया । बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सुमित खन्ना बहराइच ,सत्येंद्र रस्तोगी अध्यक्ष सर्राफा व्यापार मंडल बहराइच व कन्हैया सोनी मुख्य रहे। इस मौके पर जिला संगठन के द्वारा नगर नानपारा से रजनीश रस्तोगी सत्या को जिला सर्राफा व्यापार मंडल में जिला महामंत्री/जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया एवम आनन्द रस्तोगी को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया,किरन रस्तोगी को मंत्री ,संजय सोनी को जिला कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया गया मनोनयन के इस अवसर पर सर्राफा व्यापार कमेटी रजिस्टर्ड नानपारा के अध्यक्ष कैलाश नाथ सोनी ने जिला कमेटी को आशा व विश्वाश दिलाया की सर्राफा व्यापार कमेटी नानपारा हर परिस्थिति मे आपके साथ मौजूद रहेगी इस मौके पर गनेश प्रसाद सोनी, मनोज सोनी, महेंद्र, अनूप, भोला सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**डा. अम्बेडकर की जयंती के पूर्व संध्या पर आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ो लोगों क़ो मिली निशुल्क दवाएं व परामर्श**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जरवल बहराइच । डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेशनल मेडिकोज अर्गनाइजेशन के द्वारा जरवल के तपेसिपाह बावन बाबा कुटिया पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य पदमसेन चौधरी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख जरवल विपेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। श्री सिंह ने स्वास्थ्य शिविर मे आये हुए डाक्टरों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।स्वास्थ्य




मेले मे आये हुए लोगों को बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर के संघर्ष एवं देश के लिए किए गये योगदान की चर्चा की।भारतीय संविधान तैयार करने पर प्रकाश डालते हुए आर.एस.एस के सहजिला कार्यवाह अंकुश ने बाबा साहेब को नमन किया।स्वास्थ्य मेले मे क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा निशुल्क दवा वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डा. मोहिसिन रजा,डा.अनिल वर्मा, नेत्र चिकित्सक शाकिब, डा.रचना, डा. अशोक कुमार, डा.रेनू राजपूत, ग्राम प्रधान उमेश गुप्ता उर्फ जंगी,धर्म जागरण संयोजक प्रवीण सिंह, राजेश श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य मेले मे आये हुए अतिथियों का सम्मान कर कार्यक्रम का समापन किया।

# एसपी के आदेश को ठेंगा, ट्रांसफर होने के बावजूद पुराने कार्य स्थल पर जमे सिपाही

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । इसे मुख्य आरक्षियों का रसूख कहें,प्रभारी निरीक्षक की मेहरबानी कहें या फिर उच्चाधिकारियों का खत्म होता इक़बाल! जो भी हो, सच्चाई यह है कि तबादले के बाद भी करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मियों का वजीरगंज थाने का मोह नहीं छूट रहा है। यही वजह है कि वे न जाना चाहते हैं और न ही प्रभारी निरीक्षक उन्हें रिलीव कर रहे हैं।जिले के पुलिस महकमे में उच्चाधिकारियों के आदेश का शत-प्रति शत पालन हो, यह जरूरी नहीं है,क्योंकि थाने के प्रभारी निरीक्षक का भी अपना रूतबा और रसूख होता है।यही व जह है कि तबादले के बाद भी वजीरगंज थाने के रसूखदार प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा आरक्षी व मुख्य आरक्षियों को रिलीव नहीं कर रहे हैं,जबकि अधिकारियों द्वारा किए गए आदेश में स्पष्ट लिखा होता है कि 'स्थानांतरित स्थल पर तत्काल प्रस्थान कराकर अनुपालन




आख्या वाचक कार्यालय में लौटती डाक से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।'पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के इस आदेश को वजीरगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा न सिर्फ ठेंगा दिखा रहे हैं,बल्कि तमाम गंभीर आरोप लगने के बाद इन पुलिसकर्मियों का बचाव भी करते हैं।दर अस ल वजीरगंज थाने में तैनात हेड कांस्टेबल रावत यादव का तबादला कोतवाली नगर,हेड कांस्टेबल पंकज सिंह का थाना कोतवाली देहात व हेड कांस्टेबल आनंद सिंह का थाना नवाबगंज कर दिया गया।इनके स्थानांतरण का आदेश 17 मार्च 2025 को जारी किया गया।वहीं दूसरी तरफ वजीरगंज थाने में ही तैनात कांस्टेबल रजत सिंह का तबादला 09 नवंबर 2024 को उमरीबेगमगंज थाने के लिए किया गया था,लेकिन आज तक रवानगी नहीं की गयी।आरक्षी रजत सिंह के साथ ही मार्च महीने में स्थानां तरित किए गए तीन मुख्य आरक्षी भी वजीरगंज थाने पर ही डटे हुए हैं।उनका मोह वजीरगंज से नहीं छूट रहा है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल का आदेश न तो स्थानांतरित आरक्षी के लिए कोई मायने रखता है और न ही मुख्य आरक्षियों की सेहत पर कोई फर्क पड़ रहा है। इतना ही नहीं,प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा भी पुलिस अधीक्षक के आदेश को दरकिनार कर अपनी ही मर्जी चला रहे हैं।तभी तो, एसपी विनीत जायसवाल के आदेश को नजरंदाज कर उनकी कृपा स्थानांतरित पुलिसकर्मियों पर बनी हुई है।सूत्र बताते हैं कि जिन पुलिसकर्मियों की रवानगी प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा नहीं होने दे रहे हैं, वे उनके लिए अहम हैं।हालांकि,यह बात दीगर है कि क्षेत्र में इनकी छवि बहुत ठीक नहीं है और आए दिन इनकी शिकायतें भी होती रहती हैं।इसके बावजूद कप्तान साहब को गुमराह कर थाने के बड़े साहब की कृपा और दुलार इन पुलिसकर्मियों पर बरस रहा है।इनके खिलाफ इलाके के पीड़ितों द्वारा की जाने वाली शिकायतें भी थाने की चौखट पर ही दम तोड़ देती हैं।यदि मामला उच्चाधिकारि यों तक पहुंच भी गया तो वे भी थाने के प्रभारी निरीक्षक से ही जानकारी लेते हैं और बड़े साहब पहले से ही गढ़ी हुई कहानी सुनाकर पीड़ित व शिकायतकर्ता को ही गलत साबित कर देते हैं।ऐसे में वजीरगंज थाने में पीड़ितों के इं साफ की उम्मीदें भी दम तोड़ रही हैं।

# युवा भाजपा नेता ने चेयरमेन संग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। कलीनगर के पूर्व चेयरमैन पुत्र एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने कलीनगर में विकास की गति देने के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांगे रखी हैं। अस्पताल,निबंधन कार्यालय और सड़कों की मांग को पूरा करने का आश्वासन भी दिया है। भाजपा नेता के इस प्रयास की नगर और क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।

कलीनगर को तहसील का द़र्जा मिल जाने के बावजूद अभी भी विकास कार्यों से काफी पिछड़ा हुआ है। यहां अस्पताल,यातायात के साधन,रजिस्ट्री कार्यालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाए न होने से नगर पंचायत वासियों को काफी परेशानी हो रही है। कलीनगर के पूर्व चेयरमैन अनीता कैलाश सक्सेना के पुत्र और भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नवनीत सक्सेना ने मुख्यमंत्री से मिलकर कलीनगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना करने की मांग की। इस दौरान हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर उन्हें भगवान हनुमान की प्रतिमा भेंट की। उन्होंने बताया सरकारी अस्पताल न होने से लोगों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। इसमें उन्हें काफी परेशानी होती है। इसके अलावा निबंधन कार्यालय खुलवाने का भी पत्र दिया है। 2016 में कलीनगर का तहसील का द़र्जा मिलने के बाद इसकी भव्य इमारत भी भाजपा सरकार में बन गई है। निबंधन कार्यालय न होने से वाद कारियों और अधिवक्ताओं को तहसील के चक्कर काटने पड़ते हैं। इसके अलावा नगर के ही ऐतिहासिक देवस्थान मंदिर को जाने का कोई रास्ता नहीं है। यहां रोजाना भक्त खेतों के बीच से पगडंडी से ही पहुंचते हैं। इससे उन्हें काफी परेशानी होती है। भाजपा नेता ने बताया मुख्यमंत्री ने तीनों मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया है। उनके प्रयास की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है। भाजपा नेता के साथ बरखेड़ा चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल भी मौजूद रहे हैं। उन्होंने भी अपनी नगर पंचायत में विकास के लिए कई मुख्यमंत्री को पत्र दिए हैं।

**सीएम से मुलाकात के दौरान भाजपा नेता ने कलीनगर में रजिस्ट्री कार्यालय,सड़क और अस्पताल खोलने की उठाई मांग**

# संस्कृत को देश की राजभाषा बनाने के प्रबल समर्थक थे डॉ अंबेडकर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन धर्म जागरण समन्वय पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र प्रमुख अभय जी ने आज यहां कहाकि कि डॉ भीमराव अंबेडकर देश में संस्कृत भाषा को राजभाषा बनाने के प्रबल समर्थक थे। इसके लिए उन्होंने संस्कृत को भारत की राजभाषा बनाने का प्रस्ताव भी दिया था। भारतरत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर के. एन. आई. कैम्पस के सी.एस.ए. हाल में आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए अभय जी ने कहाकि डॉ अंबेडकर को लगता था कि तमिल उत्तर भारत में स्वीकार्य न हो। उसी तरह हिंदी दक्षिण भारत में स्वीकार्य न हो, लेकिन संस्कृत को लेकर उत्तर और दक्षिण में विरोध की कोई आशंका नहीं थी। शायद यही वजह है कि अंबेडकर ने संस्कृत को भारत की राजभाषा बनाने का प्रस्ताव दिया था। देश को स्वाधीनता मिले दो साल बीत चुके थे। आजाद भारत को नया विधान देने के लिए संविधान सभा लगातार कार्य कर रही थी। भारत की राजभाषा क्या हो, इसे लेकर प्रस्ताव आने वाला था। संविधान सभा में भाषा का सवाल उठने के ठीक एक दिन पहले 11 सितंबर 1949 को 'नेशनल हेराल्ड' अखबार में एक खबर छपी, 'संस्कृत के साथ अंबेडकर।' उन दिनों इस समाचार ने देश को चौंका दिया था। अंग्रेजी पढ़े-लिखे और ब्रिटिश वायसराय की कौंसिल यानी मंत्रिमंडल के सदस्य रह चुके डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को लेकर कोई यह कल्पना भी नहीं कर सकता था कि वे संस्कृत का समर्थन करेंगे। लेकिन नेशनल हेराल्ड में छपी इस खबर ने डॉ. अंबेडकर को लेकर जारी धारणा को खंडित कर दिया था। उस समाचार के अनुसार संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष और देश के तत्कालीन विधि मंत्री डॉ. भीमराव अंबेडकर उस धारा के साथ थे, जो संस्कृत को स्वाधीन भारतीय संघ की आधिकारिक भाषा बनाने की पैरोकार थी। संस्कृत को भारतीय संविधान की आधिकारिक राजभाषा बनाने वाले प्रस्ताव में अंबेडकर के साथ भारत के विदेश मामलों के उप मंत्री डॉ. बी.वी. केसकर और बंगाल से चुन कर आए संविधान सभा के सदस्य नजीरुद्दीन अहमद थे। डॉ. अंबेडकर ने यह प्रस्ताव राष्ट्रभाषा व्यवस्था परिषद् के उस प्रस्ताव के संशोधन के रूप में दिया था, जिसमें परिषद ने कहा था कि अंग्रेजी की जगह हिंदी को निश्चित रूप से प्रतिष्ठित किया जाए। उसे अंग्रेजी की जगह लेने के लिए दस साल से ज्यादा का वक्त भी नहीं लगना चाहिए। परिषद ने इसी प्रस्ताव में सुझाव दिया था कि भारतीय संघ के सभी प्रान्त अपनी-अपनी स्थानीय एवं प्रादेशिक भाषाओं का प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र हों। लेकिन उनकी शिक्षा व्यवस्था में दो भारतीय भाषाओं की पढ़ाई अनिवार्य होगी। तत्कालीन सरकार को भेजे इसी प्रस्ताव में राष्ट्रभाषा व्यवस्था परिषद् ने यह भी सुझाव दिया था कि आदर्श वाक्यों, उपाधियों आदि तथा शोभनीय-प्रसिद्ध जगहों के लिए भारतीय संघ को संस्कृत का प्रयोग करना। राष्ट्रभाषा ने अपना यह त्रिसूत्रीय प्रस्ताव अगस्त, 1949 में सरकार को दिया था। डॉ. अंबेडकर ने संस्कृत को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव राष्ट्रभाषा व्यवस्था परिषद के इसी प्रस्ताव में संशोधन के रूप में सुझाया था। डॉ. अंबेडकर ने यह सुझाव तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को दिया ।

# महिला ने एक बीघा भूमि के फर्जी बैनामा पर राज्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**राज्यमंत्री ने तिलोई के तहसीलदार को जांचोपरांत सख्त कार्यवाही का निर्देश दिया**

**पीड़िता ने एक बहुचर्चित भूमाफिया पर साजिशकर्ता का लगाया आरोप**

तिलोई अमेठी । तहसील तिलोई क्षेत्र में इन दिनों कूटरचित दस्तावेज लगाकर फर्जी बैनामा कराने की होड मची हुई है। ग्राम पंचायत आशापुर रूरू में एक बीघा बेशकीमती भूमि को एक रसूखदार भूमाफिया की सांठगांठ से करा लेने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पीड़ित महिला ने प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के जनता दर्शन में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। राज्यमंत्री ने तहसीलदार को उक्त मामले में जांचोपरांत सख्त कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि मोहनगंज पुलिस ने इसी तरह के एक फर्जी बैनामा के मामले में एक महिला समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है लेकिन कूट रचित दस्तावेज तैयार कर बेशकीमती जमीनों को औने पैमाने दामों में धोखाधड़ी कर बैनामा कराने के मामले दिन प्रतिदिन उजागर हो रहे हैं जो कि उप निबंधक कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। उप निबंधक कार्यालय तिलोई में एक दो नही बल्कि दर्जनों ऐसे लोगों का फाइलों में दखल रहता है जिनका महकमे के साथ ही क्रेता विक्रेता से दूर दूर तक कोई सम्बंध नही है लेकिन साहब उन्हीं रसूखदारों के रहमो करम पर मलाई काट रहे हैं जो कि तहसील से लेकर जनपद तक के अधिकारियों को नजर नही आता है। विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत आशापुर रूरू निवासिनी राजिया बानो पत्नी शान मोहम्मद ने रविवार को राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के जनता दर्शन में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाते हुये शिकायती पत्र सौंपा है जिसमें उस व्यक्ति को साजिशकर्ता बताया गया है जिसे सरकार की सुरक्षित जमीनों को हड़पकर इमारतें बनाने में महारथ हासिल है। पीड़िता ने लिखा है कि मेरी बेशकीमती भूमि गाटा संख्या 338 रकबा लगभग एक बीघा मेरे पति शान मोहम्मद के नाम दर्ज थी जिसकी कीमत लगभग पच्चीस लाख रुपये है जो रोड साइड है। बीती पच्चीस जनवरी को आशापुर रूरू के एक बहुचर्चित भूमाफिया से सांठगांठ कर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर ग्राम पंचायत गड़ेहरी के एक व्यक्ति के नाम लिखवा ली गई जबकि चौबीस व पच्चीस जनवरी को मेरे पति घर पर ही थे और छब्बीस जनवरी को मेरे पति का इंतकाल हो गया।मेरे पति का दिमागी संतुलन ठीक नही था जिनका लखनऊ से इलाज भी चल रहा था।पति की बीमारी के लिये यही भूमि तीन लाख पैंसठ हजार रुपये में गिरवी रखा था और अब उसके पास परिवार के भरण पोषण के लिये कोई जरिया नही है। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने उक्त मामले को गम्भीरता से लेते हुये तहसीलदार अभिषेक यादव को दूरभाष पर जांचोपरांत सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

# स्कूल में मनाई गई महान गणितज्ञ आर्यभट्ट की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।अवध पब्लिक स्कूल में आज भारत के महान गणितज्ञ एवं खगोलविद आर्यभट्ट की जयंती धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गणित के प्रति जागरूक करना तथा आर्यभट्ट के जीवन और योगदान से प्रेरणा दिलाना था।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षाविद लक्ष्मीकांत सर के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को आर्यभट्ट के जीवन से परिचित कराते हुए बताया कि आर्यभट्ट का जन्म 476 ईस्वी में हुआ था और उन्होंने मात्र 23 वर्ष की आयु में 'आर्यभट्टीय' ग्रंथ की रचना की, जो गणित और खगोल विज्ञान के क्षेत्र में मील का पत्थर है। उन्होंने शून्य की संकल्पना,दशमलव पद्धति तथा पाई का मान सटीक रूप से प्रस्तुत किया, जो आज भी प्रासंगिक हैं।विद्यालय के प्रबंध निदेशक आशीष मिश्रा ने इस अवसर पर गणित के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ल्गणित केवल अंकों का खेल नहीं है, यह सोचने की एक विधि है, जो तर्कशक्ति और समस्या-समाधान कौशल को विकसित करता है। आर्यभट्ट जैसे वैज्ञानिकों ने गणना और ब्रह्मांड के रहस्यों को जोड़कर यह सिद्ध कर दिया कि गणित जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी है।कार्यक्रम में प्रखर त्रिवेदी और दीक्षा सैनी ने विद्यार्थियों के लिए गणितीय गतिविधियाँ जैसे क्विज़ प्रतियोगिता, पहेलियाँ, और रोचक गणितीय तथ्य प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि ''गणित केवल किताबों में सीमित नहीं है, यह चारों ओर फैला हुआ हैं। प्रकृति, संगीत, कला, तकनीक सब कुछ गणित से जुड़ा है।कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा रहा गणित क्विज़ प्रतियोगिता, जिसमें कक्षा 8 की अनुश्री एवं कक्षा 6 की अक्षिता नेगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक आशीष मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा, ल्इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को गणित से डरने के बजाय उससे जुड़ने की प्रेरणा देते हैं। आर्यभट्ट जैसे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर हमें नवाचार और अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को गणित की सुंदरता और उपयोगिता से परिचित कराया तथा उन्हें तार्किक और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## पूर्व प्रधान के खेत से चोरी किये गये पैनल के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने जैतपुर के पूर्व प्रधान के खेत से सोलर पैनल चोरी के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के कब्जे से चोरी का सोलर पैनल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान चोरी के मामले में वांछित शिवा रावत पुत्र राकेश रावत निवासी ग्राम भुलैया का पुरवा मजरे टिकरी,पवन कुमार पुत्र स्वर्गीय रवीन्द्र रावत निवासी ग्राम गदुवापुर मजरे टिकरी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को ग्राम भुलैया का पुरवा मजरे टिकरी के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया हम लोगो ने साथ मिलकर दिनांक नौ अप्रैल की रात्रि में ग्राम बैसन पुरवा के बाहर खेत में लगे ट्यूबबेल के सोलर पैनल को चोरी कर लिया था।उक्त सोलर पैनल को मोटरसाइकिल से ले जाकर कहीं छिपा दिया था। पुलिस ने पकड़े गये युवकों की निशानदेही से सोलर पैनल बरामद किया गया। घटना में प्रयुक्त एक हीरो डीलक्स मोटर साइकिल संख्या यूपी 33 बी पी 5840 को शिवा रावत के घर से बरामद किया गया।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ चोरी और माल बरामदगी की धाराओं में मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## साले को मौत के घाट उतारने वाला युवक गिरफ्तार

शुकुल बाजार अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने पत्नी के भाई की हत्या के अभियोग में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त रक्तरंजित एक अदद चाकू बरामद कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्र मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर हत्या के मामले में वांछित मोहम्मद शरीफ उर्फ राजू पुत्र मोहम्मद खुर्शीद निवासी ग्राम महराजगंज थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर उम्र करीब तीस वर्ष को ग्राम सेवरा के पास से प्रातः गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने पकड़े गये युवक की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रक्तरंजित एक अदद चाकू गनेशी का पुरवा से प्रतापपुर जाने वाली सड़क के बगल झाड़ियों से बरामद किया गया। पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर दिया है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक मोहम्मद शरीफ उर्फ राजू ने बताया कि बीती दस अप्रैल की शाम को मेरा अपनी पत्नी से पारिवारिक बातों को लेकर विवाद हो गया था। मैं अपनी पत्नी को मारपीट रहा था तभी उसका भाई आशिफ (मृतक) कमरे में आकर मुझे कुछ अपशब्द बोल दिया था जिसके कारण गुस्से में आकर मैं अपने हाथ में लिये चाकू से उसके सीने पर जोरदार वार कर दिया था जिससे घायल होकर आशिफ की मृत्यु हो गयी थी और मैं मौके से भाग गया था। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## अक्शा फातिमा ने 93 परिणाम लाकर नाम किया रोशन

सुल्तानपुर/बल्दीराय कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के ग्राम सभा नंदौली में स्थित हॉली वीजन पब्लिक स्कूल में इस बार बच्चे व बच्चियों का परिणाम उत्साहपूर्वक देखने को मिला। ग्राम सभा नंदौली की निवासी 'अक्शा फातिमा' ने क्लास 8 में 93ङ्क रिजल्ट लाकर अपने पेरेंट्स का नाम रोशन किया है। बेटी के इस प्रणाम से उसके परिवार वाले काफी उत्साहित हैं और ऐसी खुशी की घड़ी में एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कर रहे हैं स्कूल प्रबंधक निहाल खान ने कहा कि हमारे स्कूल में सभी शिक्षक बच्चों के प्रति मेहनत करते हैं जिससे इस वर्ष कई बच्चे बच्चियां टॉपर के रेस में शामिल है। भ्टै स्कूल के अंदर सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध करा दी गई है जिससे सभी बच्चे सरलता पूर्वक अपनी पढ़ाई कर सके और आगे उन्होंने कहा जो बच्चा जितनी मेहनत से पढ़ेगा वह उतना अच्छा परिणाम ला सकेगा जिससे मेरे स्कूल का भी नाम रोशन होगा साथ-साथ गांव का भी नाम रोशन होगा। अक्शा फातिमा ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने स्कूल के टीचर स्टाफ को व अपने पेरेंट्स को माना है और सभी का उसने दिल से आभार व्यक्त किया।

# भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर अभियान चलाकर की गई साफ सफाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को उनकी जयंती से पूर्व जनपद के सभी नगरीय निकायों, विभिन्न वार्डों, ग्राम पंचायतों आदि में स्थापित अम्बेडकर पार्कों तथा अम्बेडकर की प्रतिमाओं की विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई। स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती पर चौदह से अठाइस अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत चौदह अप्रैल को प्रातः साढ़े नौ बजे से राजकीय बालिका इण्टर कालेज गौरीगंज में ''हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान'' टैगलाइन वाले पोस्टर, बैनर एवं झंडों के साथ प्रभात फ़ेरी का आयोजन किया जायेगा। ग्यारह बजे जनपद के समस्त कार्यालयों में प्रार्थना सभा व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं संविधान निर्माण में उनके व अन्य मनीषियों की भूमिका पर प्रकाश डाला जायेगा और कलेक्ट्रेट सभागार में वाद विवाद, गोष्ठी एवं सेमिनार का आयोजन किया जायेगा।इसी प्रकार विभिन्न तिथियों में अठाइस अप्रैल तक जनपद में धूमधाम से उत्सव के रूप में भारत रत्न, बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर प्रार्थना सभा, क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रभात फ़ेरी, महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता आदि पर सेमिनार के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# राज्यमंत्री ने गांव चलो अभियान में गिनाई सरकार की उपलब्धियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गांव चलो अभियान के तहत तिलोई विधानसभा के ग्राम छीछा के बूथ पर आयोजित बूथ समिति बैठक कार्यक्रम राज्यमंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई और प्राथमिक विद्यालय के एक छात्र से तेरह का पहाड़ा सुनकर उस बच्चे को पुरस्कृत किया। भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनमानस को सम्बोधित करते हुये केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। राज्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता की जानकारी लेते हुये प्राथमिक विद्यालय के एक छात्र से तेरह का पहाड़ा सुना और छात्र द्वारा पहाड़ा सुनाने पर उसे पुरस्कृत कर उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष पंकज अवस्थी, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, अंकित सिंह, आनंद सिंह, बाल गोविंद सिंह, सोनू सिंह सहित तमाम अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# पूरनपुर में लगातार मिल रहे हैं गोवंश के अवशेष मुकदमा दर्ज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र में गोवंश की हत्या का सिलसिला जारी है। रामपुर ता महाराजपुर व खमरिया पट्टी गांव के पास एक खेत में गोवंश के अवशेष मिले। इस घटना से हिंदू संगठन में रोष व्याप्त हो गया है।सूचना मिलते ही भारतीय बजरंग दल,राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने लगातार हो रही गोवंश हत्याओं पर गहरी नाराजगी जताई है।बीते दिनों में कुल छह अलग-अलग स्थानों पर अवशेष मिले है। घटनाएं कई गांवों के खेतों में सामने आईं हैं।जिससे ग्रामीणों में बेचैनी का माहौल है। रामपुर ता महाराजपुर,खमरिया पट्टी,समाजिक वानिकी रेंज, महदं खास,अमरैया कला इन सभी मामलों में राष्ट्रीय बजरंग दल के नेता ठाकुर शिवम भदौरिया की भूमिका सक्रिय रही हैं। इस मामले में सीओ पूरनपुर प्रगति चौहान ने बताया कि घटनाक्रम की जानकारी मिली है घटनास्थल का निरीक्षण पुलिस टीम द्वारा किया गया है।

# धूमधाम से मनाया वैशाखी महापर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। आज 13 अप्रैल जिला गुरुद्वारा कमेटी ने वैशाखी महापर्व बड़ी धूमधाम से मनाया। गुरुकीर्तन अमर बाणी पाठ के साथ जनपद के प्रसिद्ध सर्जन डॉ ए के सिंह ने सिक्ख समाज को वैशाखी महापर्व के दशवे गुरगोविंद सिंह जी के त्याग बलिदान दिवस के साथ जनरल डायर द्वारा निहत्थे महिलाओं पुरुषों बच्चों पर वैशाखी महापर्व के दौरान गोलियों से हजारों लोगों मारे जाने व शहादत के रुप में हम उन्हें याद करने के साथ बसंती बयार प्राकृतिक सौन्दर्य अनुपम छटा फैसलों के पकाने एवं ग़म को खुशियों को भरने के रूप में अपने अमर शहीद बलिदानियों नमन करते हैं। वैशाखी महापर्व में बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। जिसमे जिला संघ प्रमुख डॉ ए के सिंह सर्जन जिला संघ प्रचारक डॉ रमाशंकर मिश्रा पूर्व विधायक अनूप सडा प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष पृथ्वीपाल यादव कंाग्रेस प्रदेश कार्डिनेटर राजेश तिवारी सरदार परम जीत सिंह रिम्पी सरदार महेन्द्र पाल सिंह तेजेंद्र सिंह बग्गा करमजीत सिंह गुरुमीत सिंह वरिष्ट सपा नेता शकील अहमद इनमुर्रहमान युवा नेता हाशमी दर्जनों साथियों शुभचिंतकों सहित हजारों सिक्ख समाज के लोगों के प्रशस्त तलवार सिरोपा भेंट कर स्वागत किया। सभी सम्प्रदाय के लोगों ने सहभागिता कर एकता भाईचारे अमन चैन बनाए रखने का संदेश दिया वैशाखी महापर्व में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई के साथ सभी धर्मगुरुओं का सम्मान स्वाभिमान जज़्बात इज़्ज़त सहयोग के साथ आगे बढ़ाने का काम किया जायेगा।

# बड़ी कूटनीतिक जीत

लगभग डेढ़ दशक के प्रयासों के बाद, देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए। भारतीय खुफिया एजेंसियां से यदि इस बड़ी साजिश की कड़ियां सही तरह से जोड़ पायी तो आतंकवाद की उर्वरा भूमि बने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया जा सकेगा। यही वजह है कि 26ध्11 के दहला देने वाले मुंबई हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण करने के रास्ते अवरोध खड़े करने में प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर पाक समर्थकों द्वारा कोशिशें की गई। वे सारे कानूनी उपाय अपनाए गए जो राणा का प्रत्यर्पण रोक सकते थे। बहरहाल, इस प्रत्यर्पण से उन शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी इस आतंकी हमले में मृत्यु हुई थी। अब तक उनके परिजनों को इस बात का मलाल था कि सोलह साल बाद भी सभी अपराधियों को सजा नहीं मिली सकी है। साथ ही राणा की पूछताछ से होने वाले खुलासों से आतंकवाद की पाठशाला बने पाकिस्तान को अलग-थलग करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा। निश्चित रूप से तहव्वुर राणा के खिलाफ भारतीय कानून व न्याय व्यवस्था के मानकों के अनुरूप ही कार्रवाई होगी। साथ ही अजमल कसाब की तरह उसकी अपनी बात कहने को कानूनी मदद भी दी जाएगी। हालांकि, अब तक पाकिस्तान मुंबई आतंकी हमले में अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन सभी प्राथमिक सूचनाएं और ठोस सबूत पाक की तरफ इशारा करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह अपनी धरती पर कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के बड़े गुर्गों को संरक्षण देकर उनका बचाव करता रहा है। ऐसे में हमारी जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा से सख्त पूछताछ से सच्चाई सामने लाने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही ठोस निष्कर्षों के आधार पर पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है कि वह अपनी जमीन आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल न होने दे। इसके अलावा आतंकी संगठनों पर पर्याप्त दबाव बनाए, ताकि फिर मानवता के खिलाफ मुबई हमले जैसे घटनाक्रम न दोहराए जा सकें। बहरहाल, तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण पाकिस्तान तथा दूसरे देशों में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे लोगों व संगठनों के लिये साफ संदेश गया है कि इंसानियत के दुश्मन दुनिया के किसी भी कोने में कानून की ओट में बच नहीं सकते। साथ ही पाकिस्तान को आईना दिखा दिया गया है जो तहव्वुर राणा को कनाडा का नागरिक बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा था। निश्चित रूप से इस सफलता में भारत के राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय अधिकारियों ने इस दिन के लिये कड़ी मेहनत की। हालांकि, अभी इस रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि अमेरिका ने क्यों अपने नागरिक डेविड कोलमैन हेडली को भारत को सौंपने से परहेज किया। जबकि उसने इस बड़े अपराध में बड़ी भूमिका निभाई थी। हेडली व राणा आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकी संगठनों व पाक खुफिया एजेंसियों के संपर्क में लगातार बने रहे थे। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए की तहव्वुर राणा से कड़ी पूछताछ के बाद भारतीय एजेंसियां मुंबई हमले में इस्लामाबाद की भूमिका, पाक सत्ता प्रतिष्ठानों की करतूतों,आईएसआई के नेटवर्क व आतंकी संगठनों को दी जाने वाली आर्थिक मदद की हकीकत देश-दुनिया के सामने ला सकेंगी।

# डॉ. आम्बेडकर: राष्ट्र के सजग पथ प्रदर्शक

## जयन्ती पर विशेष

**देश में हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेंगे। बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच-नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रद्धांजलि देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनायें। बाबा साहेब आम्बेडकर कुल 64 विषयों में माहिर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढ़ाई की थी। डॉक्टर आम्बेडकर अकेले ऐसे भारतीय हैं जिनकी प्रतिमा लंदन संग्रहालय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं, उन्हें देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले हैं। उनके पास कुल 32 डिग्रियां थी। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बड़ा निजी पुस्तकालय था। बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढ़ने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षा कवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं, इसका श्रेय डॉ. आम्बेडकर को जाता है। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचार और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती। डॉ. आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते हैं। जबकि उन्होंने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होंने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। डॉ. आम्बेडकर का एक और सपना था कि दलित धनवान बनें।**

बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर देश के संविधान के निर्माता ही नहीं, दुनिया के बड़े राजनेताओं में से एक थे। उनकी दूर दृष्टि, उनके ज्ञान, लोगों को समझने का उनका नजरिया, जाति प्रथा के विरुद्ध उनके तेवर को देखते हुए ही उन्हें भारतीय संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया था। ताकि भारत का संविधान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधान में से एक हो। आज हम देखते हैं कि बाबा साहेब आम्बेडकर के नेतृत्व में रचित भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र का सजग प्रहरी बनकर खड़ा है। जहां कहीं भी नियम विरुद्ध कुछ किया जाता है तो संविधान कर्तव्य पथ की याद दिलाकर सही राह पर चलने की प्रेरणा देता है। डॉ. भीमराव आम्बेडकर का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक है क्योंकि इसने भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था को आकार देने में मदद की। डॉ. आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के मऊ के एक गरीब परिवार में हुआ था। वे भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिला स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनका बचपन कष्टों में बीता।

देश में हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेंगे। बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच-नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रद्धांजलि देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनायें। बाबा साहेब आम्बेडकर कुल 64 विषयों में माहिर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढ़ाई की थी। डॉक्टर आम्बेडकर अकेले ऐसे भारतीय हैं जिनकी प्रतिमा लंदन संग्रहालय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं, उन्हें देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले हैं। उनके पास कुल 32 डिग्रियां थी। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बड़ा निजी पुस्तकालय था। बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढ़ने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षा कवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं, इसका श्रेय डॉ. आम्बेडकर को जाता है। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचार और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती। डॉ. आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते हैं। जबकि उन्होंने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होंने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। डॉ. आम्बेडकर का एक और सपना था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले बनें। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं, जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। डॉ. आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओं के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण सामाजिक व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लड़कों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाएं तो प्रगति कर सकते हैं। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डॉ. आम्बेडकर को देश का पहले कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डॉ. आम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना के लिए बनी संविधान मसौदा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने उनके नेतृत्व में बने संविधान को अपना लिया। अपने काम को पूरा करने के बाद डॉ. आम्बेडकर ने कहा था- मैं महसूस करता हूं कि भारत का संविधान साध्य है, लचीला है पर साथ ही यह इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों समय जोड़ कर रखने में सक्षम होगा। मैं कह सकता हूं कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नहीं होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य गलत था। आम्बेडकर ने 1952 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लोकसभा का चुनाव लड़ा पर हार गये। मार्च 1952 में उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनित किया गया। अपनी मृत्यु तक वे उच्च सदन के सदस्य रहे। डॉ. आम्बेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने लाखों समर्थकों के साथ एक सार्वजनिक समारोह में बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। आगे चल कर आम्बेडकर का स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया। 6 दिसम्बर 1956 को दिल्ली स्थित घर पर डॉ. आम्बेडकर का निधन हो गया। 7 दिसम्बर को बम्बई में चौपाटी समुद्र तट पर बौद्ध तौर-तरीके से उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें उनके हजारों समर्थकों, कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया। 1990 में डॉ. आम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सरकारों की उपेक्षा के चलते बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान बहुत देरी से प्रदान किया गया। आम्बेडकर के दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड के उस घर में एक स्मारक स्थापित किया गया है जहां वे सांसद के रूप में रहते थे। देशभर में आम्बेडकर जयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है। अनेकों सार्वजनिक संस्थानों का नाम उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है। आम्बेडकर का एक बड़ा चित्र भारतीय संसद भवन में लगाया गया है। बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा संघर्ष करो- का नारा दिया था। **-रमेश सर्राफ धमोरा**

# सच का सामना करने को तैयार नहीं कांग्रेस

## मनोज कुमार मिश्र

लगातार सिमटती जा रही कंाग्रेस अभी भी सच का सामना करने को तैयार नहीं है। पिछले दिनों गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती तट पर अपने दो दिवसीय अधिवेशन में कंाग्रेस खोई जमीन पाने का सही रास्ता नहीं ढूंढ़ पाई। सालों बाद नेहरू-गांधी परिवार से बाहर के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे कंाग्रेस अध्यक्ष बने हैं। उनका कहना था कि कंाग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र के लिए आजादी की दूसरी लड़ाई में पूरी ताकत से जुटें। उन्होंने ईवीएम को धोखाधड़ी बताते हुए फिर से बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग की। चुनाव हारने के बाद हर बार कंाग्रेस और विपक्ष के नेता ईवीएम पर सवाल उठाते आए हैं। वे शायद भूल गए हैं कि लोकतंत्र को कुचलने के लिए आजादी के बाद एक ही बार आपातकाल लगा, वह भी कंाग्रेस की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासन में। इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक पर कंाग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर कथित रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आएसएस) के नियंत्रण के खिलाफ आंदोलन चलाने की बात कही। वे यह अफसोस जता रहे थे कि कंाग्रेस ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम वोट को साथ रखने के प्रयास में अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) से दूरी बना ली और जातिगत गनगणना करवाने के लिए आंदोलन तेज करने के दावे किए। दो दिनों के अधिवेशन में अनेक भाषण हुए और प्रस्ताव पास हुए लेकिन पूरी बैठक में पार्टी भ्रम में जीती दिखी। पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि जो सक्रिय नहीं रह सकता वह पार्टी छोड़ दे। इस अधिवेशन में न तो इस पर ठीक से चर्चा हुई कि आखिर ऐसा क्यों होता है कि जिन बड़े राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात इत्यादि से कंाग्रेस एक बार पराजित हुई तो वहां सालों-साल उसकी वापसी नहीं हो पाई। राष्ट्रीय स्तर पर भी वह लगातार तीन बार से सत्ता से बाहर है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जितनी आलोचना वे करते हैं, पार्टी की राजनीतिक जमीन उतनी ही खिसकती जा रही है। कंाग्रेस को आजादी के 77 साल बाद देश के पहले उप प्रधानमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की याद आई। बावजूद इसके जिस राज्य में कंाग्रेस का अधिवेशन हुआ, उसी राज्य के केवड़िया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर बनी दुनिया की सबसे ऊंची सरदार पटेल की प्रतिमा को नमन करने कोई कंाग्रेस नेता आज तक नहीं गया। अंग्रेजों ने 1947 में देश को आजाद करने के साथ-साथ पांच सौ से अधिक रियासतों को भारत या पाकिस्तान में विलय करने की स्वतंत्रता देकर नई मुसीबत खड़ी कर दी थी। सरदार पटेल के प्रयास से उन रियासतों का भारत में विलय हुआ। सरदार पटेल आजादी के बाद कम समय जीवित रह पाए लेकिन उनकी कीर्ति का देश हजारों साल कर्जदार रहेगा। महात्मा गांधी से सलाह करके ही सरदार पटेल ने ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। इस मंदिर के प्रण-प्रतिष्ठा समारोह में देश के पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद शामिल हुए। इसकी चर्चा करने से कंाग्रेस के नेता बचते हैं। यह सर्वविदित है कि अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर मंदिर बनाने का निर्णायक आंदोलन आरएसएस के संरक्षण में विश्व हिंदू परिषद आदि ने चलाया और अदालत के फैसले के बाद भव्य मंदिर का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है। 22 जनवरी, 2024 को हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में कंाग्रेस का कोई बड़ा नेता शामिल नहीं हुआ। जबकि मंदिर का ताला केन्द्र में राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान खुला था। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश-दुनिया के लोग बड़ी तादाद में आए। इसी तरह प्रयागराज के महाकुंभ में लोगों के आने का नया रिकॉर्ड बना लेकिन कंाग्रेस का कोई चर्चित चेहरा उसमें नहीं दिखा। सबसे अजूबा यह है कि जिस कंाग्रेस का पूरा ही नेतृत्व राष्ट्रवादी धारा के खिलाफ हर तरह का आचरण कर रहा है, वह पूरी तरह से राष्ट्रवादी विचार पर चले आजादी के आंदोलन जैसा आंदोलन चलाने की बात कह रही है। यह साबित हो गया है कि वक्फ संशोधन कानून का विरोध केवल पैसे वाले, प्रभावशाली या आम भाषा में कहें तो माफिया कर रहे हैं, उसी को आधार बना कर कंाग्रेस आंदोलन चलाना चाहती है। इस समय राहुल गांधी, उनकी बहन प्रियंका गांधी और मां सोनिया गांधी, तीनों संसद के सदस्य हैं। संसद के दोनों सदनों में इस विधेयक पर हुई चर्चा में इनमें से कोई शामिल नहीं हुआ।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए दूध काफी लाभदायक


दूध को संपूर्ण आहार माना जाता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व बेहतर स्वास्थ्य के लिए काफी आवश्यक माने जाते हैं। आमतौर पर, बच्चों से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक को इसे पीने की सलाह दी जाती है। वैसे हर व्यक्ति दूध को अपनी पसंद के अनुसार सेवन करते हैं। जहां कुछ लोगों को गरम दूध पीना पसंद है, वहीं कुछ लोग ठंडे दूध का सेवन करते हैं। गर्म दूध का एक लाभ यह है कि यह आसानी से पच जाता है। साथ ही दस्त और सूजन सहित अनकंफर्टेबल डाइजेस्टिव लक्षणों को रोकता है। इसके अलावा अच्छी नींद के लिए भी गर्म दूध पीने की सलाह दी जाती है। अगर रात में गर्म दूध का सेवन किया जाए तो वह नर्वस सिस्टम को रिलैक्स करता है, जिससे काफी अच्छी नींद आती है। साथ ही इसमें ट्रिप्टोफ़ेन नामक एमिनो एसिड होता है जो नींद पैदा करने वाले रसायन सेरोटोनिन और मेलाटोनिन का उत्पादन करता है जो आपको बेहतर नींद में मदद कर सकता है। ठंडे दूध को भी सेहत के लिए काफी लाभदायक माना जाता है। यह जलन होने पर एसिडिटी को कम करके आपको राहत पहुंचाता है। इसके अलावा, कैल्शियम की उच्च मात्रा एसिड निर्माण को रोक सकती है और अतिरिक्त एसिड को अवशोषित कर सकती है। इतना ही नहीं, यह इलेक्ट्रोलाइट्स के साथ पैक किया जाता है जो आपके शरीर को निर्जलीकरण से लड़ने में मदद कर सकता है। सुबह?सुबह ठंडा दूध पीने से आप दिन भर हाइड्रेट रह सकते हैं। हालांकि, सोने के समय के दौरान इससे बचें क्योंकि यह पाचन संबंधी मुद्दों को बढ़ावा दे सकता है। ठंडे दूध को एक प्राकृतिक फ़ेस क्लींजर के रूप में भी जाना जाता है। दूध स्वयं में ही एक संपूर्ण आहार है और इसका सेवन एक से अधिक तरीकों से किया जा सकता है। हालांकि आपके लिए कौन सा दूध बेहतर है, यह समय और आपकी स्वास्थ्य स्थिति पर निर्भर करता है। मसलन, सुबह के समय ठंडे दूध का सेवन अच्छा है, जबकि रात में गर्म दूध का सेवन किया जाना चाहिए। इसी तरह, एसिड रिफलक्स होने की स्थिति में ठंडा दूध पीना आपके लिए काफी अच्छा है। वहीं, डायरिया व अपच जैसी स्थिति में गर्म दूध सेहत को लाभ पहुंचाता है।

## धर्म मंत्र

# बैसाखी पर ही गुरु गोविंद सिंहजी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी

सिखों का सबसे बड़ा त्योहार बैसाखी पूरे भारतवर्ष में धूमधाम से मनाया जाता है हालांकि इस बार लॉकडाउन के चलते लोगों को इसे घर पर ही मनाना होगा लेकिन सोशल मीडिया से लेकर घरों के अंदर के माहौल पर कोई असर नहीं पड़ा है, चहुँ ओर उल्लास का वातावरण दिख रहा है। उल्लास क्यों ना दिखे, बैसाखी का पर्व खरीफ की फसल के पकने की खुशी का प्रतीक भी है। मान्यता है कि इसी दिन, 13 अप्रैल 1699 को दसवें गुरु गोविंद सिंहजी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। सिख इस त्योहार को सामूहिक जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं। बैसाखी नाम वैशाख से बना है। इस दिन लोग सुबह-सुबह सरोवरों और नदियों में स्नान कर मंदिरों और गुरुद्वारों में जाते हैं। गांव हों या शहर सभी जगह लंगर लगाये जाते हैं। पंजाब और हरियाणा के किसान गेहूँ की फसल काट लेने के बाद नए साल की खुशियाँ मनाते हैं। गेहूँ को पंजाबी किसान 'कनक' यानि सोना मानते हैं। इसीलिए बैसाखी पंजाब और आसपास के प्रदेशों का सबसे बड़ा त्योहार है। वैशाखी पर्व 'बंगाल में पैला (पीला) बैसाख' नाम से, दक्षिण में 'बिशु' नाम से और 'केरल, तमिलनाडु, असम में बिहू' के नाम से मनाया जाता है। मान्यता है कि प्रकृति का यह नियम है कि जब भी किसी जुल्म, अन्याय, अत्याचार की पराकाष्ठा होती है, तो उसे हल करने अथवा उसके उपाय के लिए कोई कारण भी बन जाता है। जब मुगल शासक औरंगजेब द्वारा जुल्म, अन्याय व अत्याचार की हर सीमा लाँघ, श्री गुरु तेग बहादुरजी को दिल्ली में चाँदनी चौक पर शहीद कर दिया गया, तभी गुरु गोविंदसिंहजी ने अपने अनुयायियों को संगठित कर खालसा पंथ की स्थापना की जिसका लक्ष्य था धर्म व नेकी (भलाई) के आदर्श के लिए सदैव तत्पर रहना।

## पर्यटन



# दुनिया के पहले शाकाहारी शहर की करनी है यात्रा तो घूमें गुजरात के पालीताना में

पिछले कुछ समय में दुनिया में शाकाहार की ओर लोग आकर्षित हुए हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने मांसाहार छोड़कर शाकाहार का रास्ता अपनाया है। आजकल तो कई रेस्टोरेंट आदि में भी पूरी तरह से वेज होने का दावा किया जाता है। लेकिन अगर आप दुनिया के पहले शाकाहारी शहर को देखना चाहते हैं तो आपको गुजरात जाना होगा। जी हां, गुजरात में मौजूद पालीताना सिर्फ भारत ही नहीं, पूरे विश्व का पहला पूरी तरह से शाकाहारी शहर है। यह छोटा सा शहर, भारत में गुजरात के भावनगर जिले में स्थित है, यह जैन धर्म का पालन करने वालों के लिए सबसे शुद्ध और सबसे पूजनीय गंतव्य में गिना जाता है। वास्तव में, यहां खाने के उद्देश्यों के लिए जानवरों को मारना बिल्कुल गैरकानूनी है, और अंडे या मांस बेचने पर सख्त मनाही है। पालीताना के पूरी तरह शाकाहारी शहर बनने के पीछे एक रोचक कहानी है। दरअसल, वर्ष 2014 में, सरकार ने इस क्षेत्र में पशु वध पर प्रतिबंध लगा दिया और तब से, यहां एक भी जानवर नहीं मारा गया है। यह प्रतिबंध तब लागू किया गया था जब सरकार को यह दिखाने के लिए लगभग 200 जैन भिक्षुओं ने भूख हड़ताल पर जाकर विरोध किया कि वे क्षेत्र में पशु वध और उपभोग की अनुमति देने की तुलना में मरना पसंद करेंगे। उस दौरान भिक्षुओं ने सभी 250 कसाई की दुकानों को बंद करने की मांग की और राज्य सरकार को ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस प्रकार, शहर को मांस मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया था। हालांकि, डेयरी उत्पादों को अभी भी अनुमति है और शहर में लोग दूध, घी, मक्खन आदि का सेवन करते हैं। पालीताना कई कारणों से महत्वपूर्ण है। यहां पर सैकड़ों मंदिरों का घर है, और जैनियों का एक प्रमुख तीर्थस्थल भी है। ऐसा कहा जाता है कि जैन तीर्थंकर आदिनाथ, एक बार इसकी पहाड़ियों पर चले गए थे और तब से अनुयायियों के लिए यह स्थान महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि यहां पर पशु वध के विरोध में बड़ी संख्या में लोगों ने आपत्ति जताई।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान चित्रगुप्त का जन्मोत्सव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। नगर के गुलारिया गार्दा स्थित प्राचीन चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त प्रकट उत्सव कार्यक्रम गीत व संगीत के साथ देर रात तक चलता रहा। आरती की शुरुआत भाजपा नेत्री रचना श्रीवास्तव के द्वारा शुरू की गई संयुक्त आरती में मुख्य अतिथि सांसद तनुज पुनिया, विधायक सुरेश यादव व पूर्व मुख्यमंत्री गण आरके श्रीवास्तव शामिल रहे। चित्रगुप्त मंदिर पर कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध भजन गायक बड़कऊ गीत मंडली द्वारा गणेश वन्दना के साथ शुरू हुई। कार्यक्रम का संचालन डा0 नवनीत कुमार श्रीवास्तव व आगन्तुकों का स्वागत अधिवक्ता आलोक श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त युगपिता ब्रम्हा की काया से उत्पन्न होने के कारण उनका कुल कायस्थ कहलाता है। हर व्यक्ति के हृदय में स्थित होने के



कारण इन्हें चित्रगुप्त भगवान व चित्रांश के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर महिलाऐं व बच्चे गीतकार बड़कऊ का गीत.....भरोसा है अगर सच्चा उठाकर फर्श से तुझको....आसमां पे उठा देगी चरण रज राधा रानी की। सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए।

मुख्य अतिथि आर. के. श्रीवास्तव ने कहा आज हमारे इष्ट के प्रकट होने का दिन है, हमें हर वर्ष इसे धूमधाम से प्रमुख त्योहारों के रूप में कायस्थों के साथ साथ प्रत्येक हिन्दू धर्म के लोगों को हर घर में मनाना चाहिए। बीजेपी उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में शामिल हुई महिलाओं का स्वागत किया। अन्त में गीत मंडली द्वारा फूलों की होली सभी के साथ खेली जिसमें सभी के साथ साथ विधायक सुरेश यादव ने भी आनन्द लिया। इससे पूर्व सभी प्रमुख सम्मानित सदस्यों अतिथियों का कार्यक्रम में बैज लगाकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों में राष्ट्रीय सनातन धर्म अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव, प्रोफ़ेसर डा0 सुशांत श्रीवास्तव, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक श्रीवास्तव, आयोजनकर्ता निखिल निगम, जिला टैक्स बार अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य, इंजी0 विनय श्रीवास्तव, एलआइयू भूपेंद्र सिन्हा, विकास किशोर श्रीवास्तव, एके श्रीवास्तव, विष्णु श्रीवास्तव, मन्टू राजेश श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, पंकज निगम, शिवम निगम, विवेक श्रीवास्तव, कायस्थ नेता मनोज श्रीवास्तव, मनमीत श्रीवास्तव, नितेश निगम, संजय निगम, विवेक श्रीवास्तव, दिलीप नाग, सुधीर सुभाष व सुमित चन्द्र गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव शामिल थे। महिलाओं में श्रीमती सुमन श्रीवास्तव, वन्दना श्रीवास्तव, राधा श्रीवास्तव, छवि श्रीवास्तव, अध्यापक रचना श्रीवास्तव, वीना गुप्ता शामिल थी।


# भाजपा की विकास नीति से विरोधी दल परेशान : बृज बहादुर सिंह

**गांव चलो अभियान' के तहत गोतौना में हुआ जनसंपर्क एवं बैठक कार्यक्रम**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़ बाराबंकी। भाजपा के 'गांव चलो अभियान' के अंतर्गत हैदरगढ़ मंडल के गोतौना गांव में एक विशेष बैठक और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बृजबहादुर जी ने शक्तिकेंद्र संयोजक उदय प्रताप सिंह एवं बूथ अध्यक्ष धर्मपाल सिंह के संयोजन में आयोजित बैठक को संबोधित किया।

अपने संबोधन में श्री बृजबहादुर ने केंद्र सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनहित में निरंतर कार्य कर रही है। बैठक के



बाद कार्यकर्ताओं ने गांव में घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक वितरित किए और लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने अवशानेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हैदरगढ़ विधायक श्री दिनेश रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री रामदेव सिंह, प्रधान प्रतिनिधि श्री अरुण शुक्ला, चेयरमैन श्री आलोक तिवारीश्री ननकऊ साहू, कार्यक्रम संचालक महामंत्री संतोष श्रीवास्तव, नवनीत मिश्रा, सौरभ मिश्रा, प्रगतिशील किसान अशोक सिंह, योगेश द्विवेदी, रवि शर्मा, प्रधान निलेश पाल, पवन सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# योगेश द्विवेदी की पुनः ताजपोशी बने व्यापार मंडल अध्यक्ष

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी । व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी की पुनः व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर ताजपोशी हो गई इससे पूर्व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में युवा यूनिट के अध्यक्ष थे कमेटी भंग होने के चलते श्री द्विवेदी पदच्युत हो गए थे । अब पुनः उन्हें दूसरे संगठन में और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है । उद्योग व्यापार मंडल की एक सभा में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और स्वतंत्र प्रभार मंत्री सतीश चंद्र शर्मा की मौजूदगी में नगर पंचायत हैदरगढ़ निवासी योगेश द्विवेदी उर्फ लंबरदार को व्यापार मंडल हैदरगढ़ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया । अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जनपद पहुंचे योगेश द्विवेदी ने कहा व्यापारियों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । नियुक्त मिलने के बाद चेयरमैन आलोक तिवारी ने श्री द्विवेदी




**मंत्री नितिन अग्रवाल , सतीश चंद्र शर्मा ,ने सौंपा नियुक्ति पत्र ,व्यापारियों में खुशी की लहर**

को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी । वहीं कस्बा हैदरगढ़ पहुंचने पर पूर्व सभासद स्कन्द तिवारी हनुमान प्रसाद विश्वकर्मा , अंकित मिश्रा उर्फ तेजा समेत सैकड़ों व्यापारियों ने स्वागत किया । इसी क्रम में

बेलहरा निवासी भाजपा नेता सुनील सोनी को व्यापार मंडल बेलहरा का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सुनील सोनी ने कहा मुझे जिस भरोसे के साथ यह जिम्मेदारी दी गई है मैं उसको हर हाल में पूरा करूंगा। व्यापारियों के हित के लिए मैं हर वह लड़ाई लड़ूंगा जिससे व्यापारी वर्ग को कोई असुविधा न हो। श्री सोनी के मनोनयन पर उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दी।

# कर्म के अनुरूप मानव को फल भोगना पड़ता है : पंकज जी महाराज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली बाराबंकी। परम पूज्य संत बाबा जयगुरुदेव जी ने अपने जीवन काल में अच्छे समाज के निर्माण के निमित्त शाकाहार अपनाने,शराब व अन्य नशों को त्यागने चरित्र उत्थान के अभियान के साथ करोड़ों लोगों को भगवान की भक्ति से जोड़ा। उन्होंने सबसे समानता का व्यवहार किया। अब उनके उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज उनके कार्यों को आगे बढ़ाने में निरन्तर लगे हुए हैं। इसी निमित्त जिले में 57 दिवसीय जनजागरण यात्रा माध्यम से वे जन जागरण कर रहे हैं। विकास खण्ड मसौली के ग्राम गुरेला में सत्ताइसवां पड़ाव किया। इस अवसर पर आयोजित सत्संग संदेश में उन्होंने ने कहा ईश्वर ने आप को जन्म-जन्मान्तरों के पुण्य उदय




होने पर अनमोल मानव शरीर दे दिया। सबको कर्म करने की आजादी दे दी। अच्छा करो या बुरा करो। लेकिन जो कर्म आप करेंगे उसका फल भोगना पड़ेगा। अच्छे कार्य से स्वर्ग बैकुण्ठ व अन्य मण्डलों की प्राप्ति होगी, बुरे कर्मों से नर्कों की यातनायें भोगनी पड़ेंगी। सन्त महात्मा साधना करके जब ऊपरी मण्डलों में जाते हैं तो नर्कों में जीवों को मिल रही यातनाओं को देखकर द्रवित हो जाते हैं इसलिये जीवों को सचेत करते हैं। आप मानव जीवन को बर्बाद होने से बचाए। जो रास्ता आप को बताया गया यह सनातन है,सत्य है,करेंगे तो अनुभव होगा।

आप सबसे अपील है शाकाहारी बनें,शराब जैसे घातक नशों का त्याग करें। आंखों में मां बहन बेटी की पहचान लाए। गांव-गांव में भजन केन्द्र बनाए। जब गांव-गांव के लोग शाकाहारी हो जायेंगे भजन करने लगेंगे तो निश्चय ही कलयुग में रामराज,सतयुग आ जायेगा। शान्ति व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

इस अवसर पर सन्तोष कुमार,डा.कृष्ण मुरारी, शैलेन्द्र कुमार,पूजा वर्मा, सुरेन्द्र सिंह,सुखराम यादव,लवकुश यादव, अयोध्या प्रसाद,देशराज प्रजापति,बासुदेव, ओम प्रकाश,रामउजागिर चैधरी,मेंहीलाल चैधरी, अर्जलाल मास्टर, जगन्नाथ शर्मा आदि मौजूद रहे।

# खेत में लगी आग, गेहूं की फसल जलकर राख



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी, रामनगर। ग्राम पंचायत बिछलखा में रविवार को एक बड़ी घटना में खेत में लगी आग से भारी नुकसान हुआ। बताया जा रहा है कि राज नारायण पुत्र शिव कैलाश मिश्रा के खेत में ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से चिंगारी गिरने के कारण अचानक आग लग गई।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और खेत में खड़ी करीब तीन बीघे गेहूं की फसल को जलाकर खाक कर दिया। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरी फसल जल चुकी थी।सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और नुकसान का जायजा लिया। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# बेरोजगारी महंगाई और भ्रष्टाचार डबल इंजन सरकार की देन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। सदर विधायक धर्मराज सिंह यादव ने केंद्र व राज्य सरकार को महंगाई और भ्रष्टाचार का जिम्मेदार ठहराया है। विधायक श्री यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में बेलगाम महंगाई, भ्रष्टाचार और ध्वस्त हो चुकी कानून व्यवस्था ने आम जनमानस का जीना मुहाल कर दिया है। आम आदमी की थाली खाली है लेकिन सत्ता में बैठे लोग इन सब मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए औरंगजेब,हिंदुस्तान,पाकिस्तान की बात कर देश और प्रदेश की आवाम को गुमराह करने का काम कर रहे है। विकास खंड बंकी की ग्राम पंचायत मौथरी में आयोजित पीडीए जन चौपाल में मुख्य अतिथि सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा।

विधायक धर्मराज ने कहा कि देश के 90 फीसदी जनमानस को अच्छे और बेहतर भविष्य का सपना दिखाकर सत्ता में आए लोगों ने देश और प्रदेश की जनता का बंटाधार कर युवाओं का भविष्य संवारने के बजाए भूतकाल



में उलझा में रखा है। विधायक धर्मराज ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीम राव आंबेडकर ने देश का संविधान लिख कर देश के शोषितों,वंचितों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों के हक और अधिकार दिलाने की बात की लेकिन सत्ता में बैठे लोग मनुवाद की ओर देश को ले जाने का काम कर रहे है। विधायक धर्मराज ने अपने संबोधन में मौजूद कार्यकर्ताओं,पदाधिकारियों एवं स्थानीय लोगों से अपील कि पीडीए समाज के अधिकार की लड़ाई हमारे नेता अखिलेश यादव मजबूती से लड़ रहे है इसलिए अपने अधिकारों की लड़ाई में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का साथ दे और 2027 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की मदद करे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख श्रीमती माया देवी, हुमायूं नईम खान,नसीम कीर्ति,आयोजक हरिकरन यादव मुरैला प्रधान,प्रीतम सिंह वर्मा कोषाध्यक्ष,विनोद यादव प्रधान,विश्राम यादव प्रधान,अरुण कुमार यादव सोनू सभासद,इंद्रसेन यादव,संतोष जायसवाल नगर अध्यक्ष,जय किशन यादव बीडीसी, शिवा यादव बीडीसी,माता प्रसाद पाल,बाबुल मिश्रा,आदिल,मोनू यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## नजीकरण के पीछे भाजपा का निज स्वार्थ : का.सुमन

बाराबंकी। बिजली क्षेत्र का निजीकरण करने के लिए सरकार कटिबद्ध है उसके पीछे मंशा यह कि कौडियों के दाम बेचकर पीछे से मोटी रकम ले ली जाए। संघ नियंत्रित और प्रशिक्षित भाजपा सरकार ने देश भर में कई हजार करोड़ कीमती कार्यालय बनवाए है वह इसी तरह के रकम से बनवाए है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने पार्टी दफ्तर पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी बिजली निजीकरण के विरोध में प्रदेश भर सत्रह अप्रैल को आंदोलन करेंगी।

उन्होंने कहा कि निजीकरण करने के पीछे एक मंशा यह भी है कि लाखों संविदा कर्मियों को मनचाहे रेट पर कार्य करने के लिए लिए मजबूर किया जा सके। सरकार नौकरियाँ को समाप्त करने के लिए विख्यात है। प्रेस कांफ्रेंस में पार्टी के राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार पार्टी सचिव बृजमोहन के शिवदर्शन वर्मा दीपक कुमार मो कदीर अमरसिंह प्रधान महेन्द्र यादव जितेन्द्र श्रीवास्तव मुनेश्वर गोस्वामी प्रेमचन्द वर्मा ज्ञानेश्वर वर्मा संदीप तिवारी दीपक शर्मा किसान सभा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह आदि प्रमुख लोग थे ।

## पेड़ से टकराई कार, वृद्धा की मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में रविवार को अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर नारायणपुर के पास अयोध्या से दर्शन कर घर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई। कार सवार एक वृद्ध महिला संतोष खन्ना निवासी



लखनऊ की मौके पर मौत हुई?।कार चालक दिनेश यादव पुत्र बंशीलाल यादव निवासी सी 34 आदर्ष नगर कल्याणपुर लखनऊ, पूनम सिंह पत्नी आशुतोष सिंह निवासी गोमती नगर लखनऊ, ऋतु खन्ना पुत्री रुद्र कुमार निवासी सी 625 लखनऊ गंभीर रूप से घायल हुए ।सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अंकित त्रिपाठी ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट इलाज के लिए भेजा।

## शाहबपुर में मनाया गया हनुमान जी का जन्मोत्सव

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा शाहबपुर स्थित मां विद्यावती नवदुर्गा मंदिर पर संकटमोचन हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। इस दौरान श्री रामजी म्यूजिकल ग्रुप के सदस्य गणों ने मां के चरणों में अपनी-अपनी हाजिरी लगाई जिसमें संकटमोचन मंदिर सीमित अध्यक्ष डॉक्टर राधेश्याम वर्मा मुख्य गायक रोहन सोनी कृपा शंकर सोनी उर्फ मुकेश राजप्रकाश शर्मा भोला शर्मा अनुज सोनी कान्हा कीबोर्डिस्ट अमित सोनी ऑक्टोपैड पर गुरुवर शान जी ढोलक पर जतिन शर्मा व तबले पर वंश सोनी ने संगत की हे दुख भंजन मारुति नंदन श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में तूने मुझे बुलाया शेरावालिए जैसे अनेक भजनों ने मनमोहित कर सभी श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया उक्त अवसर पर उपस्थित माननीय फतेह सिंह मां विद्यावती मंदिर के आचार्य व संजय सोनी संजीत आदि भक्त गढ़ मौजूद रहे।

# स्व.मौलाना कमर की याद में हुआ आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बेलहरा बाराबंकी। फतेहपुर कस्बे के सट्टी बाजार ग्राउंड में शनिवार रात हिंदू-मुस्लिम एकता के सूत्रधार स्व.मौलाना सिराज अहमद क़मर की याद में उनके पुत्र व नगर पंचायत चेयरमैन इरशाद अहमद कमर द्वारा क़ौमी एकता आल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता सैयद सलाउद्दीन ने की जबकि संचालन प्रो.नय्यर जलालपुरी ने किया।मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यशीलता विभा डॉ.हरिओम ने फीता काट कर मुशायरे का उद्घाटन किया। आयोजक इरशाद अहमद कमर ने मेहमानों को मोमेंटो एवं बुके देकर स्वागत किया।कार्यक्रम मे उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए पंडित अखिलेश चन्द्र शास्त्री,राजेश पाठक को सम्मानित किया गया जबकि स्व सैयद रजी हसन काजमी'हसन मियां',पूर्व चेयरमैन गनी हैदर,स्व एडवोकेट मो.जहूर को मरणोपरांत उनके सामाजिक कार्यों के लिए उनके परिजनों को सम्मानित किया गया।इसके बाद शायरों व कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांधा। अज़्म शाकरी ने पढ़ा-लहू आंखों में आकर जम गया,ये दरिया बहते



बहते थम गया।ताहिर फराज ने पढ़ा-मेरे आंसू अगर तेरी आंखों से मिल जाएं,जितने मुरझाए हुए फूल है सब खिल जाएं।अनवर अमान ने पढ़ा- ये कितने सलीके से कर गया कोई,नज़र के रास्ते उतर गया कोई।ओम शर्मा ओम ने पढ़ा- खाक मे राज को दबा देंगे,शोर से साज को दबा देंगे,आप सोचेंगे सच को सच बोले,लोग आवाज दबा देंगे। हास्य कवि दमदार बनारसी ने पढ़ा-जिस दिन से मेरी बीवी ने धमकाया है मुझे,उस दिन से मैने घर से नीला ड्रम हटा दिया।गुले सबा फतेहपुरी ने पढ़ा-हालात के बिगड़ने का एहसास तब हुआ,जब लोग मेरे घर के खरीदार हो गए।मनिका

**शायरों व कवियों ने प्रस्त्रतुत की रचनाएं प्रस्तुत अतिथियों का हुआ सम्मान**

दुबे ने पढ़ा-शहर के शोर मे वीरानियां है,यहां तुम हो मगर तन्हाइयां है।शहजादा कलीम ने पढ़ा -ये हिंदुस्तान की मिट्टी है यहां तो इक चटाई पर मुसलमान हिन्दू बैठकर कर अफ़तारी करते हैं पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।इनके अलावा असद नसीराबाद,डॉ अनु सपन,डॉ नदीम शाद आदि ने अपना कलाम पेश किया।इस मौके पर पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप,विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई,पूर्व विधायक रामगोपाल रावत,चौधरी अदनान,इमरान खान,जिला बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई,हसन इब्राहिम काजमी,अजय कुमार वर्मा,हशमत अली गुड्डू,मेराज क़मर,मंसूर खान,सैयद मेराजुद्दीन, सैयद इकबाल महमूद,सैयद अली महमूद,सना मंजूर,मुकीतुर्रहमान आदि मौजूद रहे।समापन पर संयोजक डॉ. फहीम अंसारी एवं मीडिया प्रभारी फहीम सिद्दीकी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में हार का सिलसिला तोड़ने को बेताब होगी चेन्नई सुपर किंग्स

एजेंसी




लखनऊ। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इससे खराब दौर कभी नहीं देखा है और उसके बल्लेबाजों को सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में लगातार हार के सिलसिले पर लगाम लगाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा। सीएसके ने आईपीएल के इतिहास में लगातार पांच मैच कभी नहीं गंवाये हैं जिसमें अपने गढ़ चेपॉक में लगातार तीन मैच में हार मिलना भी पहली दफा हुआ है। सीएसके को अगर कोई मुश्किल दौर से निकाल सकता है तो वह महेंद्र सिंह धोनी हैं। लेकिन रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद कप्तानी में धोनी की वापसी भी शुक्रवार को टीम के पिछले मैच में उनकी किस्मत नहीं बदल सकी। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी। अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने टीम की वापसी की कोशिश को और भी मुश्किल बना दिया है। सीएसके पर अपने उन खिलाड़ियों को रखने का आरोप लगाया गया है जो अब अपनी शीर्ष फॉर्म में नहीं हैं। और अब लगातार हार के रिकॉर्ड के बाद यह सवाल फिर से उठने लगा है। उनकी टीम में 'पावर-हिटर' की कमी भी चर्चा का विषय बन गई है क्योंकि धोनी ने खुद स्वीकार किया है कि पावरप्ले में 60 रन बनाने का लक्ष्य भी उनके लिए बहुत महत्वाकांक्षी है। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र और डेवोन कॉनवे दो बेहतरीन बल्लेबाज हैं लेकिन उनसे पहली गेंद से ही जोरदार बल्लेबाजी की उम्मीद करना उनके खेलने की शैली के खिलाफ है। गायकवाड़ की जगह तीसरे नंबर पर आने वाले राहुल त्रिपाठी पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। टीम को अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से भी अच्छे प्रदर्शन की दरकार है। शिवम दुबे को 'पावर-हिटिंग' के मोर्चे पर अधिक समर्थन की जरूरत है और ऐसा करने के लिए सबसे बेहतर खुद धोनी हैं लेकिन बल्लेबाजी क्रम में उनका लगातार बदलाव करना विश्व कप विजेता कप्तान के लिए मुश्किल काम हो गया है। वह पिछले मैच में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे। पिछले मैच के बाद सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने कहा कि उनकी टीम अभी हार नहीं मानने वाली है। हसी ने कोलकाता नाइट राइडर्स से मिली हार के बाद कहा, ''मुझे अब भी लगता है कि हमारे पास सही खिलाड़ी हैं। हमारे खेलने के तरीके के बारे में बहुत चर्चा होती है। लेकिन हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, हम उनसे बिल्कुल अलग तरीके से खेलने के लिए नहीं कहना चाहते। यह उनके लिए स्वाभाविक है।

# मैनचेस्टर सिटी ने शानदार वापसी की, आर्सेनल ने अपना मैच ड्रॉ खेला

एजेंसी



मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके क्रिस्टल पैलेस को 5ऽ2 से हराया जिससे उसकी टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर पहुंच गई। क्रिस्टल पैलेस की टीम ने 21 मिनट तक दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन इसके बाद मैनचेस्टर सिटी ने दमदार वापसी की। उसकी तरफ से पहला गोल केविन डी ब्रुइन ने किया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से ब्रूइन के अलावा पहले हाफ में उमर मार्मौश और माटेओ कोवासिक ने गोल किए। जेम्स मैकएटी ने चौथा और निको ओरेली ने पांचवा गोल किया। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी अंक तालिका में चेल्सी और न्यूकैसल से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वह तीसरे स्थान पर मौजूद नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट से दो अंक पीछे है, जिसे एवर्टन ने 1-0 से हराया। एक अन्य मैच में एस्टन विला पहले से ही दूसरी डिवीजन में खिसक चुके साउथेम्प्टन को 3-0 से हरा कर पांचवें स्थान पर पहुंच गया। इस बीच दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल को ब्रेंटफोर्ड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया, जिससे वह पहले स्थान पर चल रहे लिवरपूल से 10 अंक पीछे हो गया है।

# गुयाना के पर्माउल और एंडरसन पर 'गेंद की स्थिति बदलने' के लिए लगा जुर्माना

एजेंसी



पोर्ट ऑफ स्पेन। गुयाना हार्पी ईगल्स के खिलाड़ियों वीरासामी पर्माउल और केवलन एंडरसन पर त्रिनिदाद एवं टोबैगो रेड फोर्स के खिलाफ वेस्टइंडीज चैम्पियनशिप के सातवें और अंतिम राउंड के मैच के दौरान 'गेंद की स्थिति बदलने' पर भारी जुर्माना लगाया गया है। क्वींस पार्क ओवल में वेस्टइंडीज चैम्पियनशिप के सातवें मैच के दौरान पर्माउल और एंडरसन पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस्टोफर टेलर और लेस्ली रीफर जूनियर ने लगाया था। क्रिकेट वेस्टइंडीज के बयान के अनुसार मैच के पहले दिन सीडब्ल्यूआई की आचार संहिता के लेवल 2 उल्लंघन के लिए पर्माउल पर मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था। बयान में कहा गया है कि उन्होंने अपराध और मैच रेफरी माइकल रागुनाथ की सजा को स्वीकार कर लिया है। वहीं एंडरसन पर तीसरे दिन त्रिनिदाद और टोबैगो की दूसरी पारी के दौरान इसी तरह के अपराध के लिए मैच फीस का 90 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। एंडरसन ने भी जुर्माने की सजा को स्वीकार कर लिया। सीडब्ल्यूआई ने कहा कि प्रत्येक मामले में गेंद बदल दी गई थी और बल्लेबाजी करने वाली टीम को गेंद चुनने का विकल्प दिया गया था। इसके अतिरिक्त, गुयाना के रोनाल्डो अलीमोहम्मद पर आचार संहिता के अनुच्छेद 2.1-2.5 - ल्लअनुचित और/या खतरनाक तरीके से खिलाड़ी या अधिकारी पर या उसके निकट गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान जैसे पानी की बोतल) फेंकनाङ्क के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 65 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इनमें से पर्माउल एकमात्र अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने विभिन्न प्रारूपों में 17 मैचों में वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया है।

# हैदराबाद से हार पर पंजाब किंग्स के बॉलिंग कोच सुनील बोले-हमें डॉट बॉल प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत

एजेंसी



नई दिल्ली। पंजाब किंग्स के स्पिन-गेंदबाज कोच सुनील जोशी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार पर कहा है कि हमारे बल्लेबाज अच्छी फार्म हैं, लेकिन गेंदबाजी में थोड़ी सुधार के साथ डॉट-बॉल प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम आधे मौकों का फायदा नहीं उठा सके। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में शनिवार को पंजाब किंग्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पंजाब किंग्स ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (23 गेंदों पर 42 रन), प्रियांश आर्य (13 गेंदों पर 36 रन), कप्तान श्रेयस अय्यर (36 गेंदों पर 82 रन) और मार्कस स्टोइनिस (11 गेंदों पर नाबाद 34 रन) की धमाकेदार पारियों की बदौलत 6 विकेट पर 245 बनाए थे। सनराइजर्स हैदराबाद ने इसके जवाब में अभिषेक शर्मा (55 गेंदों पर 141 रन) ट्रैविड हेड (37 गेंदों पर 66 रन) की बदौलत जीत सुनिश्चित की। सनराइजर्स हैदराबाद ने 18.3 ओवर में मात्र 2 विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स 5 मैचों में तीन जीत और दो हार के बाद प्वाइंट टेबल में छठे नंबर पर आ गई है। मैच पर विचार रखते हुए पंजाब किंग्स के स्पिन बॉलिंग कोच सुनील जोशी ने कहा कि मुझे लगता है कि इस मैच से सकारात्मक बात यह रही कि हमारे बल्लेबाज निश्चित रूप से शानदार फॉर्म में हैं। हालांकि, गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है और हमें अपना डॉट-बॉल प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत है। आज इस विकेट पर गेंदबाजी करते समय हम यही चूक गए। अच्छे विकेट पर, बीच के ओवरों में डॉट-बॉल प्रतिशत ही एकमात्र अंतर हो सकता है। इसलिए यही महत्वपूर्ण है और हम आधे मौकों का फायदा नहीं उठा सके। उन्होंने आगे कहा, ''मुझे लगता है कि गेंदबाजों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, मेरा मतलब है कि यह एक अच्छा विकेट है। यह हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन करने का एक मौक़ा था, लेकिन सच तो यह है कि हमने अपने मौके गंवा दिए। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर का भी मानना ??है कि गेंदबाजी इकाई उस रात बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी, लेकिन उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि टीम अपनी रणनीतियों में सुधार करने के बाद मजबूत वापसी करेगी। मैच के बाद कप्तान ने कहा कि हमने अपनी उम्मीदों के मुताबिक गेंदबाजी नहीं की, हमें सुधार करना होगा। पंजाब किंग्स अब अपना अगला मैच 15 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 10.9 अरब डॉलर बढ़कर 676.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 04 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.9 अरब डॉलर उछलकर 676.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर के इजाफ़े के साथ 665.4 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 04 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.1 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 574.1 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.6 अरब डॉलर उछलकर 79.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 18.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 18.4 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 4.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# नीतीश सरकार बिहार में विशेष औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करेगी: अधिकारी

एजेंसी

पटना। बिहार सरकार निवेशक सम्मेलन की सफलता से उत्साहित होकर राज्य भर में विशेष औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की तैयारी कर रही है, जिसमें 1.81 लाख करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव किया गया था। बिहार की उद्योग सचिव बंदना प्रेयसी ने रविवार को बात करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों को अधिक व्यापक रूप से डिजायन किया जाएगा और विशेष प्रकार के उत्पादों के लिए नामित किया जाएगा। उन्होंने कहा, राज्य की नई औद्योगिक नीति के तहत सरकार प्रदेश के लगभग सभी जिलों में किसी क्षेत्र की क्षमता को ध्यान में रखते हुए विशेष औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र उस जिले की कृषि उपज और यदि वहां पहले से ही हस्तशिल्प गतिविधियां चल रही हैं, को ध्यान में रखते हुए स्थापित किए जाएंगे। प्रेयसी ने कहा, हम प्रत्येक क्षेत्र में श्रमिकों की उपलब्धता को भी ध्यान में रखेंगे। उन्होंने कहा, मैं यह जरूर कहना चाहूंगी कि विशेष औद्योगिक क्षेत्र अधिक व्यापक होंगे, जिन्हें कुछ उत्पादों के लिए नामित किया जाएगा। उदाहरण के लिए, हम बेगूसराय और पश्चिम चंपारण जिलों में खिलौनों और प्लास्टिक उत्पादों के लिए क्षेत्र बनाने की योजना बना रहे हैं। हम वैशाली जिले के हाजीपुर में चिकित्सा (फार्मा) उत्पादों के लिए ही विनिर्माण क्षेत्र बनाने की योजना बना रहे हैं। प्रेयसी ने कहा कि राज्य की नई औद्योगिक नीति की तैयारी अंतिम चरण में है और जल्द ही इसका अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों के बारे में निर्णय दिसंबर में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट-2024 की सफलता के बाद लिया गया। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार देश के वृद्धि इंजन के रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। सरकार एक साल के भीतर समझौता ज्ञापनों (एमओयू) को जमीनी स्तर पर निवेश में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारी ने बताया कि इसके लिए शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित प्रत्येक पांच से दस एमओयू के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा, ये नोडल अधिकारी निवेशकों को भूमि और अन्य सभी मंजूरियां दिलाने में मदद कर रहे हैं। वे निवेशकों की मदद के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा समय-समय पर प्रगति की समीक्षा की जा रही है। राज्य सरकार ने शिखर सम्मेलन के दौरान 423 कंपनियों के साथ निवेश प्रतिबद्धताओं पर हस्ताक्षर किए। इनमें सन पेट्रोकेमिकल्स ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 36,700 करोड़ रुपये निवेश करने में रुचि दिखाई है, वहीं अदाणी समूह ने सीमेंट उत्पादन क्षमता और खाद्य प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स कारोबार के विस्तार के अलावा ताप-विद्युत संयंत्र स्थापित करने में 28,000 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

# आंध्र प्रदेश ने अमरावती परियोजना शुरू की, प्रधानमंत्री को भूमि पूजन के लिए आमंत्रित किया गया

एजेंसी

विजयवाड़ा। कृष्णा नदी के तट पर आंध्र प्रदेश की नई राजधानी तैयार करने के लिए 65,000 करोड़ रुपये की अमरावती शहर परियोजना पर काम शुरू हो गया है। एक बयान में कहा गया कि इस परियोजना का मकसद एक 'लोगों की राजधानी' बनाना है, जो दुनियाभर से कुशल प्रवासियों, उद्योगों, पेशेवरों और व्यवसायों को आकर्षित करे।

वर्ष 2019 और 2024 के बीच पांच साल तक ये परियोजना ठंडे बस्ते में रही। हालांकि, राज्य में पिछले साल मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई में नयी सरकार बनने के बाद अमरावती परियोजना को पुनर्जीवित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि एम्स्टर्डम, सिंगापुर और तोक्यो जैसे वैश्विक शहरों से प्रेरित एक विश्वस्तरीय शहरी केंद्र बनाने पर काम फिर से शुरू हो गया है। यह शहर न केवल जीवंत, विविध, समावेशी और आधुनिक होगा, बल्कि दुनियाभर के कुशल प्रवासियों, उद्योगों, व्यवसायों और पेशेवरों को आकर्षित भी करेगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शहर के शिलान्यास समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि प्रधानमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार किया है या नहीं और शिलान्यास समारोह कब होगा। वर्ष 2014 में राज्य के विभाजन के बाद अमरावती को आंध्र प्रदेश की नई राजधानी के रूप में नामित किया गया था। ब्रिटेन स्थित कंपनी फोस्टर एंड पार्टनर्स द्वारा तैयार अमरावती मास्टर प्लान में विजयवाड़ा और गुंटूर शहरों के बीच 217.23 वर्ग किलोमीटर में व्यापक विकास की परिकल्पना की गई है। कृष्णा नदी के तट पर बसे इस शहर को क्षेत्र का आर्थिक केंद्र बनाने का लक्ष्य है। उम्मीद है कि इससे 15 लाख नौकरियां पैदा होंगी, यहां 35 लाख लोग रहेंगे और 2050 तक इसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 35 अरब अमेरिकी डॉलर होगा।

# महंगाई आंकड़े, द्विपक्षीय व्यापार वार्ता एवं तिमाही नतीजे पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**



मुंबई। अमेरिकी टैरिफ से व्यापार युद्ध गहराने की आशंका में हुई बिकवाली वहीं शुल्क पर तीन महीने की अस्थाई रोक से हुई लिवाली से बीते सप्ताह रिकवरी होने के बावजूद मामूली गिरावट पर रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह महंगाई आंकड़े, भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वार्ता एवं कंपनियों के तिमाही नतीजे पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 207.43 अंक अर्थात 0.3 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 75157.26 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 75.9 अंक यानी 0.33 प्रतिशत फिसलकर 22828.55 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा। इससे मिडकैप 234.29 अंक अर्थात 0.6 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 40274.24 अंक और स्मॉलकैप 68.82 अंक यानी 0.2 प्रतिशत उतरकर 45798.35 अंक पर रहा। अगले सप्ताह 14 अप्रैल सोमवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती और 18 अप्रैल शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर अवकाश रहने के कारण बीएसई और एनएसई के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में केवल तीन दिन ही कारोबार होगा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, कई दिनों की अस्थिरता और अनिश्चितता के बाद भारतीय शेयर बाजार इस सप्ताह सकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ। बाजार को अमेरिका की ओर से पारस्परिक शुल्कों पर अप्रत्याशित रोक लगाने से राहत मिली, जिसने निवेशकों को कुछ आश्वासन प्रदान किया और बाजार में सुधार की उम्मीद को बल दिया। सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी), धातु और पूंजीगत वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में राहत देखी गई, जो कि कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध की दिशा पर नजर रखना अब भी जरूरी होगा क्योंकि इसके तीव्र होने की स्थिति में अमेरिका द्वारा अन्य उभरते बाजारों पर शुल्क स्थगन का असर सीमित हो सकता है। इस बीच, बाजार ने आगामी तिमाही परिणाम सीजन की शुरुआत एक संयमित दृष्टिकोण के साथ की है। प्रमुख आईटी कंपनियों के प्रारंभिक परिणामों ने व्यापारिक तनाव के असर को रेखांकित किया है और विवेकाधीन खर्चों में संभावित देरी की संभावना जताई है, जिससे निवेशकों में सतर्कता देखी जा रही है। भारत और अमेरिका के बीच चल रही द्विपक्षीय व्यापार वार्ता भी बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण कारक बनकर उभरी है। विश्लेषकों का कहना है कि यदि इन वार्ताओं का सकारात्मक परिणाम सामने आता है तो यह घरेलू बाजार की व्यापार क्षमता में और रंग भर सकता है। अगले सप्ताह स्थानीय स्तर पर मार्च 2025 की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। साथ ही अगले सप्ताह आईटी क्षेत्र प्रमुख कंपनी विप्रो और इंफोसिस समेत कई दिग्गज कंपनियों के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 एवं इसी वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के परिणाम भी आने वाले हैं। इन आंकड़ों पर बाजार की नजर रहेगी। बीते सप्ताह गुरुवार को श्रीमहावीर जयंती के उपलक्ष्य में अवकाश रहने से बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ, जिनमें से दो दिन गिरावट और दो दिन तेजी रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई।

# शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 13801.68 करोड़ बढ़ा

एजेंसी

मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन को छोड़कर अन्य साझेदार देशों पर लगाए गए टैरिफ को तीन महीने के लिए अस्थाई रूप से स्थगित करने के निर्णय से बीते सप्ताह शीर्ष दस कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 13801.68 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीएसई से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 04 अप्रैल को शीर्ष दस कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का कुल बाजार पूंजीकरण 9020576.61 करोड़ रुपये रहा। वहीं, एक सप्ताह बाद 11 अप्रैल को यह 9034378.29 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह इन शीर्ष दस कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में 13801.68 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। आलोच्य अवधि में पांच शीर्ष कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा जबकि पांच के कम हो गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बाजार पूंजी 19,757.27 करोड़ रुपये बढ़कर 1650002.23 करोड़ रुपये पर पहुंच गई और अन्य कंपनियों के मुकाबले यह शीर्ष पर बना रहा। साथ ही भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 8,011.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी लेकर 1002030.97 करोड़ रुपये, बजाज फाइनेंस का 12,760.23 करोड़ रुपये उछलकर 553348.28 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का 28,700.26 करोड़ रुपये उठकर 556054.27 करोड़ रुपये और आईटीसी का 15,329.79 करोड़ की बढ़त के साथ 527845.57 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, एचडीएफसी बैंक की बाजार पूंजी 7,958.31 प्रतिशत घटकर 1382450.37 करोड़ रुपये, टीसीएस की 24,295.46 करोड़ रुपये गिरकर 1169474.43 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक की 8,913.09 करोड़ रुपये कम होकर 934351.86 करोड़ रुपये, एसबीआई की 12,271.36 प्रतिशत टूटकर 672960.97 करोड़ रुपये और इंफोसिस की 17,319.11 करोड़ रुपये की गिरावट लेकर 585859.34 करोड़ रुपये रुपये पर आ गई।

# अपने वोटों को साधने के लिए ममता सरकार ने बंगाल को जलने के लिए छोड़ा: शेखावत

एजेंसी

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि बहुसंख्यक हिंदुओं पर राज्य में हमले हो रहे हैं और ममता बनर्जी की सरकार चुप है। केवल अपने वोटों को साधने के लिए उसने बंगाल को जलने के लिए छोड़ दिया है।

श्री शेखावत ने रविवार को अपने गृह जिले जोधपुर में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य के संरक्षण में और अपने वोटों के तुष्टीकरण के लिए जिस तरह के हालात बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के चलते हुए बने हैं, वो निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों रामनवमी उत्सव के समय और उसके बाद से लेकर अब निरंतर बहुसंख्यक

## अपने वोटों को साधने के लिए ममता सरकार ने बंगाल को जलने के लिए छोड़ा: शेखावत

हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। धार्मिक आधार पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। मंदिरों को क्षति पहुंचाई जा रही है। बहू-बेटियों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उसके बाद में भी ममता बनर्जी की सरकार चुप है और केवल अपने वोटों को साधने के लिए उसने बंगाल को जलने के लिए और हिंदू समाज को भुगतने के लिए छोड़ दिया है। उन्होंने कहा यह हालात एक बार फिर आजादी से पहले जिस तरह की व्यवस्था बंगाल में हुई थी, बंगाल विभाजन के समय हुई थी, उसका पुर्नस्मरण कराता है लेकिन मैं ऐसा मानता हूं कि अब जिस तरह की चेतना व्याप्त हुई है, आने वाले चुनाव में बंगाल को इससे मुक्ति मिलेगी और बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

# शासकों के लिए आज भी आदर्श हैं विक्रमादित्य : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि महाराजा विक्रमादित्य ने अपने शासन काल में कला संस्कृति, साहित्य और विज्ञान के विकास को संरक्षण और संवर्धन के साथ जो मूल्य स्थापित किए, कालान्तर में वे ही भारत की सांस्कृतिक आदर्श एवं पहचान बने।

उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ शनिवार शाम यहां लाल किला परिसर स्थित माधौदास पार्क में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति एवं अन्य अतिथियों ने इस तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन आयोजन का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन 14 अप्रैल तक लगातार जारी रहेगा। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि हमारी संस्कृति एक मिसाल है कि भारतीय जीवन मूल्यों के साथ जीवन कितना सहज और सरल हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारा परम धर्म है। सम्राट विक्रमादित्य ने अपने शासनकाल में राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारा देश बदल रहा है। भारत में भूतल की गहराई से आकाश की ऊंचाइयों तक हर तरफ विकास ही विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शिता से भारत की पुरानी प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित और जीवंत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाषा हमारी सांस्कृतिक चेतना की धुरी है। हमें अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए। हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रसार और भारतीय ज्ञान परम्पराओं पर आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। उपराष्ट्रपति ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दिल्ली में किए जा रहे इस महा आयोजन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई और साधुवाद देते हुए कहा कि केंद्र एवं दिल्ली सरकार के साथ मिलकर यह सिलसिला आगे भी जारी रहना चाहिए। हमें हमारी संस्कृति के



संवर्धन के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए और उन्हें खुशी है कि मध्यप्रदेश में यह काम बड़ी ही लगन और कुशलता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखना है और इसे वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने के भी प्रयास हमें करना चाहिए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ. श्रीमती सुदेश धनखड़, मप्र के प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति श्री शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव आनंद विभाग श्री राघवेंद्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार डा. श्रीराम तिवारी, डॉ अतुल जैन सहित मध्यप्रदेश एवं दिल्ली सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण तथा विक्रमादित्य महानाट्य महामंचन के 250 से अधिक कलाकारों सहित बड़ी संख्या में मध्यप्रदेश एवं दिल्ली के कलाप्रेमी नागरिकगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्राट वीर विक्रमादित्य के शासनकाल को भारतीय इतिहास का गौरवशाली काल बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति को सहेजने और संवारने में विक्रमादित्य का अमिट योगदान है। उन्होंने सिर्फ़ शासन को सुशासन की व्यवस्था में बदला। वे अदम्य साहस, धीरता वीरता और संवेदनशीलता के प्रतीक थे। उन्होंने अपनी प्रजा को कर्जमुक्त किया। वे अनेकानेक गुणों से युक्त थे। गरीबों, लाचारों, वंचितों को उनका हक दिलाने की प्रेरणा हमें सम्राट वीर विक्रमादित्य से ही मिलती है। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य हमारे लिए सदैव स्तुत्य रहेंगे। उन्होंने हमें जनता की सेवा की सीख दी है। वे अपनी प्रजा का सुख-दुख देखने के लिए भेष बदलकर प्रजा के बीच जाते थे। उनकी यह संवेदनशीलता बताती है कि प्रजा के सुख में ही शासक का सौख्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति सदैव समृद्ध रही है और आगे भी रहेगी। हमारी संस्कृति मां गंगा की अविरल धारा की तरह लगातार बहती रहेगी। हमें अपने गौरवशाली अतीत पर नाज है और यह भावना हमें नई पीढ़ी तक भी पहुंचानी है। देश की राजधानी दिल्ली में विक्रमादित्य महानाट्य के महामंचन के मूल में हमारी यही मंशा है। उन्होंने सभी से इस आयोजन का लाभ उठाकर अपने इतिहास के गौरवशाली काल को देखने, समझने और आनंद लेने की अपील की। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन देश के इतिहास को जीवंत करने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक चेतना को भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य का शासनकाल भारत के सांस्कृतिक उत्कर्ष का उच्चतम समय था। उनके शासन पर आधारित महानाट्य का मंचन विक्रमादित्य के उस स्वर्णिम युग का मंचन है। वे ज्ञान, विज्ञान कौशल के पोषक और वीरता की मिसाल थे। वे आदर्श शासक थे।

# मदरसा बहरुल उलूम में बच्चों को किया गया सम्मानित



कमलापुर। मदरसा बहरुल उलूम कमलापुर में शनिवार को अंकपत्र का वितरण किया गया। इस दौरान अपनी-अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। अनुशासन, स्वच्छता और कक्षा में उपस्थिति प्रतिशत के आधार पर भी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मदरसा बहरुल उलूम के प्रधानाचार्य मौलाना असलम कासमी ने कहा कि तालीम के बगैर दुनिया में हर कदम पर दुश्वारियां हैं। एक बेहतर ज़िंदगी तालीम हासिल करके ही पाई जा सकती है। मदरसों में दुनियावी तालीम के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाने का काम भी किया जाता है। ऐसे में मदरसे से पढ़े बच्चें समाज मे नैतिकता का एक मानक तय कर सकते हैं, लेकिन ये तभी मुमकिन होगा जब उनके घर वाले अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की कोशिश भी करेंगे। इस मौके पर मौलाना सुफियान, आफताब मंसूरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। लखनऊ से आए मुफ़्ती अबुल कासिम नदवी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए दुआ कराई। इस अवसर पर दानिश अली, आजाद हुसैन, इश्तियाक फौजी, कारी सुफियान, इम्तियाज़ अहमद, मौलाना मो. आमीन, मौलाना अबरार, मास्टर शफीक, हाफिज दिलदार आदि उपस्थित रहे।

# साढ़े तीन साल में मोदी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है : शाह

एजेंसी

भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि देश में सहकारिता आंदोलन में कभी 'अनियमन' की स्थिति थी, लेकिन केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने साढ़े तीन सालों के दौरान सहकारिता के क्षेत्र में बड़ा बदलाव किया है।

श्री शाह ने यहां राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, राज्य के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग और पशुपालन मंत्री लखन पटेल समेत अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और मध्यप्रदेश डेयरी फ़ेडरेशन के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर भी हुए, जिसके तहत राज्य में डेयरी क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाए जाएंगे।

श्री शाह ने अपने संबोधन में कहा कि एक समय था, जब देश में सहकारिता आंदोलन में अनियमन था। कुछ राज्यों में यह काफी आगे था। कुछ जगह इसका सरकारीकरण हुआ, तो कुछ जगह पूरी तरह विनाश हुआ। देश में सहकारी आंदोलन बटा हुआ था, इसकी मुख्य वजह यह थी कि कानूनों में समय के साथ बदलाव नहीं किया गया। देश में जिस तेजी से परिस्थितियां बदलीं, उनके अनुरूप कानून नहीं बदले गए। उस समय कभी भी राष्ट्रीय स्तर पर समग्रता के साथ विचार नहीं हुआ। श्री शाह ने कहा कि लेकिन मोदी सरकार ने देश में 75 साल बाद केंद्रीय सहकारिता विभाग का गठन किया। इसका मंत्री उन्हें (श्री शाह) बनाया गया। उन्होंने मंत्री बनने के बाद सबसे पहले प्राथमिक सहकारी समितियों में सुधार के लिए आदर्श बाय लॉज बनाए और उन्हें सभी राज्यों को भेज दिया। श्री शाह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी राज्यों ने इन बाय लॉज को लागू कर दिया और इसके साथ ही सहकारिता क्षेत्र में सुधार प्रारंभ हो गया। उन्होंने कहा कि वे सभी राज्यों को इस बात के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि इन सुधारों की वजह से अब ल्पैक्सङ्क 20 से ज्यादा काम करने लगे हैं और उनकी आय भी बढ़ी है, जबकि एक समय पैक्स केवल अल्पकालीन किसान ऋण से संबंधित कार्य करते थे, जिससे उन्हें सिर्फ आधा प्रतिशत का मुनाफा होता था। अब पैक्स आयुष्मान भारत से जुड़ी सस्ती दवाएं बेच रहा है। जल वितरण का कार्य भी कर रहे हैं। आने वाले समय में ये और अधिक काम करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से मुहैया कराए गए 25 हजार करोड़ रुपए के खर्चे से पूरे देश में पैक्स का कंप्यूटराइजेशन कर दिया गया है। इस कार्य में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर रहा। श्री शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि, सहकारिता और पशुपालन के क्षेत्र में ढेर सारी संभावनाएं हैं। अब इन्हीं संभावनाओं का दोहन करने का निर्णय लिया गया है। श्री शाह ने बताया कि आज वे यहां पर एनडीडीबी और एमपी फ़ेडरेशन के बीच हुए समझौते के साक्षी बने हैं। मध्यप्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लीटर दुग्ध उत्पादन है, जो देश का नौ प्रतिशत है। जबकि सरकारी डेयरियों में इसका एक प्रतिशत से भी कम संग्रहण होता है। उनका कहना है कि किसान जब ल्ओपन मार्केटङ्क में दूध बेचने जाता है, तो उसका शोषण होता है। अब किसानों का शोषण रोका जा सकेगा।

## 'डीपीएस प्रकरण पर स्वतः संज्ञान ले उच्चतम न्यायालय, दोषियों के खिलाफ हो कार्रवाई'

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के प्रतिष्ठित विद्यालय दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका में पढ़ने वाले बच्चों के परिजनों ने उच्चतम न्यायालय से बच्चों के साथ हो रहे भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न तथा प्रताड़ना के मामले पर स्वतः संज्ञान लेने और इसे रोकने तथा दोषियों पर कानून अनुसार कठोरतम करवाई करवाई करने की अपील की है। इस मुद्दे पर बच्चों के परिजनों ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि डीपीसी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बीते 25 दिनों से मानसिक उत्पीड़न, भेदभाव और प्रताड़ना का शिकार होना पड़ रहा है। इस बारे में अभिभावक लगातार प्रशासन, सरकार और कानून की शरण में जा रहे हैं, लेकिन अब तक बच्चों को कोई राहत नहीं मिली है। परिजनों ने बताया कि 20 मार्च 2025 से अब तक 50 से अधिक बच्चे विद्यायलय प्रशासन की प्रताड़ना और मानसिक उत्पीड़न का शिकार हो चुके हैं। दक्षिण- पश्चिमी दिल्ली के जिलाधिकारी की जांच, शिक्षा निदेशालय के निर्देश, और सरकार के आश्वासन, सब कागजों तक सीमित हैं। डीपीएस प्रबंधन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। परिजनों ने कहा कि विद्यालय द्वारा कोविड काल से लेकर अब तक लगातार नियमों की अवहेलना, शिक्षा का व्यवसायीकरण और बच्चों के अधिकारों की अनदेखी की गई है। परिजनों के अनुसार शिक्षा निदेशालय और न्यायालयों के आदेशों को या तो नजरअंदाज किया गया या अपने पक्ष में तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया। परिजनों ने बताया कि विद्यालय में पीटीए का गठन वर्षों से नहीं किया गया, जिसकी लगातार शिकायतें की गईं, लेकिन और विभाग ने खुद माना कि उसके संज्ञान में है फिर भी कोई सुनवाई/करवाई नहीं हुई। परिजनों ने कहा कि नर्सरी तथा प्री-प्राइमरी में दाखिले में गैर-कानूनी अंडरटेकिंग लेकर छह माह की अग्रिम शुल्क वसूला गया और नियमों का हवाला देने वाले अभिभावकों के बच्चों को प्रवेश नहीं दिया गया। अभिभावकों ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से आग्रह है कि वे तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करें। साथ ही शिक्षा मंत्री और निदेशक (शिक्षा निदेशालय) डीपीएस सोसायटी और विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ सख्त और स्पष्ट कार्रवाई करें। परिजनों ने दक्षिण- पश्चिमी दिल्ली के जिलाधिकारी द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट के आधार पर त्वरित कार्रवाई हो और पीड़ित बच्चों को तुरंत राहत दिलाने की भी अपील की। इसके साथ ही राष्ट्रीय बाल सुरक्षा अयोग के अध्यक्ष बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए इस मामले में संज्ञान लेने और लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

# गोयल ने 'वाइब्रेंट बिल्डकॉन' में स्वस्थ विकास के वैश्विक मानक बनाने का किया आह्वान

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कैपेक्सिल के वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025 को संबोधित करते हुए उद्योग जगत के हितधारकों से स्थिरता में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने, आयात निर्भरता को कम करने, स्वच्छ और हरित निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने तथा भूकंपरोधी और मॉड्यूलर बुनियादी ढांचे की दिशा में काम करने का आह्वान किया।

श्री गोयल ने निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की बढ़ती ताकत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह ताकत वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) से लेकर मेक इन इंडिया के तहत घरेलू विनिर्माण के काम में दिख रही है। उन्होंने आवास, बुनियादी ढांचे, वाणिज्यिक अचल संपत्ति, रेलवे, हवाई अड्डों, राजमार्गों और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''सीमेंट और इलेक्ट्रिकल्स से लेकर सुरक्षा प्रणालियों और स्वचालन तक हर तत्व इस पारिस्थितिकी तंत्र में एक भूमिका निभाता है। श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तेजी से बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे विश्व स्तरीय सम्मेलन केंद्रों की परिकल्पना की थी, दोनों ही महामारी के दौरान बनाए गए थे। इन अत्याधुनिक स्थलों ने जी20 शिखर सम्मेलन, भारतटेक्स, भारत मोबिलिटी और स्टार्टअप महाकुंभ जैसे वैश्विक कार्यक्रमों की मेजबानी की है। श्री गोयल ने कई प्रमुख सरकारी पहलों को सूचीबद्ध किया, जिनमें 20 नए स्मार्ट औद्योगिक शहर, 50 गंतव्यों में बेहतर पर्यटन बुनियादी ढांचा और 100 नए औद्योगिक प्लग-एंड-प्ले हब शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''अगर हमें आज की 4 ट्रिलियन(4 लाख करोड़ ) डॉलर की अर्थव्यवस्था से 2047 तक 30-35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है, तो हर नागरिक को विकसित भारत 2047 में योगदान देना होगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि आज भारत एकता के साथ भविष्य की कल्पना कर रहा है, सहयोग को बढ़ावा दे रहा है और एकजुट होकर काम कर रहा है। श्री गोयल ने कहा, ''वाइब्रेंट बिल्डकॉन हमारे निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को एक साथ लाने की शुरुआत मात्र है।

# पेज एक का शेष

### वक्फ के नाम पर...

दूसरी तरफ जोगेंद्र नाथ मंडल थे, जिन्होंने पाकिस्तान का समर्थन किया, लेकिन एक वर्ष भी पाकिस्तान में नहीं रह पाए। मंडल के कृत्यों की सजा आज भी बांग्लादेश में हिंदू भुगत रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश में जिन हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, वह दलित हैं। कांग्रेस, सपा व ममता बनर्जी ने उनके पक्ष में आवाज नहीं उठाई, यह आवाज केवल भाजपा ने उठाई। भाजपा प्रतिबद्ध है कि हमें हर हिंदू की रक्षा करनी है, इसी के लिए सीएए भी बनाया कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में कोई सिख, हिंदू, जैन, बौद्ध यदि प्रताड़ित हैं और वह भारत में आया है तो उसे नागरिकता मिल जाए, लेकिन कांग्रेस और सपा के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। यह वही दल हैं, जो दलितों व वंचितों का अधिकार छीनते हैं। इनकी जमीन पर कब्जा करने वाले लोग भी सपा व कांग्रेस से जुड़े होते हैं, लेकिन सरकार ऐसे लोगों को ठीक करती है, जिससे वे कब्जा न कर पाएं। सीएम ने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में जो वंचित-दलित हिंदु था, उनको सीएए एक्ट के तहत भारत की नागरिकता देने के कार्य को जब पीएम मोदी ने आगे बढ़ाया तो इन लोगों (विपक्षी दलों) ने देश में आंदोलन, आगजनी, तोड़फोड़ की, लेकिन सरकार ने दृढ़ता से उसका सामना करते हुए नागरिकता देने का कार्य किया। पाकिस्तान, बांग्लादेश या दुनिया में कहीं भी पीड़ित हिंदु होगा, वह अंततः हिंदुस्तान में ही शरण लेने को मजबूर होगा। कांग्रेस, सपा व टीएमसी जैसे दलों ने उन्हें शरणार्थी के रूप में रखा, लेकिन भाजपा ने अपनाया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस व सपा राष्ट्रनायकों के अपमान पर उतारू है। 2012 में सपा सरकार बनने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री ने कहा था कि सामाजिक न्याय के जितने भी स्थल बनाए गए हैं, उन्हें तोड़वाएंगे और इसमें मैरिज हॉल खुलवाएंगे। लखनऊ में मान्यवर कांशीराम के नाम पर बने विश्वविद्यालय, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज, कन्नौज मेडिकल कॉलेज डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम था, जिसे बदल दिया गया, लेकिन हम लोगों ने घोषणा की कि कन्नौज में यह बाबा साहेब के नाम पर ही होगा। सीएम योगी ने कहा कि यह लोग सामाजिक न्याय के प्रतीक महापुरुषों को अपमानित करते रहे हैं। महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज के खिलाफ वक्तव्य देते हैं और औरंगजेब का महिमामंडन करते हैं। तीन वर्ष पहले जब हम लोग प्रदेश में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम से जुड़े थे तो सपा मुखिया भारत के तोड़क जिन्ना का महिमामंडन कर रहे थे। जब भारत के महापुरुष के सम्मान की बात आती है तो यह लोग कोई न कोई प्रोपोगंडा फैलाते हैं, जिससे समाज को बांटने का कार्य किया जा सके। छत्रपति शिवाजी, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर, महाराणा प्रताप, महाराणा सांगा का अपमान उसी श्रृंखला का हिस्सा है, जो कंग्रेस व सपा का डीएनए अब तक करता रहा है। मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि 10 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र व विभिन्न राज्यों की भाजपा सरकारों ने दलितों, वंचितों, पिछड़ों व महिलाओं के लिए कौन से कार्य किए हैं और उनकी उपलब्धि व परिणाम क्या हैं। कौन से ऐसे कारक थे, जो बाबा साहेब के सपनों को साकार करने में बाधक थे। जब हम सही तथ्य जनता के सामने रखेंगे ही नहीं, तो गुमराह करने वाले दल राजनीतिक सीढ़ियों पर चढ़कर सत्ता की ऊंची दुकानों के पकवानों का स्वाद लेकर दलितों, गरीबों, को उनके अधिकारों से वंचित करते रहेंगे। सीएम योगी ने कहा कि लखनऊ में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का इंटरनेशनल सेंटर, स्मारक व सांस्कृतिक केंद्र स्थापित कर रहे हैं। जहां बाबा साहेब के दर्शन पर शोध हो सके। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि बाबा साहेब की पावन जयंती पर इन मुद्दों को लेकर दलित-वंचित बस्ती में जाएं और सही तथ्य रखें।

इस दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कन्नौजिया, भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश, समेत योगी सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि व भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जयपुर सड़क हादसे...

(35), बहू प्रियांशी (30) और छह माह की पोती के रूप में हुई। यह परिवार राजस्थान घूमने के लिए आया हुआ था। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि स्थानीय लोगों ने घटना के बारे बताया कि ओवरटेक के दौरान कार ट्रेलर से टकरा गई है। पुलिस ने सभी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आकाश आनंद...

अपने ससुर की बातों में नहीं आने का संकल्प व्यक्त किया है। आकाश आनंद ने अपनी बुआ व बसपा सुप्रीमो मायावती ने माफी मांगते हुए कहा है कि उन्हें पार्टी में काम करने के लिए एक मौका दिया जाए। उन्होंने कहा है कि आज मैं यह प्रण लेता हूं कि बहुजन समाज पार्टी के हित के लिए मैं अपने रिश्ते-नातों और खासकर अपने ससुराल वालों को कतई बाधा नहीं बनने दूंगा। माना जा रहा है कि आकाश आनंद द्वारा यह कदम उनकी बसपा में वापसी के मद्देनज़र उठाया गया है। आकाश आनंद ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट के जरिये बसपा सुप्रीमो को अपना राजनीतिक गुरु बताते हुये उनके प्रति प्रति सम्मान का इजहार किया और अपने कृत्य पर माफी मांगी। उन्होने लिखा बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, यूपी की चार बार रही मुख्यमंत्री एवं लोकसभा व राज्यसभा की भी कई बार रही सांसद आदरणीया बहन कु. मायावती जी को मैं अपना दिल से एकमात्र राजनीतिक गुरू व आदर्श मानता हूं। आज मैं यह प्रण लेता हूं कि बहुजन समाज पार्टी के हित के लिए मैं अपने रिश्ते-नातों को व खासकर अपने ससुराल वालों को कतई भी बाधा नहीं बनने दूंगा। उन्होने कहा कुछ दिनों पहले किए गए अपने ट्ववीट के लिए भी माफी मांगता हूं जिसकी वजह से आदरणीया बहन जी ने मुझे पार्टी से निकाल दिया है और आगे से इस बात को सुनिश्चित करूंगा कि मैं अपने किसी भी राजनीतिक फैसले के लिए किसी भी नाते रिश्तेदार और सलाहकार की कोई सलाह मशविरा नहीं लूंगा और सिर्फ आदरणीय बहन जी के दिए गए दिशा-निर्देशों का ही पालन करूंगा। तथा पार्टी में अपने से बड़ों की व पुराने लोगों की भी पूरी इज्जत करूंगा और उनके अनुभवों से भी काफी कुछ सीखूंगा। आकाश ने कहा आदरणीया बहन जी से अपील है कि वे मेरी सभी गलतियों को माफ करके मुझे पुनः पार्टी में कार्य करने का मौका दिया जाए, इसके लिए मैं सदैव उनका आभारी रहूंगा। साथ ही अब मैं आगे ऐसी कोई भी गलती नहीं करूंगा, जिससे पार्टी व आदरणीया बहन जी के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान को ठेस पहुंचे। गौरतलब है कि पिछले दिनो सुश्री मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी कोर्डिनेटर पद से निष्कासित करने के बाद निकाल दिया था। उनका कहना था कि आकाश अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में है और पार्टी लाइन से अलग चल रहे हैं। इससे पहले सुश्री मायावती ने आकाश को अपना उत्तराधिकारी भी नियुक्त किया था मगर उन्हे पार्टी से निकाले जाने के बाद कहा था कि अब उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा।

### दलितों के लिए...

लिए प्रत्येक मंडल में सर्व सुविधायुक्त अटल आवासीय विद्यालय की चर्चा आज पूरे देश में हो रही है। वहीं इसके अलावा पहले चरण में 57 जनपदों में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय, उसके बाद सभी 350 तहसीलों में और फिर समस्त 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना भी अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के द्वार खोलेंगे। यह प्रयास शिक्षा के जरिए सामाजिक समानता की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

रोजगार के क्षेत्र में योगी सरकार ने एससी एसटी समुदायों के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत युवाओं को उद्योग और सेवा क्षेत्र में 25 लाख तक का ऋण और 25% सब्सिडी दी जा रही है। अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से छोटे व्यवसाय जैसे दुकान, टेलरिंग, और लॉन्ड्री के लिए ब्याज-मुक्त ऋण और अनुदान दिए गए। बाबा साहब अंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना ने गरीब परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद की। इन कदमों से हजारों युवाओं को नई राह मिली है। वहीं योगी सरकार ने एससी-एसटी समुदायों के लिए आवास और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष जोर दिया। भूमिहीन परिवारों को जमीन का पट्टा और प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान दिए गए। इसके अलावा 1.86 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन और 5 करोड़ आयुष्मान कार्ड में इन समुदायों को विशेष प्राथमिकता दी गई। राशन और पेंशन कार्ड से वंचित लोगों योजना का लाभ दिलाने के लिए सरकार के प्रयास को सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

प्रदेश में अनुसूचित जाति और जनजाति के खिलाफ होने वाले अत्याचारों को रोकने के लिए योगी सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ितों को 22,500 से 8,25,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता तुरंत दी जाती है। वहीं छुआछूत के खिलाफ नागरिक अधिकार संरक्षण कानून को भी यूपी में प्रभावी ढंग से लागू किया गया। इन कदमों से समाज में डर का माहौल खत्म हुआ और कमजोर वर्गों को सुरक्षा मिली है। इसके साथ ही योगी सरकार ने एससी-एसटी समुदायों की संस्कृति और पहचान को संरक्षित करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। लखनऊ में जनजातीय संग्रहालय के लिए बजट आवंटित किया गया, जो इन समुदायों की विरासत को सहेजेगा। थारू, मुसहर और सहरिया जैसी जनजातियों के लिए विशेष योजनाएं शुरू की गईं, जिनसे उनका सामाजिक और आर्थिक पुनरुद्धार हुआ। वृद्धाश्रमों में भी एससी-एसटी बुजुर्गों को मुफ्त भोजन और चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं, जिससे उनकी जिंदगी में सम्मान बढ़ा है।

# बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के काम और विचार हम सभी के लिए प्रेरणादायक : नीतीश कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जदयू द्वारा सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित बापू सभागार में आयोजित 'भीम संवाद' कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के काम और विचार हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रेरणादायक है। उनके द्वारा देशहित और राष्ट्र निर्माण में किए गए कार्य काफी सराहनीय है। उनके नेतृत्व में संविधान की रचना की गई, यह कोई मामूली बात नहीं है। उनके कामों को हम सभी को याद रखना चाहिए। जब हम केंद्रीय मंत्री थे तो बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के घर पर जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते थे तथा उनके परिजनों से मिलते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पार्टी जनता दल यूनाइटेड पांच महापुरुषों को अपना प्रेरणास्त्रोत मानती है। इनमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर, डॉ राममनोहर लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश नारायण तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर के नाम शामिल हैं। इन पांच महापुरुषों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर प्रारंभ से ही हमलोग बिहार के हर क्षेत्र में विकास का काम निरंतर कर रहे हैं। हमलोग सभी जाति-धर्म के लोगों के विकास के लिए हर प्रकार से काम कर रहे हैं। वह चाहे दलित हो, महादलित हो, पिछड़ा हो, अतिपिछड़ा हो, अपर कास्ट हो, अल्पसंख्यक हो या महिलाएं हों, सभी के उत्थान के लिए काम किया जा रहा है। किसी की उपेक्षा नहीं की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा



कि वर्ष 2005 से पहले बिहार के लोगों ने जिन्हें मौका दिया उन्होंने कोई काम नहीं किया। हम समय-समय पर हर जगह जाकर लोगों से मिलते रहते हैं। उनकी समस्याओं से अवगत होते हैं और उन समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए काम किया जाता है। पूरे बिहार में विकास का काम कराया जा रहा है, जहां कहीं भी कुछ कमियां दिखती हैं, उन्हें दूर करने की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाती है। हमलोग समाज के सभी तबकों को एकजुट रखते हुए सबके हित में काम कर रहे हैं। मैं आप सभी से आग्रह करूंगा कि हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए अब तक जो काम किया है उससे लोगों को अवगत कराएं। बाबा साहब के काम और विचार हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। आप सभी एकजुट होकर एक-दूसरे के साथ मिलकर रहें। हमलोग आप सभी के हित में काम करते रहेंगे और बिहार को आगे बढ़ायेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रीराजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसदसंजय कुमार झा, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्रीरत्नेश सादा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्रीसुमित कुमार सिंहऔरअल्पसंख्यक कल्याण मंत्रीमोजमा खान,सहित पूर्व मंत्रीगण / विधायकगण/विधान पार्षदगण, जदयू के वरिष्ठ नेतागण, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता तथा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के समर्थक उपस्थित थे।

## भीम जयंती की पूर्व बेला पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने निकाली 'भीम पदयात्रा'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने पवेलियन ग्राउंड से स्कूली छात्रों के साथ 'भीम पदयात्रा' निकाली। इस पदयात्रा में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि भीमराव अंबेडकर मानवता धर्म के सबसे बड़े प्रवर्तक और समाज सुधारक थे। उन्होंने हर जाति, धर्म, समाज के मानव मात्र के जीवन की गरिमा को स्थापित करने के लिए संघर्ष किया। रेखा आर्या ने कहा कि भीमराव अंबेडकर को एक समय सामाजिक कुरीतियों के चलते पढ़ाई से वंचित करने का प्रयास किया गया, लेकिन अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर वह विश्व के जाने-माने कानूनविद और अर्थशास्त्री बने। उन्होंने छात्रों से अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि देश का युवा अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर स्वयं को राष्ट्र, समाज, न्याय और संविधानवाद की राह में समर्पित करें। मंत्री ने स्कूल और कॉलेज के छात्रों को न्याय, अहिंसा, समता और सामाजिक सुधार को अपनाने की सीख दी। इस अवसर पर खेल निदेशक प्रशांत आर्य व अन्य अधिकारी और कॉलेज एवं स्कूली छात्र उपस्थित रहे।

## बाजवा के 'पंजाब में 50 बम' बयान पर मान की चुनौती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने रविवार को नेता प्रतिपक्ष परताप सिंह बाजवा के कथित बयान कि ह्लपंजाब में 50 बम लाए जा चुके हैं, जिनमें से 18 फट चुके हैं, 32 बाकी हैंङ्क, को साबित करने की चुनौती दी। श्री मान ने एक वीडियो बयान में कहा कि श्री बाजवा, जो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं, ऐसा गैरजिम्मेदाराना बयान कैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य या केन्द्रीय एजंसियों के पास भी इस तरह की कोई जानकारी नहीं है तो क्या श्री बाजवा के पास जानकारी क्या सीधे पाकिस्तान से आई है? उन्हें और उनकी पार्टी कॉंग्रेस को भी बताना चाहिए कि उनकी जानकारी का स्रोत क्या है? मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यदि श्री बाजवा के बयान का उद्देश्य केवल दहशत फैलाना है तो उनके खिलाफ कानूनन कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, पंजाब के कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्री बाजवा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर उनसे पूछताछ करने पहुँचने की खबर है। पुलिस के अनुसार श्री बाजवा ने एक चैनल को साक्षात्कार में ऐसा बयान दिया था कि 50 हथगोले पंजाब में आ चुके हैं और उनमें से 18 फट चुके हैं और 32 बाकी हैं चूंकि यह बेहद संवेदनशील जानकारी है इसलिए पुलिस द्वारा इसके स्रोत का पता लगाना जरूरी है और इसलिए पुलिस श्री बाजवा से पूछताछ करने पहुंची। उधर, नेता प्रतिपक्ष परताप सिंह बाजवा ने पुलिस की पूछताछ के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि वह अपने स्रोत की जानकारी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वह पंजाब में मंत्री रह चुके हैं और उनके प्रदेश की भी और केन्द्रीय खुफिया एजंसियों व विदेश मंत्रालय में भी स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि उनके स्रोत ने उन्हें फोन कर कहा था कि पंजाब में माहौल बेहद संवेदनशील बनता जा रहा है, सावधान रहें क्योंकि उनका परिवार भी आतंकवादी हमलों की जद में आ चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने उनके बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया है श्री बाजवा ने दावा किया कि पुलिस पूछताछ में उन्होंने पूरा सहयोग किया लेकिन स्रोत नहीं बताया, न बताएंगे। उन्होंने कहा कि स्रोत का खुलासा कोई भी नहीं करता है और वह एक जिम्मेदार, संवैधानिक पद पर हैं। वह तो सरकार की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं। इत्तला करके भी उन्होंने मदद ही की है।

पुलिस से सहयोग न करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री मान पर 'कुम्भकर्णी नींद' से जागने और पंजाब में बेकाबू हो रहे हालात को संभालने की नसीहत दी। उल्लेखनीय है कि पंजाब में पिछले दिनों लगातार हथगोले फेंकने की वारदातें हुई हैं जिनमें आखरी मामला हाल में पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी नेता मनोरंजन कालिया के जालंधर स्थित आवास के बाहर धमाके का है।

## भाजपा स्थापना दिवस पर बगहा विधायक का जनसंपर्क अभियान जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पश्चिम चम्पारण(बगहा)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर बगहा विधायक राम सिंह भाजपा कार्यकर्ता के साथ लगातार कार्यक्रम कर रहें हैं।इस दौरान कार्यकर्ता अपने दरवाजे पर भाजपा का ध्वज लगा रहे हैं, मंदिर, विद्यालय सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई अभियान चला रहें हैं। उक्त आशय की जानकारी भाजपा उपाध्यक्ष रितु जायसवाल ने दी है।

उन्होंने बताया कि आंगन बाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण और केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों से भी मिला जा रहा है। गांव-गांव चौपाल लगाकर जनता से मिलना एवं भाजपा के झण्डा के साथ जुलूस निकलना आदि कार्यक्रम शामिल है। इस क्रम में भाजपा विधायक राम सिंह विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क शुरू कर दिए हैं। चिउंटाहा मंडल में विगत 7 अप्रैल को बगहा ग्रामीण मंडल के बड़गांव में बूथ संख्या-155 पर बूथ अध्यक्ष विकाश ठाकुर के यहां पार्टी के



स्थापना दिवस पर पार्टी का झंडा फहरा कर एक दूसरे को मिठाई खिलाए। लगातार विधानसभा क्षेत्र के भिन्न भिन्न शक्तिकेंद्रों के विभिन्न बुथों पर पार्टी द्वारा निर्देशित लगातार सभी कार्यक्रम कर रहें हैं। इसी क्रम में स्थानीय विधायक ने सभी मंडलों में अनेक बूथों पर बूथ स्तरीय कार्यक्रम किये, 6 अप्रैल को बडग़ांव में बूथ संख्या-155, मझौआ पंचायत के बूथ संख्या-,287,288, इंग्लिशिया पंचायत के बूथ संख्या-281' चंद्राहा रूपवलिया पंचायत के बूथ संख्या-210, 211,214 पर स्थापना दिवस अन्तर्गत पार्टी का ध्वजारोहण किया गया। विगत8 अप्रैल को बगहा भाजपा जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्य सम्मेलन में शामिल हुए, भितहा मंडल के सक्रिय सदस्य सम्मेलन में शामिल हुए। 9 अप्रैल को चिउंटाहा मंडल के बरवासानी, लखनिया, एवं जीतपुर में जनसंपर्क, जुलूस, लाभार्थियों से केंद्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा किये। 12 अप्रैल को गांव की ओर चलो कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम लगुनाहा, मकरी, नवगांवा, पिपरा भठइया, एवं परसौनी कॉलोनी में जनसंपर्क, जुलूस, लाभार्थियों से केंद्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा किये । 13 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत गांव/बस्ती चलो अभियान अंतर्गत बगहा नगर मंडल शास्त्रीनगर में जनसंपर्क किया। मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया एवं चौपाल में जनता जनार्दन से बात किया एवं कुशल क्षेम जाना। कार्यक्रम में रतेंद्रनाथ तिवारी , जिला उपाध्यक्ष रितु जायसवाल, मंडल अध्यक्ष राजन गुप्ता, अमरेश श्रीवास्तव , प्रमोद राम, अमित पांडेय, विशाल पांडेय, गोविंद जायसवाल, मुकेश द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहें।

## नाबालिग की चाकू घोपकर हत्या, तीन नाबालिग पकड़े

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले के गोविंदपुरी इलाके में शनिवार देर रात एक 17 वर्षीय नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मृतक की पहचान कृष के रूप में हुई है। गोविंदपुरी थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर तीन नाबालिग को पकड़ा। पूछताछ में नाबालिगों ने खुलासा किया कि मृतक उनके साथ स्कूल में पढ़ता था। वह छोटी-छोटी बातों पर उनकी पिटाई करता था। उसने उन्हें धमकी दी थी कि वह उन्हें और उनके परिवारों को नुकसान पहुंचाएगा। मार पिटाई से तंग आकर तीनों नाबालिगों ने मृतक को सबक सीखने की योजना बनाई। बीती रात उसे बात करने के लिए बुलाया और उसके ऊपर चाकू से हमला किया। दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि कृष परिवार के साथ भूमिहीन कैंप में रहते थे। परिवार में पिता, मां व एक छोटी बहन है। कुछ समय पहले ही कृष ने स्कूल छोड़ा था।

## भीम पदयात्रा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री मंडाविया डॉ. अंबेडकर के कृतित्व से प्रेरणा लेने का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने रविवार को पटना में जयभीम पदयात्रा का नेतृत्व किया। पदयात्रा को बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने हरी झंडी दिखाई और इसमें 6,000 से अधिक माई भारत युवा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस मौके पर जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. मंडाविया ने नए भारत के निर्माण के लिए डॉ. अंबेडकर की विरासत के पथप्रदर्शक बनने का आह्वान किया। डॉ मंडाविया ने देश के युवाओं से विकसित भारत यात्रा में बाबासाहेब अंबेडकर और अन्य महान नेताओं की



दूरदृष्टि, विरासत और अनुकरणीय कार्यों से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहब ने 1947 की शुरुआत में महिलाओं के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करने में अग्रणी योगदान दिया। उस समय जब दुनिया के कई हिस्सों में लैंगिक समानता को मान्यता नहीं दी गई थी। युवा पीढ़ी से इन राष्ट्रीय प्रतीकों के आदर्शों का पालन करने के लिए एक गंभीर संकल्प (प्रतिज्ञा) लेने का आह्वान करते हुए डॉ मंडाविया ने युवाओं के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय विकास के महत्व को दोहराया। उन्होंने युवाओं से एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समावेशी विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित पंचप्राण के साथ खुद को जोड़ने का आह्वान किया। पटना उच्च न्यायालय के पास पदयात्रा के समापन पर डॉ. मनसुख मंडाविया ने अन्य नेताओं के साथ डॉ बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के आसपास सफाई अभियान में भाग लिया। इसके बाद उन्होंने बाबासाहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनका श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

## पंजाब में भारी मात्रा में आईईडी, आरडीएक्स बरामद, दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




फिरोजपुर। पंजाब में एक बड़ी सफलता में, काउंटर इंटेलिजेंस, फ़िरोज़पुर ने जर्मनी स्थित गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों द्वारा संचालित आतंकी मॉड्यूल के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार कर क्षेत्र में शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की पाकिस्तान की आई एस आई की योजना को विफल कर दिया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जग्गा सिंह और मनजिंदर सिंह के तौर पर हुई है। गोल्डी बरार-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का करीबी गुर्गा है। डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने उनके पास से 2.8 किलोग्राम आई ई डी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) , जिसमे 1.6 किलोग्राम आर डी एक्स और एक रिमोट कंट्रोल शामिल है, बरामद किया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आई ई डी को लक्षित आतंकी हमले के लिए बनाया गया था। उन्होंने कहा कि एन आई ए ने गोल्डी ढिल्लों पर 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। इस संबंध में एनडीपीएस विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत पुलिस थाना एसएसओसी मोहाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## कटारिया ने अंबेडकर जयंती पर लोगों को दी बधाई

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ संघ शासित प्रदेश के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने रविवार को देश और विदेश में बसे सभी पंजाबियों को अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं।

श्री कटारिया ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय समस्याओं का समाधान भारतीय दृष्टिकोण से खोजा और हमेशा देश की जनता के हितों एवं आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का संविधान निर्माण करने में उनका योगदान अतुलनीय है। बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और गरीबों एवं वंचितों के उत्थान को समर्पित रहा।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने निर्बलों को सशक्त बनाने का जो कार्य किया, वह प्रेरणादायक है। समाज के गरीब और वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने की उनकी सोच हमें सदैव प्रेरित करती है। डॉ. अंबेडकर के विचार हमें सिखाते हैं कि आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता सामाजिक-आर्थिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अंबेडकर जयंती को सत्य और समानता की भावना के साथ मनाएं।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सम्मान समारोह में फारबिसगंज की बेटी सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। पटना में चित्रगुप्त अवतरण दिवस के मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सम्मान समारोह में फारबिसगंज की बेटी दीप शिखा को सामाजिक कार्यो के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर सम्मानित किया गया।पटना के किदवईपुरी कम्युनिटी हॉल में शनिवार संध्या आयोजित कार्यक्रम में पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के नव



निर्वाचित कोषाध्यक्ष सौम्या श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया।फारबिसगंज की बेटी दीप शिखा के सम्मानित होने पर फारबिसगंज के कायस्थ समाज के लोगों ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दीप शिखा को यह सम्मान महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार सिन्हा,सुनील कुमार श्रीवास्तव,अमिताभ कृष्ण,राष्ट्रीय मंत्री अखिलेश्वर कुमार सिन्हा,प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा के हाथों शॉल भेंट और मोमेंटो प्रदान कर किया गया।मौके पर मंचासिन लोगों में रविन्द्र कुमार रतन,प्रदेश महिला अध्यक्ष ऋचा वर्मा,कृष्ण बिहारी,विशाल वर्मा,विजय कुमार श्रीवास्तव,प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद शक्ति आदि मौजूद थे।अररिया जिला के फारबिसगंज की बेटी दीप शिखा के पत्रकारिता और मानवीय सेवा के प्रति रुझान के साथ उनके जज्बे और समर्पण की मौजूद लोगों ने सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। दीप शिखा को मिले सम्मान पर फारबिसगंज की कायस्थ समाज की रेणु वर्मा,डॉ सतीन्द्र कुमार,अनिल सिन्हा,अशोक दास,किशोर दास,माधव लाल कारण,प्रदीप कर्ण,प्रो.दीपक कुमार सिन्हा,अमरेंद्र कुमार सिन्हा, विश्वविद्यालय प्राध्यापक प्रो.डॉ अरविंद वर्मा सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हथियार के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर मंजीत महल के गैंग के एक सदस्य को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश की पहचान दिनेश उर्फ राजेश उर्फ मोगलीके रूप में हुई है। वह जाफरपुर कलां स्थित गांव दरियापुर खुर्द का रहने वाला है। पुलिस ने बदमाश के पास से एक पिस्टल बरामद की है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने रविवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि गैंगस्टरमंजीत महल के गैंग के कुछ लोग गैंगवार की वारदात को अंजाम देने वाले है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने मंजीत महल के गिरोह के सदस्यों पर नजर रखनी शुरू की। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि गिरोह का कुख्यात बदमाश दिनेश नजफगढ़ में आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने आरोपित को दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से एक पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि जब वह 11वीं कक्षा में था तो वह गलत संगत में पड़ गया और मंजीत महल गैंग के गैंगस्टर रविंदर उर्फ भोलू के संपर्क में आया। दिनेश ने व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण अपना गांव छोड़ दिया और रविंदर उर्फ भोलू के साथ मित्रांव गांव में रहने लगा। 2015 के नए साल की पूर्व संध्या पर आरोपित ने रविंदर भोलू के साथ मिलकर अपने प्रतिद्वंद्वी नवीन खाती गैंग के 4 सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में शवों को बहादुरगढ़ के पास इस्सरहेड़ी गांव के सुनसान जंगल में जला दिया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063